CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, बुधवार 11 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 178 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी : अखिलेश पेज 2



पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला लिया वापस खेल टाइम्स



मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका सम्पादकीय



शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अब एआई-जनित सामग्री की देनी होगी स्पष्ट जानकारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि ये प्लेटफॉर्म एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट रूप से लेबल (वाटरमार्क) लगाएं। ऐसी सामग्री में पहचान के लिए संकेत जरूर होने चाहिए। सरकार ने कहा कि एक बार एआई लेबल या मेटा डाटा लगाने के बाद उसे हटाया या दबाया नहीं जा सकता। सरकार ने कहा कि अब मानव निर्मित या कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी को स्पष्ट रूप से पहचान योग्य लेबल के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। इसमें ऑडियो, वीडियो, फोटो या ग्राफिक सहित किसी भी डिजिटल सामग्री को शामिल किया गया है, जिसे कंप्यूटर या किसी संसाधन से बनाया गया, संशोधित किया गया या बदला गया हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी यूजर ऐसी सामग्री का गलत इस्तेमाल न करे। अगर कोई यूजर गैरकानूनी, अश्लील, धोखाधड़ी या बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री बनाए या साझा करे, तो प्लेटफॉर्म्स उसे रोकने के लिए स्वचालित तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

### दिल्ली में एक्यूआई 267 के साथ खराब श्रेणी में पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 267 के साथ 'खराब' श्रेणी में पहुंच गया। राजधानी के कई हिस्सों में मंगलवार सुबह धुंध की एक परत दिखाई दे रही थी, जबकि आनंद विहार, बवाना और नरेला जैसे इलाकों में एक्यूआई 'बहुत खराब' बताया गया, जिससे सेहत को लेकर नई चिंताएं बढ़ गईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के मुताबिक मंगलवार सुबह एक्यूआई सोमवार की 206 से काफी ज्यादा था। सुबह करीब सात बजे, दिल्ली का औसत एक्यूआई 267 था। सबसे ज्यादा प्रभावित जगहों में, आनंद विहार में एक्यूआई 317 दर्ज किया गया, जबकि बवाना में 333 रिकॉर्ड किया गया और यह राजधानी के सबसे वायु प्रदूषित इलाके हैं।

### मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी। उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं।

# हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। वीडियो में मुख्यमंत्री मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने



**■ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम व सीपीआई के नेताओं ने याचिका की दायर**

कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। निजाम पाशा ने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं।

## कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा, यही है असली बीजेपी, सामूहिक हत्यारे

कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं? वीडियो वायरल होने के बाद संगठन के प्रभारी कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इस मुद्दे पर बीजेपी की आलोचना की।

वेणुगोपाल ने एक्स पर कहा कि एक आधिकारिक बीजेपी हैंडल ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अल्पसंख्यकों की टारगेटेड, प्वाइंट-ब्लैंक हत्या दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यह नरसंहार का आह्वान

**■ यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी**

करने के अलावा और कुछ नहीं है। एक ऐसा सपना जिसे यह फासीवादी शासन दशकों से पाले हुए है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 27 जनवरी को कहा था कि राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में 4 से 5 लाख मियां मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि हिमंता बिस्व सरमा और भाजपा सीधे तौर पर मियां समुदाय के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों से मियां समुदाय को परेशान करने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम नहीं छोड़ेंगे। मियां बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अपमानजनक शब्द है। असम सीएम के मुताबिक वे मूल निवासियों के संसाधनों, नौकरियों और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। तिनसुकिया जिले के डिगबोई में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से सरमा ने कहा वोट चोरी का मतलब यह है कि हम कुछ मिया वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं। आदर्श रूप से उन्हें असम में वोट डालने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, बल्कि बांग्लादेश में वोट देना चाहिए।

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया है। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99 है। विपक्ष के लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध दायर इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में लगाए गए आरोपों की जांच होगी। नियमों के अनुसार जांच प्रक्रिया के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्यवाही को लेकर सचिवालय विचार करेगा। सूत्रों के



**नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर, लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99**

**प्रस्ताव पर फैसला होने तक सदन में नहीं आएंगे स्पीकर ओम बिरला, नौ मार्च को चर्चा की संभावना**

अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का यह नोटिस श्री बिरला को पद से हटाने के लिए अनुच्छेद 94(सी) के तहत दिया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वह सदन की कार्यवाही पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि वह सत्ता पक्ष के सदस्यों को पर्याप्त समय सदन में बोलने का देते हैं, जबकि विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने का मौका तक नहीं दिया जाता है और बार-बार और अनावश्यक रूप से उन्हें रोका तथा टोका जाता है। इसमें दो -शेष पृष्ठ दो पर

### अविश्वास प्रस्ताव में हुई बड़ी चूक

#### 2026 की जगह लिखा 2025

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्ष की कोशिश उस समय अटक गई, जब प्रस्ताव के नोटिस में तकनीकी खामियां पाई गईं। नोटिस में वर्ष 2026 की जगह बार-बार 2025 लिखा गया था, जिसे गंभीर प्रक्रियागत चूक माना गया। इसके बाद कांग्रेस को संशोधित नोटिस के साथ प्रस्ताव दोबारा जमा करना पड़ा। प्रक्रियागत नियमों के अनुसार, ऐसे किसी भी प्रस्ताव में सभी जानकारियों का सटीक और तथ्यात्मक रूप से सही होना अनिवार्य होता है। साल की गलती सामने आने के बाद नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया, जिससे विपक्ष को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि हाल ही में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए एक प्रस्ताव को भी तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया था।

# पेंग्विन रैंडम हाउस ने कहा: अभी प्रकाशित नहीं हुई नरवणे की किताब


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में चल रहे जनरल मनोज नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स टॉफ डेस्टिनी' से जुड़े विवाद के बीच पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि उसके पास इस किताब के प्रकाशन अधिकार हैं और उसने अब तक इसे किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं किया है।

प्रकाशक ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल नरवणे का संस्मरण डिजिटल रूप या प्रिंट रूप में न तो जनता के सामने रिलीज़ किया गया है, न बेचा गया है और न ही वितरित किया गया है। पीआरएचआई ने चेतावनी दी कि किताब का प्रिंट या पीडीएफ स्वरूप साझा करना उसके कॉपीराइट का उल्लंघन होगा। प्रकाशक ने कहा कि वह बिना इजाज़त के इस पुस्तक का वितरण करने वालों के खिलाफ़ उचित कानूनी कार्रवाई करेगा। बयान में कहा गया कि अपनी स्थिति साफ करने के लिए स्पष्टीकरण रिकॉर्ड में रखा जा रहा है। यह विवाद पिछले हफ्ते तब शुरू हुआ, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में हिस्सा लेते हुए अपने भाषण के -शेष पृष्ठ दो पर

### किताब पर जनरल नरवणे की पहली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर संसद में गतिरोध जारी है। इसी बीच पूर्व सेना प्रमुख ने विवाद पर विराम लगा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किताब से संबंधित प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया के आधिकारिक बयान को रीपोस्ट किया। इससे पहले प्रकाशन ने कहा था कि कंपनी द्वारा पुस्तक की कोई भी प्रति मुद्रित या डिजिटल रूप में प्रकाशित, वितरित, बेची या किसी अन्य तरीके से जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है।



### मुझे लगता है जनरल नरवणे सही बोल रहे हैं : राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के प्रकाशन को लेकर भ्रम की जो स्थिति सामने आई है उसमें सही वही लगता है जो जनरल नरवणे कह रहे हैं। श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कहते हैं कि किताब छपी है और इसे ऑफलाइन खरीदा जा सकता है जबकि पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन इसके प्रकाशन से इन्कार करता है। दुविधा की इस स्थिति में उन्हें लगा है कि पूर्व सेना प्रमुख सही बोल रहे हैं।

## सम्भल प्रकरण: एएसपी अनुज चौधरी को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की सीजेएम अदालत द्वारा एएसपी अनुज चौधरी समेत पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने तत्कालीन कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी राहत प्रदान की है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने 9 जनवरी को पारित संभल सीजेएम न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता यामीन से दोनों याचिकाओं पर जवाब दाखिल

**■ कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी मिली राहत**

करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई पांच सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत एएसपी अनुज चौधरी सहित 20 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

## असम में फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित, 2.43 लाख नाम कटे

**गुवाहाटी।** चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को असम में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) 2026 के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी।

ईसी के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। अब राज्य में कुल 2,49,58,139 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के बाद लिस्ट में 2,43,485 नाम हटाए गए

**■ राज्य में अब 2.49 करोड़ वोटर्स, असम में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं**

हैं। अब फाइनल लिस्ट में 1,24,82,213 पुरुष, 1,24,75,583 महिलाएं और 343 थर्ड-जेंडर शामिल हैं। स्पेशल रिवीजन की इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 27 दिसम्बर 2025 को पब्लिश हुई थी। इस पर 27 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां करने का समय था। असम की 126 विधानसभा सीटों पर अगले तीन महीनों में चुनाव होने हैं। असमें 22 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2025 तक पूरे राज्य में घर-घर (एच2एच) वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया था। इससे पहले चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की टाइमलाइन में बदलाव करते हुए फाइनल पब्लिकेशन की तारीख 14 फरवरी 2026 तक बढ़ा दी थी।

## मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोगों की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के महावन क्षेत्र स्थित खप्परपुर गांव में मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर से बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान किसान मनीष, उनकी पत्नी सीमा और उनके तीन बच्चों के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, सुबह काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं निकला तो मनीष के भाई सुधीर को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर बेड पर मां और दो बच्चों के शव पड़े थे, एक बेटी का शव चारपाई पर मिला, जबकि मनीष का शव फर्श पर पड़ा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार आशंका है कि मनीष ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर सोते हुए तीनों बच्चों का गला घोंट दिया और अंत में स्वयं करंट लगाकर

**■ प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा : एसएसपी**

आत्महत्या कर ली। मौके पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस को घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। कमरे की दीवार पर एक सुसाइड नोट लिखा मिला है, जिसमें मनीष और सीमा द्वारा अपनी मर्जी से जान देने की बात कही गई है और पुलिस से किसी को परेशान न करने का अनुरोध किया गया है। एक कागज पर भी कथित सुसाइड नोट मिला है। इसके अलावा मनीष के मोबाइल फोन से 48 सेकंड का एक वीडियो बरामद हुआ है, जिसमें उसने आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। हालांकि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस अन्य संभावित पहलुओं जैसे आपसी रंजिश या अन्य कारणों की भी गंभीरता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## यूजीसी नियमों ने उलझाई भाजपा की हिंदू एकजुटता की राजनीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा बीते कुछ समय से हिंदू मतदाताओं को धर्म के आधार पर एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक रहेंगे तो नेक रहेंगे जैसे नारों के जरिये पार्टी जातिगत पहचान से ऊपर उठकर हिंदू वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास

**■ नए नियमों ने रणनीति को झटका दिया, उप्र की राजनीति में नई असहजता पैदा कर दी**

कर रही थी। हालांकि, केंद्र सरकार के अधीन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 2026 में जारी नए नियमों ने इस रणनीति को झटका दिया है और प्रदेश की राजनीति में नई असहजता पैदा कर



दी है। यूजीसी के नए नियमों में उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष सुरक्षा प्रावधान किए गए। लेकिन इन नियमों में फर्जी शिकायतों पर दंड का स्पष्ट प्रावधान न होने से सामान्य वर्ग, खासकर अगड़े समाज में नाराजगी देखने को मिली। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि इन नियमों पर अंतरिम रोक लगा दी है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि तब तक नुकसान हो चुका है। नियमों को लेकर पैदा हुए असंतोष ने एक बार फिर हिंदू समाज के भीतर जातिगत विभाजन को उजागर कर दिया है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में भाजपा की चुनावी मजबूती ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ और भूमिहार जैसे वर्गों पर टिकी रही है। इन्हें पार्टी का कोर वोटर माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश की हवाई पट्टियों पर निगरानी मजबूत करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने देश की विभिन्न हवाई पट्टियों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती हवाई पट्टी पर हुए विमान हादसे में मौत के मद्देनजर मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम महत्वपूर्ण है। नायडू ने यहां मंगलवार को नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा, नागर विमानन महानिदेशालय में महा. निदेशक फैज अहमद किदवई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार और मंत्रालय तथा डीजीसीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में यह निर्देश दिया।

### सेशेल्स के राष्ट्रपति का आगरा दौरा रद्द

**आगरा।** सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डा. पैट्रिक हर्मिनी का मंगलवार को प्रस्तावित आगरा दौरा रद्द हो गया है। पुरातत्व विभाग के अनुसार राष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ ताजमहल का दीदार करने आगरा आने वाले थे, लेकिन आगमन से ठीक पहले कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं।

### पप्पू को बेल, लेकिन जेल में ही रहेंगे

**पटना।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने 31 साल पुराने मामले में जमानत दे दी है, लेकिन वे फिलहाल जेल में ही रहेंगे। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना और बुद्धा कॉलोनी थाने से जुड़े मामलों में पप्पू यादव को अभी जमानत नहीं मिली है। इन मामलों में बुधवार को सुनवाई होगी। तब तक पप्पू यादव पटना के बेऊर जेल में ही रहेंगे।

# यूपी में दिव्यांग पेंशन तीन गुना बढ़ी

## पात्र लाभार्थियों को मिलेगा सीधे लाभ: नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधान परिषद में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विभाग की सभी योजनाएं टॉनलाइन, पारदर्शी और दलाल-मुक्त व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभ मिल रहा है। नरेंद्र कश्यप ने सदन को बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्ष 2011 में चयनित जेटीसी ग्रेड शिक्षकों में से एलटी ग्रेड के 9 रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु 16 जुलाई 2025 को तथा एलटी ग्रेड से प्रवक्ता के 28 पदों के लिए 12 दिसम्बर 2022 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अध्याचन भेजा जा चुका है, जिस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना अनिवार्य है। यदि भविष्य में इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कश्यप ने बताया कि भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा रहे हैं। आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, 153 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन तथा 321 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का लाभ दिया गया है। 31 दिसम्बर 2025 तक कोई भी पात्र लाभार्थी लंबित नहीं है। वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले दिव्यांगजन एकीकृत सामाजिक पेंशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# देश में रहना है, तो कानून का पालन करना सीखें: योगी

**बाराबंकी, वार्ता**



■ बाबरी ढांचा फिर से नहीं बनेगा, कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कयामत की कामना करने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि न तो कोई कयामत आने वाली है और न ही बाबरी ढांचे का निर्माण फिर कभी होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में रहना है, तो कायदे से रहना सीखना होगा, क्योंकि कानून का पालन करने वाला ही लाभ में रहता है और कानून तोड़ने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री मंगलवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रुकने वाली नहीं है। यह सरकार जितना बोलती है, उतना ही करती है और उतना ही बोलती है जितना करने का संकल्प लेती है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वह दिन आने वाला नहीं है। बाबरी मस्जिद अब कभी नहीं बनेगी और सरकार अपनी विरासत को निरंतर सशक्त करती रहेगी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में गौरवपूर्ण क्षण आया। कई सरकारें आईं और गईं, अनेक राजा-महाराजा हुए, लेकिन राम मंदिर का निर्माण नहीं हो सका। आज यह कार्य संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा, ष्राम सबके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग अवसरवादी रवैया अपनाते हुए संकट के समय राम को याद करते हैं और शेष समय उन्हें भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को अब आत्मचितन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कयामत की प्रतीक्षा करने के बजाय हिदुस्तान में कानून का पालन करना सीखें। कानून मानेंगे तो लाभ में रहेंगे, अन्यथा कानून तोड़ने वालों का भविष्य अंधकारमय होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतवासी का ध्येय 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' होना चाहिए। देश वैभवशाली और विकसित बने, यही सरकार का लक्ष्य है।

### प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया है, जिनका जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा। फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हुआ। वे दूसरी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। योगी ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार स्वभाव के और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे।

## खड़गे ने केंद्र पर संप्रभुता, किसानों एवं उद्योग से विश्वासघात का लगाया आरोप

# किसानों की पीठ में घोपा गया छुरा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जीएम पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ किसानों और पशु धन को नुकसान होगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के साथ हुए समझौते को 'ट्रैप डील' करार दिया और कहा कि इस समझौते की सच्चाई अब धीरे-धीरे सामने आ रही है और यह भारत के रणनीतिक, आर्थिक और कृषि हितों के खिलाफ है।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए आरोप लगाया कि रूसी तेल को लेकर भारत की रणनीतिक मामलों से समझौता किया गया है। उन्होंने इसे देश की संप्रभुता पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि किसानों के 'पीठ में छुरा' घोंपा गया है। पहली बार भारतीय कृषि को विदेशी उत्पादों के लिए पूरी तरह खोला गया है। व्हाइट हाउस के नए दस्तावेज में चुपचाप 'दालों' को शामिल किया गया, जो पहले संयुक्त बयान का हिस्सा नहीं थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने डेयरी क्षेत्र को लेकर भी चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिकी आनुवंशिक रूप से परिवर्तित (जीएम) पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ दुग्ध किसानों और देशी पशुधन को नुकसान होगा। उन्होंने परिधान उद्योग पर असर का जिक्र करते हुए कहा कि जहां भारत पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क थोपा गया, वहीं बंगलादेश को शून्य शुल्क का लाभ दिया गया। खड़गे ने सवाल किया कि यह जीत है या फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झूठी लोकप्रियता में लिपटी देशहित की कुर्बानी।

### भाजपा सांसद के 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर भड़के तृणमूल सदस्य

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के कोल. काता बंदरगाह के एक हिस्से पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए उसे 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और सदन के बीचों-बीच आकर नारेबाजी की। प्रश्नकाल शुरू होते ही भट्टाचार्य ने बालागढ़ लॉजिस्टिक्स परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए अंग्रेजी में अपना पूरक प्रश्न पूछा। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के बंगला भाषा में इसका जवाब देते हुए कहा कि यह परियोजना 900 एकड़ में होगी जिसमें कोलकाता के मौजूदा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह की 300 एकड़ जमीन भी शामिल है।

### विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि खेती से जुड़ी हर चीज़ विदेश से आएगी तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने कहा कि जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुज़ुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा। आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने देश के अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है।

# भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों के अनुपालन को लेकर सरकार प्रतिबद्ध: केशव मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को विधान परिषद में 2026-27 के बजट सत्र के दौरान स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार सरकारी सेवाओं में आरक्षण संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प पर पूरी तरह दृढ़ है। उन्होंने कहा कि आरक्षण नीति को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं है और सभी भर्तियां नियमों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से की जाएंगी।

उप मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि प्रदेश में सरकारी सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुस. ूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी एक वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है, बल्कि आरक्षित वर्ग का कोई भी पात्र अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में भी चयनित हो सकता है। केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा 30 दिसम्बर 2025 को शासनादेश जारी किया जा चुका है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 84273.92
निफ्टी 25935.15



सोना 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 257567
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन रही तेजी

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200 अंक से अधिक के बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 84,273.92 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 67.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत ऊपर 25,935.15 अंक पर रहा। यह दोनों का 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है।

चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत चढ़ गया। टॉटो, मीडिया, धातु, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा जबकि फार्मा, स्वास्थ्य, रसायन और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील में भी करीब तीन फीसदी की तेज रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एलएंडटी, टीसीएस, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# चांदी और सोने की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। सोना 1,525 गिरकर 1,57,550 पर आ गया, चांदी भी 3,129 सस्ती होकर 2,57,567 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है। मंगलवार को खरीदारों और निवेशकों के लिए अच्छी खबर आई।

चांदी 4.20 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 1.63 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई है। वहीं सोना 1.94 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 37,000 रुपये से ज्यादा नीचे जा चुका है। अगर कोई भारतीय नागरिक एक साल से ज्यादा समय विदेश में रहा है, तो वह सीमित मात्रा में सोने के गहने बिना ड्यूटी भारत ला सकता है। पुरुषों के लिए यह सीमा 20 ग्राम और महिलाओं के लिए 40 ग्राम है। यानी पुरुष यात्री 20 ग्राम और महिला यात्री 40 ग्राम तक के सोने के गहने बिना किसी टैक्स यानी ड्यूटी फ्री ला सकते हैं। रीवा के सर्राफा व्यापारी लखनलाल खंडेलवाल कहते हैं कि सिर्फ विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि भारत में शादियां हो या कोई त्योहार हो, एक दूसरे को उपहार दिया ही जाता है। ऐसे मौके पर कई लोग सोना-चांदी जैसे मूल्यवान धातुएं तोहफे में देते हैं, लेकिन इन मेटल्स की कीमत बढ़ने के कारण अब लोग सोना चांदी खरीदने का प्लान कैंसिल करके दूसरे ऑप्शन (हीरा, प्लैटिनम, आभूषणों के अलावा अन्य उपहार) की तलाश कर रहे हैं। सोने चांदी की कीमतें बढ़ने के पीछे भू राजनीतिक तनाव का बढ़ना, फेड रेट कट की बढ़ती उम्मीद और मार्केट में बढ़ रही अनिश्चितताओं की स्थिति है। सोने के दाम बढ़ने के कारण मध्य और गरीब परिवारों के लिए सोना खरी. दना महंगा हो गया है।

# चावल, चीनी, खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के भाव गत दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा चार रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की औसत कीमत 42 रुपये और उड़द दाल की 20 रुपये बढ़ गई। मसूर दाल 12 रुपये और मूंग दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम टॉयल का अप्रैल वायदा 63 रिंगिट टूटकर 4,097 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.49 प्रतिशत फिसलकर 56.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में वनस्पति की औसत कीमत 60 रुपये और मूंगफली तेल की 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम टॉयल 13 रुपये और सोया तेल 10 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल छह रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे, जबकि चीनी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**लोकसभा अध्यक्ष...**

फरवरी और तीन फरवरी का विवरण दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। विपक्ष के नोटिस में श्री बिरला के उस बयान को भी दिया गया है, जिसमें उन्होंने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नहीं आने का कारण बताया है। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल का है, जबकि दूसरे स्थान पर द्रमुक के टीआर बालू का और फिर समाजवादी पार्टी के धमेंद्र यादव का है। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिक आधार पर फैसला किया है कि वह अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे तक सदन में नहीं जाएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उनका यह कदम कांग्रेस की ओर से मंगलवार से उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बाद आया। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन के सचिव को निर्देश दिया कि वह उनके खिलाफ अविश्वास नोटिस की समीक्षा करें और उपयुक्त कार्रवाई करें। वहीं, भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि (लोकसभा में विपक्ष के नेता) राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। पात्रा ने कांग्रेस पर तमिलनाडु के जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना का आरोप भी लगाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि मंगलवार को दोपहर 1:14 बजे उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। सूत्रों के अनुसार, कुल 118 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने कहा कि विपक्ष के सां. सदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी।

**पेंग्विन रैंडम...**

दौरान संस्मरण के कुछ हिस्सों का जिक्र किया, जिसे उन्होंने 'प्रिंट से पहले का' स्वरूप बताया। उनकी बातों का सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया, जिससे सदन में बार-बार रुकावट आई। इस मुद्दे पर कई बार रोक लगने के बावजूद, लोकसभा ने आखिरकार विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ध्वनि मत से धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज़ फोरम पर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की कथित प्रिंट-पूर्व संस्करण की मौजूदगी के बारे में चल रहे दावों पर ध्यान दिया है। विशेष सेल ने एक मामला दर्ज किया है, ताकि 'मंजूरी मिलने से पहले प्रकाशन के कथित वितरण' की जांच की जा सके। पुलिस अधिका. रियों ने पुष्टि की कि इन दावों की असलियत जांच करने और कथित वितरण के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में 17.6 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों और अच्छी फसल के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 17.61 प्रतिशत बढ़कर 27,22,558 इकाई पर पहुंच गई। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में दुपहिया की बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 20.82 फीसदी बढ़कर 18,52,870 इकाई पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 5,13,475 इकाई रही, जो 7.22 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 15.07 प्रतिशत और तिपहिया की 18.80 प्रतिशत बढ़ी। देश में जनवरी में कुल 1,07,486 वाणिज्यिक वाहन और 1,27,134 तिपहिया वाहन बिके। ट्रैक्टरों की बिक्री 22.89 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,14,759 इकाई पर पहुंच गई। निर्माण उपकरणों की बिक्री में 21.09 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 6,834 इकाई दर्ज की गई। बिक्री बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान दुपहिया वाहनों का रहा। दुपहिया वाहनों की 56 प्रतिशत बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों में और 44 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में हुई।

# जानबूझकर अस्थिरता व भ्रम का माहौला बना रहा विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी के प्र्वक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को विशेष गहन पुनीरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वह संसद और संवैधानिक संस्थानों को लेकर देश में जानबूझकर अस्थिरता और भ्रम का माहौल बना रही है।

पात्रा ने मंगलवार को यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला आज का नहीं है, बल्कि जब से भाजपा-राजग की सरकार बनी है, तब से राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जॉर्ज सोरोस के इशारों पर उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक संस्थानों पर लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस और अब ममता बनर्जी एसआईआर को फर्जी बताकर भाजपा एवं भारतीय लो. कतंत्र के खिलाफ एक खास नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह प्रचार कर रहा है कि एसआईआर चुनावी सूची की शुचिंता के लिए नहीं, बल्कि भाजपा के राजनी. तिक लाभ के लिए है और यह पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी है। पात्रा ने कहा कि बीते सप्ताह सुश्री ममता ने उच्चतम न्यायालय में दावा किया था कि एसआईआर के माध्यम से पश्चिम बंगाल में अत्याचार हो रहा है और इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया कि एसआईआर को रोका नहीं जाएगा, जिसे उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार के लिए करारा झटका बताया। उन्होंने कहा कि शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय लो. कतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को और मजबूत करता है।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की ईपीएफ राशि खातों में जमा कराने की उठी मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 115 के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से की जा रही ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) कटौती की राशि कर्मचारियों के खातों में अनिवार्य रूप से जमा कराए जाने की मांग उठाई। उन्होंने इस विषय को लोक महत्व का बताते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि राज्य में आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग सेवा निगम बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी पूरे प्रदेश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण आम बात थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक पहल की है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ की कटौती तो नियमित रूप से की जा रही है, लेकिन संबंधित धनराशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही है। इस स्थिति से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे लगातार संबंधित विभागाध्यक्षों से शिकायत कर रहे हैं।

# सील होने के बाद ऑपरेशन की तैयारी करने वाले अस्पाल का मैन गेट भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश मे सील किए गए फर्जी अस्पताल मे मरीजों को भर्ती करके ऑपरेशन किए जाने की तैयारी के मामले मे स्थानीय समाचार पत्रों मे खबरें प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्यवाही की है। सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक शिल्पी चौधरी के नेतृत्व मे टीम एजेएस हैल्थ केयर अस्पताल पर पहुंची और अस्पताल मे सील के बावजूद भी दूसरे गेट से एंट्री होता देख उक्त गेट पर भी सील लगाते हुए अस्पताल स्वामी को सख्त चेतावनी दी है।

बता दें कि बीती 16 को उक्त अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी की थी,इस दौरान अस्पताल स्वामी द्वारा रजिस्ट्रेशन से संबंधी कोई दस्तावेज न दिखाने व अन्य खामियों के चलते उक्त एजेएस हैल्थ केयर अस्पताल को सील कर दिया गया था,लेकिन सूत्रों के अनुसार अस्पताल पर सील के बाद भी लगातार मरीजों को भर्ती करके उनका ऑपरेशन किया जा रहा था,लेकिन मामले ने तूल तब पकड़ लिया जब बीते शनिवार की रात्रि उक्त अस्पताल मे मरीजों को आपरेशन के लिए भर्ती कर रखा था और सूचना मिलने पर स्थानीय पत्रकार मौके पर पहुंच गए,इस दौरान मौके पर मौजूद अस्पताल स्वामी ने अस्पताल को सील के बावजूद संचालन किए जाने के मामले मे स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए थे,जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मामले का संज्ञान लेते हुए उक्त अस्पताल के विरुद्ध कार्यवाही की है,मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को सील के बावजूद भी उक्त अस्पताल मे लोग मौजूद मिले। वहीं खबर है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा




उक्त अस्पताल के प्रकरण मे संबंधित उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है हो सकता है कि आगे उक्त अस्पताल के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही देखने को मिले।

# एकता एकेडमी में खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन



**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को एकता एकेडमी, रामनगर (खागूवाला) के प्रांगण में आयोजित बैडमिंटन, स्पून गेम एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह और स्वस्थ स्पर्धा का माहौल बनाया। प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही, जहां छात्र-छात्रा खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में मुब्बशिर ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि माहिरा ने स्पून गेम में अपने शानदार प्रदर्शन से विजयी रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सत्यम् कुमार और आशु कुमार की टीमों ने जोरदार प्रतिस्पर्धा प्रस्तुत की। सत्यम् कुमार की टीम ने पांच मैचों में तीन मैच जीतकर विजयश्री प्राप्त की। प्रतियोगिता एकता एकेडमी की प्रधानाचार्य मान्या चौधरी उर्फ नैना तथा शिक्षिका पायल देवी के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने की बात कही।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि जागृत करना, टीम भावना और अनुशासन का विकास करना था, जिसमें एकेडमी पूर्णतः सफल रही। प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी विजेताओं छात्र-छात्राओं को आज (बुधवार) को समारोह पूर्वक सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में एकेडमी के प्रबंधक सतीश चौधरी, शिक्षिका रिकी चौधरी और एकता चौधरी सहित छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# बोल बम के जयघोष के साथ रवाना हुए जत्थे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** महाशिवरात्रि पर्व नजदीक आते ही शिवभक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर के अलग-अलग इलाकों से कांवड़ियों के जत्थे पवित्र शिवधामों की ओर रवाना हो रहे हैं।नगर व गांव से कांवड़ियों का एक बड़ा जत्था "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयकारों के साथ रवाना हो रहे है। कांवड़िए गंगाजल से भरी कांवड़ लेकर कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करेंगे और महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

## सातवीं का छात्र हुआ लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र से सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय छात्र के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। बच्चे के अचानक गायब होने से परिजनों में चिंता और बेचैनी का माहौल है।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तलाश अभियान तेज कर दिया है। थाना क्षेत्र के नया गांव सिरसा इनायतपुर निवासी हीरालाल ने थाना कटघर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा अंकित, जो कक्षा सात का छात्र है, 6 जनवरी की रात करीब आठ बजे घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले अपने स्तर से आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन अंकित का कोई सुराग नहीं मिल सका।बेटे के लापता होने से परिवार बेहद परेशान है। पिता का कहना है कि अंकित के अचानक गायब हो जाने से पूरा परिवार सदमे में है।

# थाना कुन्दरकी का डीआईजी मुनिराज ने किया का वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** पुलिस उप-महा. निरीक्षक (डीआईजी) परिक्षेत्र मुरादाबाद ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ कुन्दरकी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कार्यालय व परिसर की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने मिशन शक्ति केन्द्र, भोजनालय, बैरिक, मालखाना, महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, थाने की राजकीय सम्पत्ति तथा





अभिलेखों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के समय अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और थाने की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही डीआईजी ने ग्राम प्रहरियों से संवाद किया और उन्हें शॉल, टॉर्च सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, जनसमस्याओं के निस्तारण तथा महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## नगर निगम की सख्ती से टाउनहॉल इलाके में नहीं लगा मंगल बाजार

**मुरादाबाद।** नगर निगम की सख्ती का असर मंगलवार को टाउनहॉल बाजार क्षेत्र में साफ नजर आया। हर सप्ताह लगने वाले साप्ताहिक मंगल बाजार को इस बार अनुमति नहीं दी गई, जिसके चलते दिनभर यातायात सुचारु बना रहा और लोगों को जाम से राहत मिली। आमतौर पर भीड़ और अतिक्रमण से जूझने वाला यह इलाका मंगलवार को खुला और व्यवस्थित दिखाई दिया।मंगल बाजार लगने के दौरान सड़क और फुटपाथ पर अस्थायी दुकानों की कतारें लग जाती थीं, जिससे पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी होती थी। मंगलवार को बाजार न लगने से सड़कें खाली रहीं और ट्रैफिक सामान्य गति से चलता रहा। स्थानीय नागरिकों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यदि साप्ताहिक बाजारों के लिए वैकल्पिक स्थान तय किए जाएं तो स्थायी समाधान संभव है।इसी क्रम में नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित अंबेडकर मार्किट में भी रौनक लौट आई है। नगर निगम द्वारा दुकानों का किराया 400 रुपये प्रति वर्गफीट तय किए जाने के बाद व्यापारियों ने दुकानें खोलनी शुरू कर दी हैं। किराया तय न होने के कारण कुछ दिनों से बाजार में सन्नाटा पसरा था, जो अब खत्म होता नजर आ रहा है।

# ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा का प्रदर्शन यूजीसी विनियम 2026 के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूजीसी विनियम 2026 के समर्थन एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए स्टे को हटवाने की मांग को लेकर ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले दलित, पिछड़ा और आदिवासी समाज के लोगों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उच्च शिक्षण संस्थानों में व्याप्त भेदभाव, असमानता और उत्पीड़न को समाप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित यूजीसी विनियम 2026 सामाजिक न्याय एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप एक ऐतिहासिक पहल है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के स्थगन के कारण इसके उद्देश्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इससे एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग में गहरा रोष व्याप्त है।ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी




विनियम 2026 पर लगाए गए स्टे को हटवाने के लिए प्रभावी संवैधानिक एवं विधिक प्रयास किए जाएं।

साथ ही समता समिति की संरचना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। इसमें एससी वर्ग से 2 सदस्य, एसटी से 1 सदस्य, ओबीसी से 4 सदस्य (2 पुरुष व 2 महिला), दिव्यांग वर्ग से 1 सदस्य, सामान्य वर्ग से 1 सदस्य एवं अल्पसंख्यक वर्ग से 1 सदस्य को अनिवार्य रूप से शामिल करने की मांग की गई।प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी बिल के समर्थन में एससी, एसटी और ओबीसी समाज एकजुट है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग सामाजिक एकता की बात करते हैं, वही आज इस बिल का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी 2027 के चुनाव में इसका जवाब दिया जाएगा।

# माता सीता का आदर्श जीवन अनुकरणीय है: रमेश आर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर जगत् जननी माता सीता की जयंती के रुप में सीताष्टमी का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य पूनम शास्त्री ने शन्नो गुप्ता एवं मीरा सोती की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात प्रीता आर्य और गायत्री आर्य ने माता सीता के आदर्शो से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ कवियत्री और साहित्य सृजन की पुरोधा डा प्रेमवती उपाध्यक्ष आमंत्रित की गयी। माता सीता के आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए आर्य समाज के मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि माता सीता एक महान विद्वान राजा की पुत्री थी जिनके दरबार में विश्व के महान ऋषि याज्ञवल्क्य और महान विदुषी गार्गी के नित -नूतन शब्दों पर शास्त्रार्थ होते थे जो नवीन ज्ञान के सृजनात्मक करते थे। महान ऋषि




व्यास जी ने भी अपने पुत्र शुक्राचार्य को उनकी शंका समाधान के लिये पाताल लोक से राजा जनक के दरबार में भेजा था। ऐसे महान विद्वान राजा जनक की पुत्री माता सीता के आदर्श जीवन का हर पग अनुकरणीय है। आज जिस प्रकार मायके और ससुराल के बीच दूरियां बढ़ रही है और संयुक्त परिवारों का विघटन हो रहा है वहीं माता सीता ने दोनों परिवारों में कभी उतार चढ़ाव न की परिस्थितियां उत्पन्न नहीं होने दी। माता सीता अपने पिता और परिवार के संस्कारो से ओतप्रोत रही। आज की बहिन और महिलाओं को इस स्तर पर माता सीता का आदर्श जीवन अपनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर डा प्रेमवती उपाध्यक्ष, आशा जैमिनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आयोजन में शन्नो गुप्ता, मीरा सोती, प्रभा नारंग, पूनम कत्याल कमलेश गोयल, रक्षा गोयल, ऊषा गुप्ता, नीरु, ज्योति,वसुधा रस्तोगी, चंद्रकांता देवी,बीना अग्रवाल,आशा गुप्ता संगीता मित्रा,पूनम रस्तोगी, खुशबू आर्य यशोदा आर्य, मथुरा प्रसाद आर्य प्रज्ञाशु आर्य, वीरेंद्र आर्य, यशपाल आर्य अर्जुन आर्य आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### मॉडल देहात सेंटर का शुभारंभ



**स्योहरा।** अवध शुगर मिल परिसर में किसानों की सुविधा और उन्नत खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मॉडल देहात सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में अवध शुगर मिल की ओर से डॉ. प्रमोद, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. रजनीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं देहात कंपनी की ओर से सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राकेश कुमार, मॉडल देहात सेंटर के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट तारिश कुमार, रीजनल बिजनेस मैनेजर आनंद कुमार पाठक, उत्तर प्रदेश ग्रोथ मैनेजर आशीष झा, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट मैनेजर डॉ. देवेंद्र शर्मा, मौहम्मद आजम और अभिषेक भास्कर की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बताया गया कि मॉडल देहात सेंटर के माध्यम से किसानों को बीज से लेकर बाजार तक की संपूर्ण सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। इनमें मिट्टी की जांच, उन्नत बीज व कृषि इनपुट, फसल बीमा, कृषि विशेषज्ञों की सलाह, पशुपालन, आधुनिक कृषि मशीनरी, ड्रोन तकनीक तथा किसानों की उपज के लिए सही बाजार से जुड़ाव जैसी सेवाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में शकील अहमद, फरीद अहमद, दिलशाद, हाजी जुल्फिकार अहमद, शब्बू, बब्बू चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौजूद किसानों ने इस गन्ना सुविधा केंद्र को क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी और लाभकारी बताते हुए देहात कंपनी और अवध शुगर मिल की इस संयुक्त पहल की खुलकर सराहना की।

### कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ




**स्योहारा।** सीएचसी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया। कार्यक्रम में एम.क्यू. इंटर कॉलेज की एनसीसी बटालियन के कप्तान मौहम्मद यूनुस सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। डॉ. स्नेही ने बच्चों को स्वयं दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत कराई। डॉ. स्नेही ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा बनता है। इसलिए इसकी रोकथाम सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह अभियान एनीमिया और कुपोषण जैसी बीमारियों की रोकथाम में सहायक होगा। एल्बेंडाजोल की दवा सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली, 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली तथा 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली चबाकर खिलाई जाएगी। दवा हमेशा स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में दी जाएगी। इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा अभिभावकों को स्वच्छता, साफ पानी के उपयोग और हाथ धोने जैसी आदतों के प्रति भी जागरूक किया गया। डॉ. स्नेही ने बताया कि जो बच्चे दवा लेने से वंचित रह जाएंगे। उनके लिए 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड चलाया जाएग॥ कार्यक्रम में हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, फार्मासिस्ट प्रदीप रावत, जितेंद्र रावत, एआरओ आलोक कुमार, डॉ. श्वेता, डॉ. राकेश कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, बीसीपीएम राजेश कुमार, डीईओ राशि अनम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

**नहटौर।** नहटौर डिग्री पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय शिविर को 'सड़क सुरक्षा दिवस' के रूप में मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कोतवाली मार्ग पर छात्राओं ने राहगीरों को रोककर सुरक्षित सफर के गुर सिखाए। स्वयंसेविकाओं ने दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, ओवरटेकिंग से बचें और निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, सड़क पार करते समय दाएं-बाएं सावधानी से देखें और हमेशा अपनी साइड (बाएं) चलें। छात्राओं ने 'दुर्घटना से देर भली' का संदेश देते हुए बताया कि थोड़ी सी सावधानी अनमोल जीवन को बचा सकती है। इस अवसर पर कु.शीतल, मानसी, इकरा, सबा, तसमिया, शीबा, अंजली, हिमांशी, पायल, मनीषा, काजल, राशि, निशा, रफत, मरियम, रोजी, सानिया, तानिया, राधिका, सलानी, गुडिया, आकांक्षा, अनुष्का, मुस्कान, तनु, नेहा आदि छात्राएं मौजूद रहीं।

### बंद मकान में चोरी का प्रयास

**नहटौर।** गांव सलारपुर सफ्फकतपुर निवासी आबिद का घर रात में बंद था। वह कुछ दिन पूर्व मकान बंद करके परिवार सहित बाहर गया हुआ है। बीती रात अज्ञात चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर एक बराबर के बंद मकान से होते हुए दीवार फांदकर आबिद के घर के भीतर दाखिल हो गए और घर में एक दरवाजे को तोड़ने लगे। आहट सुनकर घर के पास पड़ोसियों की आंख खुल गई। शोर मचता देख चोर घबरा गए और बिना किसी चोरी के वहां से रफूचक्कर हो गए। सुबह जब घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो उसमें दो संदिग्ध युवक साफ दिखाई दे रहे हैं। घर से कुछ दूरी पर ही एक कंबल भी पड़ा हुआ मिला है। हल्का दरोगा सोनू निगम का कहना है कि अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर जांच कराई जाएंगी।

### बाइक सवार दो कांवड़ती घायल





**रेहड़।** आज दोपहर 18 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र मुकेश कुमार व उसका साथी 22 विजय कुमार पुत्र अमरपाल सिंह निवासीगण मौहल्ला रम्पुरा वार्ड-24, थाना व नगर रुद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर बाइक द्वारा हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय बस स्टैंड के पास पेट्रोल पंप के सामने एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में कावंड़ियों की बाइक अफजलगढ़ की ओर से आ रही स्विफ्ट कार से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों कांवड़ती घायल हो गए और कार व बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गईं। कार चालक प्रद्युम्न पुत्र मित्रपाल निवासी धनौरा मंडी, जनपद अमरोहा ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ कार द्वारा पानीपत से काशीपुर स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। सूचना पर थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायल कांवड़ियों को सीएचसी अफजलगढ़ भिजवाया।

### युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर।** बीती 25 जनवरी को वादी ने थाने में तहरीर देकर आरोप था कि ग्राम सब्दुलपुर निवासी अदनान पुत्र शमशाद उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान पीड़िता को बरामद करते हुए उसके बयानों और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो जैसी गंभीर धाराएं जोड़ी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# थाने में भिड़े किन्नर, दो गुटों में मारपीट

## पुलिस ने एक गुट की तरफ से की रिपोर्ट दर्ज, 14 का चालान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब इलाके के विवाद को लेकर फैसले को पहुंचे किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और थाना परिसर किन्नरों की लड़ाई का अखाड़ा बन गया। दोनों तरफ से जमकर लात घूंसे चले। पुलिस ने दोनों गुटों को अलग कराया और एक गुट की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने 14 किन्नरों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

जानकारी के मुताबिक किन्नरों के दो गुटों में काफी समय से इलाके को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के निपटारे के लिए दोनों पक्ष सोमवार को करीब 12 बजे शहर कोतवाली पहुंचे थे। बताया जाता है कि किन्नर गुरू रानी पक्ष शहर कोतवाली में पहले से मौजूद था। इसके बाद नैना व शबनम का गुट कोतवाली पहुंचा तो दोनों में एक-दूसरे को लेकर तनातनी हो गई। देखते ही देखते ही दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में कानून व्यवस्था भंग न करने की हिदायत दी है।

शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि रानी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नैना, शबनम, आचल व मुस्कान सहित 14 आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, दोनों गुटों के बीच इलाके में बधाई और वसूली को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। कई बार समझौते की कोशिश की गई, लेकिन विवाद शांत नहीं हो सका। पिछले माह दोनों गुटों ने मीडिया की बीच आकर एक-दूसरे पर अपने इलाके में आकर बधाई मांगने का आरोप लगाया था।

# डीएम के निर्देश पर कटे बाग की जांच

## पर्यावरण सुरक्षा समिति की शिकायत को गंभीरता से लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** पर्यावरण सुरक्षा समिति द्वारा दिए गए ज्ञापन को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। इसी क्रम में नायब तहसीलदार फैसल कमर के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बे के हरे भरे आम के बागों को काटने का सिलसिला तेजी से जारी हैं। डीएफओ से लेकर उद्यान अधिकारी तक आम के फलदार बागों के दुश्मन बन गए है। वह भूमाफियाओं और कॉलोनाइजरों के हाथों की कठपुतली बन कर अवैध रूप से परमिट जारी कर आम के बागों को रातों रात कटवा रहे हैं । बीती रात अधिकारियों की साठगांठ से यहां गैस एजेंसी के पीछे खड़े हरे भरे आम के बाग को कटवा दिया गया, जिससे जनता हतप्रभ हैं और पर्यावरण चिंतक परेशान हैं। मंडावर फलों के राजा आम की पैदावार के लिए प्रसिद्ध है। यहां से उत्पादित आम की मिठास देश-विदेश तक पहुंचती है। कस्बे के चारों तरफ आम के हरे भरे बाग हैं। एक बाग 20 साल की कड़ी मेहनत मशक्कत और देखभाल के बाद तैयार किया जाता है। किन्तु पिछले कई सालों से लगातार भू-माफिया, कॉलोनाईजर डीएफओ, एसडीओ, रेंजर, वन दरोगा से लेकर उद्यान अधिकारी तक हरे-भरे आम के बागों को कटवाने में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

बीती रात गैस एजेन्सी के पीछे खड़े हरे भरे आम के बाग पर भूमाफियाओं ने आरे चलवा दिए। पूरे बाग को रातो-रात काट कर समाप्त कर दिया गया। पर्यावरण चिन्तक सुनीलपाल मनोहारिया ने अपने संगठन राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा संघर्ष समिति के लैटर हेड पर इसकी शिकायत जिलाधिकारी जसजीत कौर से की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर शीघ्र आम के बागों को काटने से नहीं रोका गया, तो वह जिला मुख्यालय पर अनशन शुरू करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। आज जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार फैसल कमर, कानूनगो अर्जुन कुमार, लेखपाल प्रमोद कुमार, मुकेश पाल आदि द्वारा काटे गए हरे भरे आम के बाग पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई। इस दौरान माफिया आसपास मंडराते रहे। चर्चा है कि माफियाओं ने समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित न होने देने के लिए लाखों रुपए मंडावर से लेकर बिजनौर तक बांटे है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों का भी मोटा फीलगुड कराया गया है।

# गादला कुटी आश्रम पर शिव पुराण कथा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** गादला स्थित प्राचीन कुटी आश्रम पर नौ दिवसीय शिवपुराण कथा का शुभारंभ हो गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस मौके पर आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पीपल वाले शिव मंदिर पर आचार्य आकाश कृष्ण शास्त्री ने वरुण देवता और महादेव का पूजन किया। गादला कुटी आश्रम के महंत शंभूदास महाराज ने फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। 151 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया। यजमान राजेंद्र विश्नोई ने पत्नी कुसुम देवी के साथ अपने सिर पर शिवपुराण रखकर कलश यात्रा के साथ भ्रमण किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। आचार्य आकाश कृष्ण शास्त्री द्वारा नौ दिवसीय शिव पुराण कथा प्रारम्भ की गई। दीपा दृष्टि फेडरेशन के अध्यक्ष शुभम कुमार वर्मा ने बताया कि उनके संस्था द्वारा आश्रम पर शिव पुराण कथा का आयोजन कराया जा रहा है। कथा समापन पर उनकी संस्था द्वारा 19 फरवरी को पांच गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह भी कराया जाएगा। इस मौके पर शुभम कुमार वर्मा, राजेंद्र विश्नोई, सुरेंद्र कौशिक, डॉ. जयप्रकाश सिंह, राजू शर्मा, हर्ष दूबे, अनुज कुमार, विनीत दूबे, हिमांशु तोमर आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### गुलदार से सावधान फ्लैक्सी लगाई

**अफजलगढ़।** भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर वन विभाग द्वारा गुलदार से सावधान रहने हेतु फ्लैक्सी लगाई गई। वानिकी विभाग नगीना क्षेत्र के बीट इंचार्ज मौहम्मद अब्बास ने बताया कि भूतपुरी-सुआवाला-जसपुर मार्ग गुलदार बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण इस मार्ग पर कांवरियों की सुरक्षा के दृष्टिगत फ्लैक्सी लगाकर गुलदारों से सावधान किया गया है।

### समय पर इलाज न मिलने से युवक की मौत

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान तकिया निवासी एक युवक की समय पर उपचार न मिल पाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रिजवान पुत्र फुरकान के रूप में हुई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद क्षेत्र में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाला रिजवान बीते दिनों अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत करने लगा। हालत गंभीर देख परिजन उसे रात में इलाज के लिए अस्पतालों में लेकर पहुंचे लेकिन आरोप है कि आपात स्थिति में तत्काल इलाज और इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। इलाज के अभाव में रिजवान की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और ओर उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाओं की कमी के कारण पहले भी कई मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाया, जिससे जनहानि जैसी घटनाएं सामने आती रही हैं। लोगों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इमरजेंसी में डॉक्टरों की अनिवार्य तैनाती सुनिश्चित की जाए और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

### कांवड़ियों की सेवा में जुटे ग्राम प्रधान

**नजीबाबाद।** हरिद्वार से पैदल चलकर आ रहे शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी लगे हुए है।

भागूवाला जटपुरा मार्ग कांवड़ियों का प्रमुख पैदल मार्ग होता है। कांवड़ मेले के दौरान इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद रहता है। जिससे शिवभक्त आराम से कांवड़ लेकर आगे बढ़ते जाते है। जटपुरा खास के ग्राम प्रधान मौहम्मद अली कस्सार भी शिव भक्तों की सेवा में लगे हुए है। कांवड़ मेले से पूर्व पंचायतघर में साफ-सफाई कराकर कांवडतियों का स्वागत करते है। उसके ठहरने की व्यवस्था, शौचालय, पानी, बिजली आदि व्यवस्थाओं को सही ढंग से कराते है। ग्राम प्रधान ने बताया कि हम सभी क्षेत्र के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों को मिलजुल कर मनाते है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग कर कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्रवासियों से अपील की है।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती नशीमा पत्नी श्री वहिद मौहल्ला पाईबाग** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री ऋषिपाल पुत्र श्री तुलसी राम, श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री खूब सिंह श्रीमती शान्ती देवी पुत्री हीरालाल पत्नी खूब सिंह** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 194/1 पाईबाग, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री निशात, जो मेरे एवं मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है, आये दिन मेरे और मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज तथा मारपीट करती रहती है और समझाने पर भी नहीं मानती है। उसकी इन्हीं हरकतों से तंग व परेशान होकर, मैंने अपनी पुत्री निशात को अपनी चल और अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने संबंध विच्छेद कर लिए है। अब मेरे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का निशात से कोई संबंध या वास्ता नहीं रहा है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य एवं लेन-देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगी। मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **महताब आलम पुत्र अहमद हसन निवासी ग्राम नसीरपुर शेख, थाना हीमपुर दीपा, तहसील चांदपुर, जनपद बिजनौर**

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद संख्या 06/26

**सहरीन बनाम सहारा बानो**

सहरीन उम्र 30 वर्ष पुत्री स्व. मौ. राशिद निवासी ग्राम रावनपुर, पोस्ट धौकलपुर, तहसील व जनपद बिजनौर -**वादी**

**बनाम**

1. सहारा बानो आयु 51 वर्ष पत्नी स्व. मौ. रशीद, 2. सानिया आयु 19 वर्ष पुत्री मौ. रशीद, 3. मौ. शाकिब आयु 28 वर्ष पुत्र स्व. मौ. रशीद, 4. शोफिया आयु 15 वर्ष पुत्री स्व. मौ. रशीद नाबा., 5. साफियान आयु 12 वर्ष नाबा., 6. नौनामान आयु 12 वर्ष नाबा. पुत्रगण स्व. मौ. रशीद द्वारा संरक्षिका माता सहारा बानो 7. फरहीन आयु 33 वर्ष पुत्री मौ. रशीद पत्नी महफूज आलम, 8. समरीन आयु 27 वर्ष पुत्री मौ. रशीद पत्नी फैसल अंसारी निवासी ग्राम रावनपुर, पोस्ट धौकलपुर, तहसील व जनपद बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 19.02.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 19.02.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि. बिजनौर।**

**इश्तहार/सार्वजनिक सूचना**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डि.) नगीना, बिजनौर।**

मूल प्रकीर्ण संख्या-06/2025

**नूरजहां बनाम वसीम अहमद आदि**

नूरजहां पत्नी स्व. अफजाल अहमद, निवासी मौहल्ला बेगमसराय, कस्बा व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। -**वादनी**

**बनाम**

1- वसीम अहमद, 2- मौ. फैसल पुत्रगण अफजाल अहमद, 3- शगुफ्ता, 4-दरकशा पुत्रीगण अफजाल अहमद निवासीगण मौहल्ला बेगमसराय, कस्बा व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

-**प्रतिवादीगण**

उक्त नूरजहां ने वसीम अहमद आदि के विरूद्ध इस न्यायालय में अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का आवेदन किया है। जिसमें सुनवाई हेतु तारीख 16.02.2026 नियत की गई है। इसलिए बजरिये इश्तहार हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र में कोई आपत्ति हो तो उक्त दिनांक को प्रात: 10:30 बजे उपस्थित होकर पेश करें। नियत दिनांक के उपरान्त किसी आपत्ति को सुना नहीं जायेगा और प्रार्थना पत्र की सुनवाई व उसका निपटारा नियमानुसार किया जायेगा।

नियत दिनांक:- 16.02.2026

**प्रबंधक**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डि.) नगीना, जिला बिजनौर**

## एक नजर

### ट्रैक्टर खाई में गिरने से चार कांवड़ती घायल

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के कोटावाली नदी के पास गत रात्रि जनपद अमरोहा से हरिद्वार जल लेने जाते हुए कांवड़ियों का महेंद्रा ट्रैक्टर नंबर एचआर 88ए-3623 अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। गनीमत रही कि ट्रैक्टर पलटा नहीं। ट्रैक्टर में सवार चार कांवड़ यात्री चोटिल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रैक्टर में सवार खेमपाल (35 वर्ष) पुत्र हरी सिंह, ओमवती (72 वर्ष) पत्नी ईश्वरी प्रसाद, गीता (40 वर्ष) पत्नी गजेंद्र, दयावती (45 वर्ष) पत्नी मनोज कुमार निवासी ग्राम मंगूपुरा थाना रजबपुर जनपद अमरोहा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली भेजकर उपचार कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को निकलवा दिया गया था। घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ



**चांदपुर।** शिव मंदिर ग्राम रूपपुर में आज मंदिर पर वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में अखंड रामायण का पाठ शुभारंभ किया गया, जिसमें मंदिर पर पंडित अनिल शर्मा जी के द्वारा शुभारंभ किया गया। मुख्य यजमान ठाकुर वेद प्रकाश सिंह रहे। इस मौके पर गांव के बच्चों की विशेष भूमिका है। मंदिर मे अखंड रामायण के पाठ मे भगत जी भरत लाल, ऋषभ चौहान, आदर्श कुमार, नितिन कुमार, हिमांशु कुमार, काव्य कुमार, लकी, कृष, नैतिक, दीक्षित, ललित और डॉ. अवनीश आदि का विशेष सहयोग रहा। अखंड रामायण की समाप्ति के बाद कल 11 बजे शिव मंदिर रूपपुर में विशाल भंडारे का भी प्रोग्राम रहेगा।

### चाइनीज मांझे से बैंक कर्मचारी जख्मी

**नजीबाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बावजूद नजीबाबाद क्षेत्र में चाइनीज मांझे से होने वाली घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। डबल फाटक फ्लाईओवर पर बाइक से गुजर रहे रूड़की निवासी पंजाब नेशनल बैंक में कैशियर के पद पर तैनात आशीष नगीना से रूड़की जा रहा था। जब वह नजीबाबाद डबल फाटक पुल से गुजर रहा था, तो अचानक चाइनीज मांझे की चपेट में आकर उनकी नाक घायल हो गई। घायल को उधर से गुजर रहे समाजसेवी फहीम अहमद ने तुरंत उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल अपनी बाइक से ले जाकर भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के बाद बैंककर्मी को छुट्टी दे दी गई है। नजीबाबाद में फ्लाईओवरों पर चाइनीज मांझे की चपेट में आकर न जाने कितने लोग घायल हो चुके है। मगर पुलिस चाइनीज मांझा बेचने व उससे पतंग उड़ाने वालों पर रोक नहीं लगा पा रही है।

### कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था



**स्योहारा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर नगर में कांवड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों की सेवा हेतु प्रजापति कांवड़ शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिविर के अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति ने दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर पुराने बस स्टैंड स्थित प्रजापति धर्मशाला बड़ौदा बैंक के निकट लगाया जाएगा। शिविर में हरिद्वार से आने वाले समस्त शिव भक्तों के लिए भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए गर्म पानी से स्नान, मेडिकल सुविधा तथा रात्रि विश्राम की भी समुचित व्यवस्था रहेगी। शिविर का आयोजन नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है ताकि शिव भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मिश्भा खातून पत्नी सुबहान उल हसन निवासी मुस्लिम चौधरियान, थाना एवं पोस्ट स्योहारा, जनपद बिजनौर एतद्द्वारा सूचित करती हूं कि मैंने अपना नाम मिश्भा खातून से बदलकर मिस्बाह खातून कर लिया है। आगे भविष्य में मुझे मेरे नए नाम मिस्बाह खातून से ही जाना जाए न कि मेरे पुराने नाम मिश्भा खातून से।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम शशी है पति का नाम राम निवास है। मैं मकान नम्बर 3730 मलोया कालोनी चण्डीगढ़, पिन-160025 में रहती हूं। मैं कुछ दिन पहले आधार कार्ड में जन्म तिथि ठीक करवाने आधार सेन्टर अपने गांव में गई थी। वह आधार सेन्टर वाले ने पता नहीं क्या किया मेरा हिन्दी में नाम गलत कर दिया और मेरी जन्म तिथि भी गलत कर दी, जो ठीक नहीं हुई। इसलिए मैं अपना नाम जो हिन्दी में शशि है उसे शशी किया जाए जो पहचान पत्र और आधार कार्ड में या उसके आधार पर ठीक किया जाए और मेरी जन्म तिथि पैन कार्ड के हिसाब से 02.10.1996 ठीक की जाए। यूआईडीएआई द्वारा मेरे नाम और जन्मतिथि को ठीक किया जाए।

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद संख्या 07/26

**सर्वेश बनाम विशाल तोमर**

1-सर्वेश उम्र 46 वर्ष पत्नी स्व. राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गंगदासपुर, पोस्ट चौकपुरी, तहसील व जिला बिजनौर। -**प्रार्थिनी**

**बनाम**

1- विशाल तोमर उम्र 22 वर्ष, 2- सागर तोमर उम्र 20 वर्ष पुत्रगण स्व. राजेन्द्र कुमार निवासीगण ग्राम गंगदासपुर, पोस्ट चौकपुरी, तहसील व जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 19.02.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 19.02.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि. बिजनौर।**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती मीना पत्नी श्री नफीस मौहल्ला जाब्तागंज/महेन्दीबाग** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री जफर जैदी पुत्र श्री जब्बार हुसैन** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 418/5 जाब्तागंज/महेन्दीबाग, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**बिजनौर।** मेडिकल अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के निर्देशानुसार कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 10 फरवरी 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान (Early Detection), जोखिम कारकों में कमी (Risk Modification) तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर के खतरे को कम करने के प्रति लोगों को जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने नोट प्लान, पोस्टर और जानकारीपूर्ण वक्तव्यों के माध्यम से कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को साझा किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या डॉ. सफिया खानम ने कहा कि 'कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। समय पर जांच और सही जीवनशैली अपनाकर इसे काफी हद तक रोका जा सकता है।' संस्था की निदेशिका शीमा शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 'नर्सिंग विद्यार्थी समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' कार्यक्रम में उपस्थित चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि आज के समय में कैंसर से बचाव के लिए सही खान-पान, व्यायाम और नशे से दूरी बहुत आवश्यक है। वहीं सचिव राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज को स्वस्थ दिशा देने में सहायक होते हैं और युवाओं को जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### थाना प्रभारी ने कांवड़तियों को कम्बल बांटे

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बीती रात भागूवाला जटपुरा कांवड़ मार्ग पर कांवड़तियों के शिविरों का निरीक्षण कर कांवड़ियों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल वितरित किए। थाना प्रभारी ने कहा कि कांवड़तियों की सेवा के लिए क्षेत्र के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी से इस कार्य की सराहना की।

### एनएसएस विशेष शिविर का समापन



**नजीबाबाद।** नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के समापन अवसर पर साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए जागरूकता प्रस्तुतियां दीं और रैली के माध्यम से समाज को सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेविकाओं द्वारा साइबर अपराध विषय पर प्रस्तुतियों से हुई। छात्राओं ने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी कॉल, लिंक के जरिए धोखाधड़ी जैसे मामलों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार थोड़ी सी लापरवाही लोगों को आर्थिक और मानसिक नुकसान पहुंचा सकती है। प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला

## डीएम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग का किया आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।




उन्होंने कहा कि आज के दौर में इंटरनेट एक बहुउपयोगी और बहुउद्देशीय उपकरण है, जो इंसानी जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक जरूरत बन चुका है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग यदि सुरक्षित और जिम्मेदारी से न किया जाए तो उससे जान-माल दोनों असुरक्षित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर जहां इंटरनेट ने मानव जीवन की हर क्षेत्र में एक क्रांति पैदा कर दी है, वहीं इसके भयानक दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। साइबर फ्रॉड आज वैश्विक समस्या बन चुकी है। इससे बचने का एकमात्र तरीका यही है कि बहुत सावधानी और सजगता के साथ इसका प्रयोग करें और किसी भी लालच या जिज्ञासिया से वशीभूत होकर किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि वह साइबर फ्रॉड हो सकता है।

उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सेल स्थापित किया है, जिसकी ब्रांचेस हर पुलिस थाने में स्थापित हैं।

पुलिस साइबर सेल द्वारा न सिर्फ आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागृत किया जाता है बल्कि साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों की कथा संभव मदद भी की जाती है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें और किसी अंजाने व्यक्ति से शेयर न करें, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें और यदि किसी दुर्भाग्यवश साइबर फ्रॉड के शिकार होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क कर साइबर अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराएं।

कार्यक्रम में एनआईसी एवं पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### शिव भक्तों के लिए कांवरती सेवा शिविर




**धामपुर।** रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से कांवड़ में जल भरकर गंतव्य स्थानों को जा रहे कांवड़धारी शिव भक्तों की सेवार्थ विशाल कांवड़ शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में उपस्थित रोटेरियन बंधुओं ने जहां शिव भक्तों का प्रसाद वितरण से स्वागत किया। वहीं उनकी कांवड़ को अपने कंधों पर धारण करके उनको प्रसाद ग्रहण करने की सुविधा भी प्रदान की। इस दौरान शिविर स्थल भगवान भोलेनाथ के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा नगीना मार्ग पर रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव सरदार गगनदीप सिंह चावला तथा कोषाध्यक्ष शिवम नंदा एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा के निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस शिविर में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष विपिन मिश्रा, डॉ. एनपी सिंह, मनीष गर्ग, शिवेंद्र अग्रवाल, डॉ. पुलकित माहेश्वरी, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, डॉ. राजमोहन विश्वास, सरदार अजीत सिंह चावला, पवन सलूजा एडवोकेट, सरदार सतपाल सिंह चावला, ललित गर्ग, संजय वर्मा, वरुण गर्ग, संजीव वर्मा, अनुपम गोयल, सत्येंद्र चौधरी, मुदित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

### दोनों घायलों की हालत गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव मिल्क पूरनपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित के अनुसार, होली 2025 के दौरान गांव के कुछ युवकों से बोलचाल को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद से आरोपियों द्वारा रंजिश रखी जा रही थी।

पीड़ित का आरोप है कि 10 फरवरी 2026 की शाम करीब छह बजे वह अपने गांव के मोहल्ले में खड़ा था, तभी आरोपीगण एक राय होकर वहां पहुंचे और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बचाने आए उसके चाचा पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना धामपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खुद को डाक्टर बताकर फोन पर की बात, खाते से रुपए साफ

बिजनौर। थाना शिवाला कलां क्षेत्र के ग्राम सेला में फर्जी डॉक्टर बनकर एक व्यक्ति द्वारा लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ का डॉक्टर बताकर ग्रामीणों के खातों से हजारों रुपये निकलवा लिए। ग्राम सेला निवासी आशा कार्यकत्री गुड़िया पत्नी अशोक पाल के मुताबिक छह फरवरी की शाम करीब छह बजे उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने खुद को स्वास्थ्य विभाग लखनऊ का डॉक्टर बताया और गांव की कुछ महिलाओं और उनके परिवार के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उसने आशा कार्यकत्री से संबंधित लोगों को फोन पर उससे बात करने को कहा। भरोसे में आकर गुड़िया ने आयशा पत्नी शरफुद्दीन और अफसाना पत्नी जाने आलम से फोन पर बात करवाई। इसी दौरान ठग ने दोनों से जानकारी की और दोनों के खातों से पैसे कट गए। पीड़िता ने थाना शिवाला कलां में शिकायत देकर अज्ञात नंबर की सर्विलांस के जरिए जांच कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया

### स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा की उपस्थिति में ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम 'कौशल विकास हेतु युवा' के अंतर्गत विषय 'स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान नौरंगाबाद प्रदीप कुमार द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

उन्होंने स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रथम सत्र में योग शिक्षिका श्रीमती ज्योति द्वारा स्वयंसे. विकाओं को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर में उपस्थित शिक्षिका डॉ. पूनम रानी द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने स्वच्छ वातावरण, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने स्वयंसेविक. ाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास व उद्देश्य के बारे में बताया व स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

द्वितीय सत्र में स्वच्छता नारों के साथ एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ और जागरूक युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की तथा स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

### केदारनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापित



**नजीबाबाद।** रामलीला मैदान स्थित लघु केदारनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम दोपहर एक बजे संपन्न हुआ। इसके तहत शिव परिवार, भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और शंकराचार्य की मूर्तियों की स्थापना की गई। इस मंदिर में एक स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है। मंदिर का पुनर्निर्माण कुशल कारीगरों द्वारा भव्य रूप से किया गया है, जिसके बाद इसे लघु केदारनाथ के रूप में जाना जाता है। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चार फरवरी से नौ फरवरी तक पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम मंदिर के मुख्य पुजारी सुनील ध्यानी के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुकेश जोशी, पंकज जोशी, देव, राजा, रचित अग्रवाल, गौरव, राहुल गुप्ता टाटा आयरन, तरुण राजपूत, शिवम अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एकदिवसीय शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में लगाया गया।

प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दलीप कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण हेतु ग्राम मुस्तफाबाद में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। यहां स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। वहीं दूसरी और द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में ग्राम सरकथल में पर्यावरण जागरूकता हेतु पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। इससे पूर्व कॉलेज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि ग्रामीण प्रकृति संतुलन हेतु अधिक से अधिक मात्रा में पौधारोपण करें। उन्होंने कहा कि वृक्ष ही हमें ऑक्सीजन देते हैं। इसलिए हमारा कर्तव्य है। पर्यावरण शुद्ध रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारी धरती के आभूषण है। इनकी रक्षा करना हमारा परम धर्म है। राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजक तथा भूगोल विभाग की प्रवक्ता डॉ. शिवाली राजपूत ने स्वयंसेवियों से कहा कि वनस्पति तथा जीव- जंतु सभी को इस पृथ्वी पर जीने का समान अधिकार है। अतः हम सभी को इनका संरक्षण करना चाहिए। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, नीशु देवल, शनि चौहान, सचिन कुमार, सुषैन बाबू, ललित शर्मा, राकेश चौहान, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, रुचि, फार्मेसी के मंसाराम आदि उपस्थित रहे।

# होंठों पे तिश्नगी न रही जाम आ गया...

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** बज्म-ए-कमर धामपुर की मासिक काव्य गोष्ठी का मौहल्ला महल सराय स्थित मौहम्मद तैयब सोनू साहब के निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी नौशाद आलम 'शाद' अलीग ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी इरशाद धामपुरी ने निभाई। गोष्ठी का संरक्षण प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद ने किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. तैयब खान, डॉ. अजहर तथा अशरफ शेरकोटी उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ मुफ्ती दानिश साहब द्वारा बारगाह-ए-रिसालत में प्रस्तुत नात से हुआ। इसके उपरांत शायरों ने निर्धारित काफिया 'शाम' पर अपना उत्कृष्ट काव्य पाठ किया। चयनित अशआर इस प्रकार हैं- शकील अहमद शकील ने फरमाया- तड़पता हूँ मैं अरसे से जियारत की तमन्ना को, मदीने की फिजाओं में बसर एक शाम हो जाए। शहजाद आलम 'शहजाद'-जो छोड़ कर गुनाहों को नेकी पे आ गया, भूला कहूँ मैं कैसे, जो आजाए शाम को।

कारी राशिद हमीदी-है जहाँ में रौशनी पर, मैं हूँ कैद तीरगी मे, मेरे दिल में रौशनी का कोई इंतजाम होता। अतीक आजाद-फिर उसके बाद



### बज्म-ए-कमर की मासिक काव्य गोष्ठी

आया मैं बाहर यकीन से, जब एक सांप निकला मेरी आस्तीन से। नजाकत हुसैन साकिब- छोड़ के मुझको जाने वाले अब मेरे हालात न पूछ, कैसा हूँ मैं और कहाँ हूँ मेरे ये लम्हात न पूछ। नौशाद आलम 'शाद'- रात गुजरेगी कैसे हमारी, जेहन-ओ-दिल पर पड़ेगी ये भारी, नाम उनका लबों पर हमारे, आज फिर वक्त-ए-शाम आ गया है। इरशाद धामपुरी- वो जो लबों को खोल रहा है, कानों में रस घोल रहा है, हर सू फिजा है महकी-महकी, कौन ये उर्दू बोल रहा है। अशरफ शेरकोटी-चीख उठती है मेरी तन्हाई, जब खामोशी कलाम करती है। वीरेंद्र प्रताप सिंह 'बेताब'-क्यों सफर में कयाम कर बैठा, मैं तो रस्ते में शाम कर बैठा। शमशेर अली 'शम्स'-कुछ तो मेरी वफाओं का रखिए भरम, दुश्मनी ही सही, पर मिला कीजिए। मौहम्मद इस्माइल 'गौहर'-प्यार-ओ-उल्फत हो आम दुनिया में, काम ये हम ने सुबह-ओ-शाम किया। आरिफ रसूलपुरी-वक्त पर जागी नहीं इंसान की गैरत अगर, बेटियां बाजार की जीनत बना दी जाएंगी। वली अंजुम अफजलगढ़ी- वापसी की आस में बस शाम हो कर रह गई, जिंदगी परदेस के ही नाम हो कर रह गई। कमर धामपुरी-तुम ही मिट्टी 'कमर' हुए तो क्या, सुबह को भी तो शाम होना है। नफीस मंजर, धामपुरी-होंठों पे तिश्नगी न रही जाम आ गया, जब भी मेरे लबों पे तेरा नाम आ गया। कार्यक्रम में हास्य कवि राहुल अनवर 'धड़ा-धड़' ने अपनी व्यंग्यात्मक रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया- अशरफ-उल-मखलूकात हैं हम लोग, बीवियों के गुलाम होने लगे। वरिष्ठ कवि शफकत भारती शेरकोटी ने अपनी इस्लाही शायरी से नवोदित शायरों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में बज्म के संरक्षक डॉ. कमाल अहमद ने उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए उर्दू अखबारों और पत्रिकाओं को पढ़ने की अपील की। कघरी राशिद हमीदी ने उर्दू साहित्य के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धामपुर ने हर दौर में उर्दू के सच्चे परस्तार देशभर को दिए हैं।

गोष्ठी में बज्म-ए-कमर के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे, जिनमें अब्दुल्लाह गालिब, डॉ. मौहम्मद कासिम, मास्टर अनीस अहमद, मास्टर इकबाल अहमद, शफीक अहमद मुन्ना, मौहम्मद जाहिद, मुफ्ती दानिश कासमी, रियाज अकबर, मौहम्मद हमदान, मौहम्मद उस्मान, मुफ्ती मौहम्मद खालिद कासमी, नवेद जहीर, अरशद कमाल, अनीस अंसारी, मुजीब जाफर, वजह-उल-कमर, मास्टर आफताब अली, इस्फंदयार आजम, शाज उमर, रईस अहमद आदि प्रमुख रहे।

## एक नजर

### चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान



**नहटौर।** निरीक्षक अपराध विपिन कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुलजीत सिंह और कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मिलकर नगर के विभिन्न बाजारों और पतंग की दुकानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने दुकानों के गोदामों और रैक की बारीकी से जांच की ताकि कहीं भी प्रतिबंधित प्लास्टिक या चाइनीज मांझा छिपाकर न रखा गया हो। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि यदि किसी के पास प्रतिबंधित मांझा पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भारी जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए केवल सूती धागे वाले मांझे का ही प्रयोग करें। चाइनीज मांझा न केवल इंसानों (खासकर दोपहिया वाहन चालकों) के लिए जानलेवा साबित होता है, बल्कि यह बेगुनाह पक्षियों के लिए भी काल बन जाता है। इसी खतरे को देखते हुए प्रशासन ने ष्जीरो टॉलरेंसष की नीति अपनाई।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में परचम लहराया




**कोतवाली देहात।** जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से 14वीं जिला बिजनौर ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन वर्धमान डिग्री कॉलेज के प्रांगण में किया गया। जिसमें मिलेनियम की छात्रा अलशिफा (कक्षा 8) गोल्ड मेडल, हुमेरा (कक्षा 8) गोल्ड मेडल, छात्र धैर्य (कक्षा 5) गोल्ड मेडल, छात्र आयुष (कक्षा 7) गोल्ड मेडल, छात्र तनिष्क (कक्षा 6) सिल्वर मेडल, छात्र कुनाल (कक्षा 5) सिल्वर मेडल, छात्र शिवांक (कक्षा 6) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र अनमोल (कक्षा 4) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र विवेक (कक्षा 4) ब्रॉन्ज मेडल, छात्रा कनक (कक्षा 5) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र राघव (कक्षा 5) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र हनी (कक्षा 4) ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये। इस प्रतियोगिता में मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बच्चों का और कोच रिंकू वर्मा का जोरदार स्वागत किया और ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा व टीम मैनेजर गजेय सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, सतेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, बालेश कुमार, विपिन कुमार, रोहिताश सिंह, सतीश कुमार, शारिक अली खान व अर्शी अबरार मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट



**किरतपुर।** राईन क्रिकेट क्लब किरतपुर आईसीसी के सौजन्य से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मौहल्ला अफगानान के ग्राउंड पर जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन चीफ गेस्ट युवा आसपा नेता मुदस्सिर जमा खां ने फीता काटकर किया। मुदस्सिर जमा खां ने बैटिंग कर गेंद को बाउंड्री से बाहर कर दिया। इस मौके पर दर्शकों की तालियों से मैदान गूंज उठा राईन क्रिकेट क्लब की ओर से मुदस्सिर जमा खां को पगड़ी बांधकर व शॉल ओढ़कार सम्मानित किया गया। इस मौके पर परवेज अहमद, शहजाद अहमद, सभासद पति मौजिज्यार खान, मौहम्मद दानिश, सुफियान अहमद, मौहम्मद अनस, मुस्तकीम अहमद, हाजी इस्लामुद्दीन, अमीर हसन प्रधान, इंतजार राईन, आसपा नगर अध्यक्ष फेलसूफ जमा खान, एडवोकेट सैय्यद उजैर, आदिल मिर्जा, वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अल्वी, मौहम्मद मेहरबान, मुसैब सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। टूर्नामेंट आयोजक मौहम्मद गुलफाम शमीम अंसारी आदि समस्त टीम ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

### किसानों का हल्दौर ब्लॉक पर प्रदर्शन



**झालू।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने हल्दौर ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण नेता ने किया। किसानों ने चार अहम समस्याओं को लेकर बीडीओ हल्दौर को मौके पर बुलाकर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने ज्ञापन में मांग की कि सभी ग्राम पंचायतों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को तत्काल चालू कराया जाए। साथ ही पशुओं में फैल रहे खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम के लिए ग्राम-ग्राम जाकर टीकाकरण कराया जाए। इसके अलावा आवारा पशुओं से निजात दिलाने तथा बिलाई मिल का लंबित भुगतान किसानों को शीघ्र दिलाने की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय बीडीओ ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में अरुण नेता, अरविंद कुमार, कोमन सिंह, मोनू चिकारा, सोहित चिल्लर, संजीव, कपिल, डा. कामेन्दर सिंह, शुभम कुमार राणा, विनित, दिनेश मुनिदेव, वीरेंद्र, अमीनुद्दीन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### आधार कार्ड बनाने के नाम पर लूट

**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी नफीस अहमद पुत्र जहीर अहमद ने उपजिलाधिकारी चांदपुर के नाम लिखे शिकायती पत्र में कहा कि उसने अपने बच्चों के आधार कार्ड सही करने के लिए गोयली फीना चौक स्थित एक साइबर कैफे के संचालक मौहम्मद सदीक के ग्राहक सेवा केंद्र पर चांदपुर पर स्थित पर गया था, जहां पर उससे बच्चों के आधार कार्ड ठीक करने का नाम पर 3000 रूपए ले लिए गए। मजबूरीवश उसने पैसे दे दिए लेकिन समय सीमा निकलने के बाद जब वो अपने बच्चों के आधार कार्ड लेने गया तो केंद्र संचालक ने उसके बच्चों के आधार कार्ड ठीक नहीं होते हुए हुए, कैंसिल हो जाना बताया। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड कैंसिल हो गए हैं जो कि अब दोबारा बनाए जाएंगे। पीड़ित का आरोप है कि दोबारा बनाने के नाम पर फिर उसे 2300 रुपए की डिमांड रखी गई जो कि गरीब व्यक्ति होने के नाते नहीं दे पाया। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से ऐसे सेवा केंद्र संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई करने की गुहार लगाई है।

# शोले का वीरू बनकर जान देने ओवर हैड टैंक पर चढ़ा युवक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पत्नी से आहत होकर ओवर हैड टैंक पर चढ़ा युवक फांसी के फंदे पर झूलकर जान देने का प्रयास करने लगा। गनीमत रही कि नीचे खड़े लोगों ने बहला-फुसलाकर रोके रखा और पीछे से पहुंचकर सुरक्षित नीचे उतारा गया।

**0 नीचे खड़े लोगों ने बातों के जाल में उलझाकर नीचे उतारा पत्नी से आहत होकर जान देने का कर रहा था प्रयास**

नगर पालिका परिषद के परिसर में बने ओवर हैड टैंक पर मंगलवार की देर दोपहर एक युवक ऊपर चढ़ गया। जबकि नगर पालिका परिषद के कार्यालयों में कर्मचारी भी काम कर रहे थे। टैंक पर चढ़े युवक ने फांसी का फंदा बना लिया और नीचे लटककर जान देने का प्रयास करने लगा, मगर इसी बीच कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ गयी। ओवर हैड टैंक पर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास की सूचना फैलते ही पालिका परिसर में हड़कम्प मच गया। जबकि दूर-दूर से देखकर लोग नगर पालिका की तरफ को दौड़ लगाने लगे। कुछ देर में वहां काफी भीड़ एकत्र हो गयी। भीड़ में से कुछ लोगो ने जान देने का प्रयास कर रहे युवक को बातो में उलझाया और उसकी समस्या का समाधान कराने का भरोसा देकर उतर आने के लिए मनाने लगे, लेकिन जान देने पर आमादा युवक उतर नहीं रहा था। बातों के जाल में युवक को उलझाकर कुछ लोग पीछे से अंक पर चढ़े गए और उसकी फंदे वाली रस्सी आदि को ज़ोर से पकड़ लिया। मगर युवक नीचे लटककर जान देने पर आमादा हो गया। लोगो ने किसी तरह उसे ऊपर उठाकर मरने से बचाकर नीचे उतारा। शोले का वीरू बनकर टंकी पर चढ़े युवक ने नीचे उतरकर अपनी पत्नी के झगड़े और एक लाख की मांग करने समढाने पर नहीं मानने का आरोप लगाया। उसका कहना था कि काफी बार समझाया गया लेकिन पत्नी नहीं मान रही थी। फिलहाल युवक सुरक्षित है।



सम्भल। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्रा को एल्बेंडाजोल खिलाते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# जनता की सुरक्षा के प्रति सजग नहीं है पालिका प्रशासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद के परिसर में बने ओवर हैड टैंक पर चढ़कर जान देने का प्रयास कर रहे युवक की जान भले ही आसपास मौजूद लोगों के प्रयासों से बचा ली गई, लेकिन नगर पालिका प्रशासन शहरवासियों की सुरक्षा के प्रति कितना सजग है इसकी असलियत खुलकर सामने आ गयी है।

नगर पालिका परिषद से स्वच्छ पैयजल के तहत लोगों को रोजाना जलापूर्ति की जाती है। नगर पालिका परिषद के परिसर में बने ओवरहैड टैंक से कई मौहल्लों को पैयजलापूर्ति की की जाती है। जन मानस के जीवन से जुड़े इस ओवर हैड टैंक की सुरक्षा के प्रति नगर पालिका परिषद प्रशासन पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है। ऐंसा कई बार नहीं बल्कि अनेको

**0लापरवाही पैदा कर सकती है बड़ा खतरा**

बार सामने आ चुका है कि प्रर्दशन और झंडे आदि लगाने व विरोध रूवरूप ओवर हैड टैंक पर चढ़कर अपनी मनमानी कर चुके है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन इसे रोकने के लिए सजग नहीं रहता है जबकि यही हालात रहे तो कोई भी ओवरहैड टैंक पर चढ़कर शहर की लाखों की जनता की जान पर भी बड़ा खतरा पैदा कर सकता है। मंगलवार को एक बार फिर नगर पालिका परिषद प्रशासन की लापरवाही का नतीजा रहा कि कार्यालयों और परिसर में कर्मचारियों की मौजूदगी के बाद युवक ओवर हैड टैंक के सबसे ऊपर चढ़ गया और फांसी लगाकर जान देने का प्रयास करने लगा। अब सवाल यह पैदा होता है कि पालिका प्रशासन इसी तरह लापरवाह बना रहा तो कोई भी सिरफिरा अथवा आसामाजिक मानव के लिए बड़ा दुश्मन बन सकता है। इससे कोई भी बड़ी हानि होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

# स्वयं एलबेंडाज़ोल खाकर छात्र-छात्राओं को कराया सेवन

**0डीएम और सीएमओ ने कृमि मुक्ति गोली का सेवन कर अभियान का कराया शुभारम्भ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्र-छात्राओं को कृमि-मुक्ति की गोली (ऐल्बेन्डाजोल) खिलाकर शुभारम्भ किया।

बहजोई के भगत जी इंटरनेशनल स्कूल, में कृमि मुक्ति हेतु बच्चों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वयं भी कृमि-मुक्ति की गोली का सेवन किया। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने बच्चों से कृमि मुक्ति को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव व साफ-सफाई हेतु नाखून साफ और छोटे रखने, फल-सब्जी को धोकर खाने, नियमित रूप से नहाने व साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक ने बच्चों से संवाद के समय सदैव स्वच्छ पेयजल पीने एवं घर तथा उसके आस-पास में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। इस दौरान द्वितीय-चरण फरवरी 2026 में जनपद के कुल 13,11,811 बच्चों को कृमि-मुक्ति हेतु ऐल्बेन्डाजोल की गोली खिलायी जानी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहने व मन लगाकर अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक-एन.एच.एम. संजीव कुमार राठौर ने कहा कि आज किसी कारण से उपस्थित ना होने पर आच्छादित ना होने वाले बच्चों को 14 अगस्त बुधवार को मॉप-अप दिवस को गोली खिलायी जायेगी। इस मौके पर डी.ई.आई.सी. प्रबन्धक मनु तेवतिया, बी.ई.ओ.-बहजोई पोप सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सी.एच.सी. बहजोई डा. सचिन वर्मा, स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्या आदि मौजूद रहे।

# सपा से भाजपाई बनकर सकूल संचालकों पर अपना कोर्स लगाने का बना रहा दबाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नया शैक्षिक सत्र अभी शुरू भी नहीं हुआ है सपा से कथित भाजपाइ बनकर कोर्स माफिया स्कूल संचालकों पर दबाव बनाने लगा है। जबकि जबरन कोर्स न लगाने पर चर्चित भाजपा नेता का नाम लेकर दबाव में न आने पर देख लेने की धमकी दे रहा है। दर असल सपा में लम्बी पारी खेल चुका एक नेता सत्ता बदलते ही भाजपा का चोला ओढ़ लिया है। स्कूल चलाकर शिक्षा का माफिया बनने के लिए सत्ता का चोला पहनकर स्कूलों में अपना कोर्स चलाकर मोटा धन अर्जित करने में जुट गया है। मेंहगी दामों वाली किताबों को निजि स्कूलों में लगवाने के लिए वह एक स्थानीय भाजपा नेता का सहारा ले रहा है। जबकि गरीब बच्चों को मेंहगा कोर्स न देने वाले स्कूलों के संचालकों को भाजपा नेता का नाम लेकर देख लेने की धमकी दिलवा रहा है। पहले सपा में लूटमार कर चुका अब भाजपा का चोला ओढ़कर उसी राह पर चलकर कोर्स माफिया बनकर स्कूल संचालकों की जेबों का डाका डालने का कुत्सित प्रयास करने में लगा है।

# फार्म सात प्राप्ति की ऑनलाइन की जाए व्यवस्था

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी जटिल एसआईआर प्रक्रिया के बाद विधानसभा ड्राफ्ट मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर मुस्लिम समेत अनेक पीडीए मतदाताओं के साजिशन नाम काटने और भाजपा के बीएलए द्वारा फर्मी रूप से फार्म सात भरे जाने का आरोप लगाकर दोषियों के विरूद्व दंडात्मक कार्यवही करने की मांग निर्वाचन आयोग को सम्बोंधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर की।



सम्भल- एसआईआर में फार्म सात में गड़बढ़ी के विरोध में ज्ञापन देते सपाइ।

जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सोंपे गए ज्ञापन में कहा कि जिले की पांच विधानसभा क्षेत्र सम्भल, असमोली और चन्दौसी व गुन्नौर, आशिक बिलारी है। इन विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में जो मतदाता पंजीकृत हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता गणना पत्र के ज़रिये 2003 की सूची के द्वारा मैपिंग कराई गई और उन्ही मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट निर्वाच्क नामावली में दर्ज करते हुए प्रकाशित किए गए है। बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावली के सत्यापन दौरान मतदाता मृतक डबल परमानेन्ट शिफ्ट स्थाई रूप से निर्वाचन क्षेत्र त्याग दिया गाा। ऐसे मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली से हटा दिए गए/डिलीट कर दिए गए हैं और जिन मतदाताओं का 2003 की निर्वाचक नामावली से मैपिंग नहीं हो पायी थी। ऐंसे मतदाताओं को नोटिस के माध्यम से साक्ष्य हेतु सुनवायी का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बड़े आश्चर्य है कि निर्वाचक आयोग द्वारा सभी प्रक्रिया करने के बाद भी निर्वाचक नामावली से सही मतदाताओं का नाम काटने को भारी तादाद में (वल्क) फार्म 7 के माध्यम से सही मतदाताओं के नाम काटने का षडयंत्र रचा जा रहा है। ज्ञापन में फार्म 7 ऑन लाइन व्यवस्था द्वारा प्राप्त किये जाने और किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति एक से अधिक फार्म जमा न किये जायें। जबकि फार्म 7 प्राप्त होने के उपरांत बीएलओ द्वारा मतदाता का स्थलीय/भौतिक सत्यापन किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने और फार्म 7 जांच में गलत पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निरस्त करने ओर सही पाये जाने पर सुनवायी का पूरा अवसर प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालो में कृष्ण मुरारी सांख्यधर, विमलेश कुमारी, आशोक राणा एड., मनीष यादव, सद्दाम कुरैशी, साजिद कुरैशी, निसार अहमद, मुकेश यादव, होराम सिंह, लाईक सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** बीबीएस पब्लिक स्कूल बबराला में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव में हिन्दी, देशभक्ति, नाटक, गायन आदि की प्रस्तुति से समां बांधा। सरस्वती वंदना वीणा वादिनी वर दे से कार्यक्रम की विधिवत् शुरूआत की गई। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। वार्षिकोत्सव में बम बम भोले,बरसो रे मेघा, देश मेरा रंगीला शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि जेपी विद्या मंदिर चांदपुर बुलन्दशहर के प्रधानाचार्य गौरव शर्मा ने कहा कि स्कूल में वार्षिक समारोह छात्रों को प्रतिभा दिखाने, वर्षभर की उपलब्धियों का जश्न मनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने, टीमवर्क सिखाने, और छात्रें, शिक्षकों व अभिभावकों को एक साथ लाकर स्कूल समुदाय में एकता और गौरव की भावना पैदा करने के लिए मनाया जाता है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पुरस्कार वितरण और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने और विकास को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है।

# पाताली मंदिर पर महा शिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** पाताली शिव मंदिर गुन्नौर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मेले की व्यवस्था व साफ सफाई के साथ सभी व्यवस्था की जा रहीं है।

गुन्नौर का पाताली शिव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है।यहां अन्य जिलों से ही नहीं बल्कि दूसरे राज्य से भी लोग शिवजी का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। यहां मेला लगता है। जिसमें लोग खरीददारी भी करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर श्रृद्वालुओं की आस्था का सैलाब जलाभिषेक करने को उमड़ता है। कांवरिया कांवर लगाकर चढ़ाते हैं। इसके लिए व्यवस्था पूर्ण की जा रही है। लोगों के लिए बैरिकेटिंग लगाने की तैयारी भी की जा रही है। जिससे की लाइनों में लोग एक एक कर कर दर्शन कर सकें। यहां कांवरिया गंगा से कांवड़ लेकर पहुंचेंगे। जिसको देखते हुए पुलिस बल तैनात रहेगा। महिला व् पुरुष दोनों की अलग-अलग पंक्तियां बनाई जाएंगी। जिसमें लगकर श्रृद्वालु दर्शन करेंगे। मन्दिर कमेटी अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव उर्फ चिंटू ने बताया कि मंदिर की पूर्ण रूप से सफाई कर बैरिकेटिंग कराई जा रही है। जिससे कांवरियों व श्रृद्वालुओं को शिव जी के जलाभिषेक में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। लोगों व कांवरियों को ठहरने के लिए मंदिर परिसर में ही पंडाल लगाए जाएंगे। इसमें वह अधिक भीड़ होने तक रुक सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा है कि मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात रहेगा।जिससे कोई भी व्यवस्था में व्यवधान न हो सके।

# सेफर इंटरनेट-डे पर विशेष कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सेफर इंटरनेट डे पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रभात मिश्रा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन .आई.सी. ने अधिकारियों और कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया।

## एक नज़र इधर भी



सिरसी- सादक सराय मेंमेंहदी अब्बास के निवास पर जाती अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्षा

### उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** उत्तराखंड प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष के आगमन पर स्वागत किया गया। दो घंटे रूकी आयोग की उपाध्यक्ष रूद्रपुर के लिए रवाना हो गयी। राज्यमंत्री और अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम मंगलवार को मौहल्ला सादक सराय स्थित दीवानजी मार्केट में अपने परिचित मेंहदी अब्बास के निवास पर आयी थीं। दोपहर दो बजे पहुंची आयोग की उपाध्यक्ष का मेंहदी अब्बास, सय्यद अली व हसन अली ने स्वागत किया। करीब दो घंटे बाद वह यहां से रवाना हो गयी।



बबराला- हिंदू सम्मेलन को लेकर पत्रक वितरित करते आयोजक।

### गुन्नौर में 12 फरवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर में हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन 12 फरवरी को आयोजित किया जायेगा।

नगर गुन्नौर में 12 फरवरी (गुरुवार) को 11 बजे गुन्नौर अस्पताल के सामने, रविवार बाजार मैदान गुन्नौर पर आयोजित होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल मुख्य वक्ता होगें। जबकि मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर योग आश्रम बघरा, मुजफ्फरनगर व विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डा. प्रतिभा सारस्वत शामिल होंगी। यह जानकारी प्रदीप कुमार उर्फ टीटू यादव व धर्मेंद्र प्रजापति ने दी। उन्होंने बताया कि हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति न्याय पंचायत रसूलपुर (गुन्नौर) द्वारा होगा। उधर नगर बबराला व गुन्नौर में हिंदू समाज के लोगों ने जन संपर्क कर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पत्रक वितरित किए और सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गुन्नौर पति धर्मेंद्र प्रजापति, जुलियस सीजर,प्रदीप कुमार उर्फ टीटू, इंदीवर सिंह, महिपाल सिंह, विद्याराम पाल आदि रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मंगलवार को बबराला अनूप शहर मार्ग पर गांव केवलपुर उर्फ तिपेड़ा के पास बाइक सवार अरविंद पुत्र हुकुम सिंह व उनके चाचा जितेंद्र पुत्र राम गिरीश निवासीगण बसंतपुर डांडा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए उनको हायर सेंटर अलीगढ रेफर कर दिया।

# व्यापारियों ने ड्राइवर पर अभद्रता का आरोप लगाकर थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डाइवर पर अभद्रता का आरोप बबराला गाड़ी डाइवर पर अभद्रता का आरोप लगाकर व्यापारियों ने थाने पर पहुँचकर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। विशाल कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रमोद कुमार निवासी बाघऊ रोड बबराला ने तहरीर में कहा है कि 11 फरवरी को उसकी चचेरी बहन छवि की शादी है। वह 10 रुवरी की बहन की सगाई है।उसने 10 से 12 फरवरी तक के लिए 3 दिन को कार ड्राइवर से एक गाड़ी पुलिस थाना के बबराला टैक्सी स्टैंड से बुक की। कार ड्राइवर 9:30 बजे सुबह गाड़ी लेकर उसके आवास पर आ गया। कुछ देर के बाद उसने हमारे घर की बहन छवि (दुल्हन),शेफाली, गोरी व उसकी चाची निर्मला सगाई में जाने के लिए गहने आदि पहनकर गाड़ी में बैठ गई तभी उसने कहा कि हम घर का एक चक्कर लगाते हैं एक आदमी अभी घर से और बैठा देते हैं। थोड़ी देर रुक जाओ इतना कहते ही ड्राइवर तरन सिंह बिना कुछ कहे गाड़ी स्टार्ट करके गाड़ी लेकर राजघाट रोड पर तेज गति से भगा ले गया। तभी वह एकदम से घबरा गए। विशाल कुमार, विपुल कुमार , अभय कुमार व सुमित कुमार निवासी बबराला ने गाड़ी का पीछा किया। महिलाओं की सीखने चिल्लाने पर पीछा किया। ड्राइवर गाड़ी राजघाट रोड पर छोड़ भाग गया। ड्राइवर के खिलाफ उचित धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कानून कार्रवाई की जाये।

**शाह टाइम्स**

**Mob. 9837240139**

**नगर पालिका गेट के ऊपर तहसील रोड सम्भल**

# हाईटेंशन लाइन का निस्तारण नहीं होने पर डीएम कार्यालय पर जन सुनवाई में रहेंगे अधीक्षण अभियंता

**0जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में (डीटीएफ) की समीक्षा की गई। कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में आपरेशन काला कल्पकी समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा गुणवत्ता में सुधार को लेकर निर्देशित किया। रैम्प, रसोई घर, बालक बालिका मूत्रालय, दिव्यांगजन शौचालय, बाल मैत्रिक शौचालय, आदि पर चर्चा की। इसके अलावा सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों का इन्फास्ट्रक्चर, परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाईन को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि 18 फरवरी तक निस्तारण नहीं होता है तो विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियंता जिलाधिकारी के कार्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में रहेंगे तथा अधीक्षण अभियंता सहित समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत प्रतिदिन की प्रगति से उन्हे अवगत करायेंगे। बैठक में बच्चों की उपस्थिति निपुण एसेसमेंट ,सपोर्टिव सुपरविजन, आरटीई, रिमेडियल क्लास स्मार्ट क्लास, अपार आईडी, पीएम श्री विद्यालयों में आर ओ वाटर की उपलब्धता सोलर पैनल पर चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा अपार आईडी के लिए अभियान चलाने को निर्देशित किया।

# फिल्म के ज़रिये नफरत फैलाने की साज़िश: इकबाल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



**सम्भल।** कल्कि सम्भल' फिल्म पर सदर सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद ने भी तीखा हमला किया है और इसे सच्चाई नहीं, बल्कि नफरत फैलाने की साजिश करार दिया है।

1978 के दंगों और 24 नवंबर 2024 की घटना पर आधारित बताई जा रही फिल्म 'कल्कि सम्भल' को लेकर समाजवादी पार्टी का एक के बाद एक विरोध खुलकर सामने आ रहा है। सपा के वरिष्ठ नेता और सदर विधायक इकबाल महमूद ने 1978 और 24 नवम्बर 24 की घटना पर आधारित बतायी जा रही फिल्म 'कल्कि सम्भल' को लेकर समाजवादी पार्टी के विधायक नवाब इकबाल महमूद ने कड़ा विरोध किया है। फिल्म में शामिल किए गए किरदारों में 'भाईजान' और 'अब्बाजान' को लेकर पूछे गए सवाल पर सपा विधायक ने इसे सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सब सिर्फ पैसा कमाने और समाज में नफरत फैलाने का जरिया है। उन्होने कहा कि सम्भल की स्थिति कभी भी वैसी नहीं रही, जैसी इस फिल्म के जरिए दिखाई जा रही है। उन्होंने खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर कोई यह साबित कर दे कि सम्भल में 80, 84 या 85 लोगों की मौत हुई थी, तो वे अपने विधायक पद से इस्तीफा देने को तैयार हैं। उन्होंने यह बात विधानसभा में भी कही है और मुख्यमंत्री से भी यही मांग रखी है। सपा विधायक ने कहा कि यह मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है, ऐसे में किसी फिल्म या प्रचार के जरिए एकतरफा माहौल बनाना पूरी तरह गलत है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि फिल्म के जरिए समाजवादी पार्टी और मुसलमानों के खिलाफ जानबूझकर नकारात्मक माहौल तैयार किया जा रहा है ताकि लोगों की भावनाओं को भड़काया जा सके। उन्होने हिंदुओं के कथित पलायन के आरोपों को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि सम्भल में हिंदू और मुसलमान हमेशा सदभाव और भाईचारे के साथ रहते आए हैं और कोई भी यह साबित नहीं कर सकता कि किसी को जबरन पलायन के लिए मजबूर किया गया हो। उन्होंने 2024 में जामा मस्जिद को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि अब इन मुद्दों को 2027 के चुनावों से जोड़कर राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही उन्होंने निष्पक्ष जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की, जिसमें सत्ता पक्ष के सात और विपक्ष के तीन सदस्य हों, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।

# साथी छात्र-छात्राओं की यादों को संजोकर समारोह पूर्वक दी विदाई

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में साथी छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों के विद्यालय जीवन की सुनहरी यादों को संजोना और उन्हें आगामी जीवन के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण एवं रंगारंग सांस्ख्रतिक प्रस्तुतियों से हुई। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और भावनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विद्यालय जीवन की यादों को साझा किया, जिससे पूरा वातावरण भावुक और उल्लासपूर्ण बन गया। इस अवसर पर आयोजित मिस्टर एंड मिस फेयरवेल प्रतियोगिता में याहिया अथर को मिस्टर फेयरवेल तथा अनाबिया खान को मिस फेयरवेल चुना गया।



सम्भल- मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में विदाइ समारोह में पुरस्कार देते प्रबंधक।

विजेताओं को मंच पर क्राउन, सैश एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास को जीवन की कुंजी बताते हुए कहा कि विद्यालय में अर्जित ज्ञान उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यालय की निर्देशिका शबाना कोसर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और सही दिशा में प्रयास ही सफलता की पहचान है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक कोआर्डिनेटर फैजान अली, आईटी हेड जिया उल्लाह खान, मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम, किश्वर समन, सामिया अनवर, कमाल आरिफ, आमिर रजा, धर्मेंद्र ठाकुर, शिराज मसर्रत सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता की उम्मीद जताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक कोआर्डिनेटर फैजान अली, आईटी हेड जिया उल्लाह खान, मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम, किश्वर समन, सामिया अनवर, कमाल आरि, आमिर रजा, धर्मेंद्र ठाकुर, शिराज मसर्रत सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# मनरेगा यात्रा व संविधान बचाओ यात्रा का हिस्सा बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में आगामी 13 फरवरी को निकाली जाने वाली मनरेगा बचाओ/संविधान बचाओ यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की। जबकि यात्रा का अंतिम रूट मैप तैयार किया गया।

चन्दौसी रोड स्थित जिला काग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने बताया कि यह यात्रा ग्रामीण भारत की जीवनरेखा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) तथा देश के मूलभूत ढांचे भारतीय संविधान की रक्षा के लिए निकाली जा रही है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि केंद्र सरकार की नीतियाँ इन दोनों को कमजोर करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। जिसके विरोध में जन-जागरण एवं जन-आंदोलन आवश्यक हो गया है। यात्रा भवानीपुर चंदौसी रोड चौराहा (सम्भल), भवानीपुर, हैबतपुर, चंदायन चौराहा (डीलडाबरा), सिकंदरपुर, हसनपुर मुंजब्ता, शेर खाँ सराय, से होकर गुजरेगी। समापन आलम सराय अंबेडकर पार्क सम्भल में किया जायेगा। उन्होने बताया कि यात्रा दोपहर 2:00 बजे निर्धारित समय पर शुरू होगी तथा शाम को अंबेडकर पार्क पर एक सार्वजनिक सभा के साथ समाप्त होगी, जिसमें प्रमुख वक्ता संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होकर मनरेगा तथा संविधान की रक्षा के इस जन-आंदोलन का हिस्सा बनने और मनरेगा हमारा हक है, संविधान हमारी पहचान है, इन्हें बचाना हमारा फर्ज है का हिस्स बनने का आहवान किया। इस मौके पर शिव किशोर गौतम, इस अवसर पर शहर अधयक्ष शिव किशोर गौतम विजय शर्मा, डीके वाल्मीकि, सलीम सैफी, दाऊद पाशा, डा. मरगूब अहमद आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम पासपोर्ट में MOHAMMAD RAFI KHAN S/O MOHAMMED YASIN है। जबकि वास्तव में मेरा नाम MOHAMMED RAFI KHAN S/O MOHAMMED YAMIN है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**MOHHAMED RAFI KHAN s/o MOHAMMED YAMIN**
निवासी बाल विद्या विद्यालय के पास, चमन सराय, सम्भल,सम्भल।

# टीएमयू खो-खो में मेडिकल की शानदार जीत, लॉ कॉलेज को 4 अंकों से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप के तहत खो-खो महिला वर्ग के मुकाबलों में फिजिकल एजुकेशन ने फिजियोथैरेपी और एग्रीकल्चर ने सीसीएसआईटी को हराया तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप के तहत खो-खो महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबले में मेडिकल कॉलेज ने लॉ कॉलेज को 04 अंकों से मात दी। टॉस जीतकर मेडिकल की टीम ने पहले चेज करने का निर्णय लिया। पहली इनिंग में दोनों टीमों के बीच जबर्दस्त मुकाबला देखने को मिला और दोनों ने 10-10 अंक हासिल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। दूसरा सेट शुरू होने पर दर्शकों की धड़कनें तेज हो गईं। मेडिकल टीम ने दूसरे सेट में आक्रामक खेल दिखाते हुए 10 अंक जुटाए, जबकि लॉ टीम 6 अंकों पर सिमट गई। अंततः मेडिकल टीम ने यह मुकाबला 4 अंकों से अपने नाम कर लिया। जीत की हीरो मेडिकल टीम की ईशानी गुप्ता रहीं। फिजिकल एजुकेशन और फिजियोथैरेपी के मुकाबले में फिजिकल ने प्रथम इनिंग में ही 10 प्वाइंट्स से लीड लेकर मैच अपने नाम कर लिया। फिजियोथेरेपी के टॉस जीतकर पहले चेज करने का फैसला किया। फिजिकल एजुकेशन की ओर से दीक्षा भट्ट और ज्योति पायल ने रनर के तौर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस दौरान फिजिकल एजुकेशन के कोच मुकेश कुमार भी मौजूद रहे। सीसीएसईटी और एग्रीकल्चर कॉलेज के खो-खो के मुकाबले में सीसीएसईटी ने टॉस जीतकर पहले चेज को चुना। प्रथम पारी मे सीसीएसआईटी ने 5 चेज और एग्रीकल्चर ने 7 चेज किए। दूसरी पारी में एग्रीकल्चर कॉलेज ने चेज करते हुए समय खत्म होने से पहले 5 प्वाइंट्स अर्जित कर मैच जीत लिया। एग्रीकल्चर कॉलेज की ओर से राधिका ने सबसे अधिक समय को लेते हुए अपनी टीम को बढ़त बनाई।





## एक नजर

### गांधी नगर पब्लिक स्कूल में कुष्ठ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पकवाड़ा के क्रम में आज गांधी नगर पब्लिक स्कूल में कुष्ठ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शशि शर्मा ने कहा कि कुष्ठ को पुराने समय से पूर्व जन्मों का पाप समझा जाता है और छुआछूत करो समझ कर ऐसे रोगी के साथ भेदभाव किया जाता है। विद्यालय के अध्यापक श्री दर्पण सहगल जी ने कहा कि हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को अपना कर चलने वाला देश है अतः छात्र-छात्राओं का यह परम कर्तव्य है कि वह जागरूकता के माध्यम से कुष्ठ रोगियों से होने वाले भेदभाव को दूर करने के लिए प्रयास करें। डिस्ट्रिक्ट लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ0 भास्कर अग्रवाल ने बताया कुष्ठ से प्रभावित व्यक्ति सही समय पर उपचार पाकर विकलांगता से बच सकता है।

### नगर से कांवड़ बेड़े हरिद्वार के लिए रवाना



**कांठ( शाह टाइम्स )** हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए कावड़ बेड़े आज नगर से रवाना हो गए बंटी चौहान ने बताया कि शिव शंभू कांवड़ बेड़ा के साथ-साथ अन्य भी नगर के कांवड़ बेड़े आज हरिद्वार के लिए रवाना हुए हैं इस कावड़ बेड़े में दिग्विजय सिंह भोला सुधीर कुमार सुशांत सिंह सचिन कुमार पंकज कुमार मोहित कुमार मानव कुमार लक्ष्य ललित जेपी संयम हार्दिक विशाल चौहान हिमांशु ब्रह्मपाल नकुल सुनील कुमार अरविंद भोले प्रिंस कुमार आदि शामिल रहे।

बताया गया कि इसके साथ-साथ त्रिदेव कावड़ बेड़ा भंगड़ी कांवड़ बेड़ा आदि भी रवाना हो गए जो की 15 फरवरी को वापसी करने के बाद भगवान शिव का जला अभिषेक करेंगे।

### डीआईजी की बैठक में विधायक के प्रतिनिधि बनकर पहुंचे विक्रम सिंह यादव

**कांठ ( शाह टाइम्स )** डीआईजी की बैठक में कांठ विधायक कमाल अख्तर के प्रतिनिधि के रूप में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विक्रम यादव शामिल हुए और जनहित और सुरक्षा के मुद्दों पर लेकर अपनी बात रखी उन्होंने बताया कि जिले पर डीआईजी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी पार्टी के लोगों को निमंत्रण दिया गया लेकिन कांठ विधायक के प्रतिनिधि के रूप में यहां से विक्रम सिंह यादव इस बैठक का हिस्सा बने उन्होंने बताया कि बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था जनहित और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ जिसमें उन्होंने अपनी बात रखी बैठक में अन्य लोगों की भी काफी मौजूदगी रही।



### हैडिगं रासायनिक कीटनाशको का विकल्प बनेगा सोलर लाइट ट्रैप

**कुंदरकी।** फसलों को कीटो से बचाने के लिए रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिक.ूल असर पड़ता है इस समस्या से निजात पाने के लिए राजकीय कृषि रक्षा इकाई कुंदरकी पर किसानों को नवीन तकनीकी सोलर लाइट ट्रैप के प्रति जागरूक किया जा रहा है राजकीय कृषि रक्षा इकाई प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि कीटो को नियंत्रण में रसायनों के प्रयोग को कम करने के लिए लाइट ट्रैप एक प्रभावी यांत्रिक विधि है कृषि विभाग सोलर सिस्टम आधारित लाइट ट्रैप अनुदान पर उपलब्ध करा रहा है इसमें बल्ब के प्रकाश से आकर्षित होकर कीट उसमें टकराते हैं और उसमे लगी कीप के माध्यम से पानी मे गिरकर नष्ट हो जाते है वर्तमान में सोलर से चार्ज होने वाले लाइट ट्रैप भी उपलब्ध हैं जिसमें बिजली वह बैटरी की आवश्यकता नहीं होती खेतों में लाइट ट्रैप फसल की ऊंचाई से लगभग 2 फीट ऊपर लगाना चाहिए इसे शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक जालना सबसे अधिक प्रभावित रहता है एक एकड़ क्षेत्र के लिए एक लाइट ट्रैप पर्याप्त होता है इस लाइट ट्रैप को खेत के बीचो-बीच लगाया जाना चाहिए प्रकाश प्रपंच के माध्यम से कीटों का प्रकोप प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सकता है।

# हावर्ड कान्वेंट स्कूल में विज्ञान व हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में विज्ञान एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान एवं हस्तकला संबंधित सभी विषय पर वर्किंग मॉडल बनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में होने वाली दैनिक प्रार्थना एवं मां सरस्वती वंदना के साथ मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर के प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल एवं शिक्षक विवेक राजपूत, प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई एवं विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



हावर्ड कान्वेंट स्कूल में आयोजित विज्ञान एवं हस्तकला भव्य प्रदर्शनी के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अनुज अग्रवाल एवं विवेक राजपूत ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए वर्किंग मॉडल की काफी सराहना एवं प्रशंसा करते हुए मॉडल का महत्व बताकर कर उनका मार्गदर्शन भी किया। प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने छात्र-छात्राओं के साथ सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हस्तकला अपने आप में एक महत्वपूर्ण कला है जो हमें करके सीखने की प्रेरणा देती है और इस कला से हम एक नहीं अनेक वर्किंग मॉडल बनाना सीख जाते हैं इसलिए हमें अपनी शिक्षा को प्रैक्टिकल कर सीखना चाहिए। प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने मुख्य अतिथि डॉक्टर अनुज अग्रवाल एवं विवेक राजपूत का विद्यालय आगमन पर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और समस्त शिक्षकों का छात्रों के वर्किंग मॉडल में मार्गदर्शन करने एवं इस भव्य प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए आभार एवं धन्यवाद किया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया।

# ट्यूवेल कॉलोनी में सिंचाई खंड की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन, अध्यक्ष ने दिए दिशा-निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक मंडल कार्यालय मुरादाबाद के ट्यूबवेल कॉलोनी स्थित मीटिंग हॉल में की गई। जिसमे पुराने कार्यों की समीक्षा की गई, अधिकांश लंबित कार्य पूर्ण कर लिए गए। कुछ कार्य जैसे महमूदपुर रजवाहा को कोकरपुर से गागन नदी में मिलाने , मुंडा पांडे शिवपुरी महाविद्यालय के सामने नहर का पुल , तथा महमूदपुर रजवाहा की शिल्ट सफाई ठीक से न होने पर अध्यक्ष ने नारा. जगी व्यक्ति की और संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को पूर्ण करने हेतु जिम्मेदारी सुनिश्चित की। प्रबंधतंत्र को भी प्रयास कर लखनऊ मे ईएनसी से तुरंत संपर्क करने को कहा। बताया कि पानी की आवश्यकता न होने के कारण नहरों में पानी नहीं है, एक सप्ताह बाद डिमांड के आधार पर सभी नहरों में पानी छोड़ दिया जाएगा। इस समय नहर कटिंग, कुलाबे, सुखा और बाढ़ सम्बन्धी कोई समस्या नहीं है केवल एक राष्ट्रीय नलकूप विद्युत दोष एवं दो नलकूप यांत्रिक दोष के कारण बंद है जिन्हें एक सप्ताह के अंदर ठीक करने का आदेश अध्यक्ष ने दिया। बर्तमान में डायरेक्ट ट्यूबवेल को 10 घंटे, ग्रामीण लाइन को 18 घंटा तथा शहरी क्षेत्र में 22 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। सन् 2012; 13 से निशुल्क सिंचाई व्यवस्था के कारण कोई धन सम्बन्धी समस्या भी नहीं है। लघु सिंचाई के अंतर्गत हुए बोरिंगों की छूट की धनराशि क्रमानुसार भेजनी प्रारंभ कर दी गई है। जिससे सम्बंधित किसान लाभान्वित होंगे। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई, उपाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में अधिशासीअभियंता सिंचाई रवि प्रकाश सिंह अधिशासी अभियंता नलकूप खंड 2 श्रद्धा भट्ट , अधिशासी अभियंता नलकूप खंड 4 कु व पूजा, सहायक अभियंता नलकूप राकेश कुमार, सहायक अभियंता अमित कुमार , अफजलगढ़ सिंचाई खंड से एडीओ राणा मनोरविन्द सिंह , लघु सिंचाई से अजय कुमार गौतम , विद्युत विभाग से सहायक अभियंता सर्वेश कुमार , नलकूप 3 से सुशील कुमार यादव तथा बाढ़ खंड से एडीओ मुकेश कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



# बार-बार थकान या इन्फेक्शन हो सकता है ब्लड कैंसर का संकेत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत में हर साल बड़ी संख्या में लोग ब्लड कैंसर से प्रभावित होते हैं, लेकिन इनमें से कई लोग इन बीमारियों के बीच अंतर को ठीक से नहीं समझ पाते। ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मायलोमा को समझना समय पर पहचान और सफल इलाज के लिए बेहद जरूरी है। ब्लड कैंसर की शुरुआत बोन मैरो या लिम्फैटिक सिस्टम से होती है, जिससे सामान्य ब्लड सेल्स का बनना प्रभावित हो जाता है। सॉलिड ट्यूमर से अलग, ये कैंसर शरीर की सर्कुलेटरी और इम्यून सिस्टम को प्रभावित करते हैं, इसलिए सही मेडिकल जांच के बिना इनकी पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. सत्यरंजन दास ने बताया "ल्यूकेमिया तब होता है जब बोन मैरो असामान्य व्हाइट ब्लड सेल्स बनाने लगता है, जो अनियंत्रित रूप से बढ़ते हैं। ये खराब सेल्स स्वस्थ ब्लड सेल्स की जगह घेर लेते हैं, जिससे शरीर की इन्फेक्शन से लड़ने और ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता कम हो जाती है। ल्यूकेमिया के चार मुख्य प्रकार होते हैंख्रएक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (।स्स्), एक्यूट मायलॉइड ल्यूकेमिया (।डस्), क्रॉनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकेमिया (ब्स्स्) और क्रॉनिक मायलॉइड ल्यूकेमिया (ब्डस्)। एक्यूट प्रकार तेजी से बढ़ते हैं, जबकि क्रॉनिक प्रकार कई सालों में धीरे-धीरे विकसित होते हैं। लगातार थकान, बार-बार इन्फेक्शन होना, बिना कारण चोट के निशान पड़ना, मसूड़ों से खून आना और बुखार इसके आम लक्षण हैं। भारत में कई मरीज इन्हें सामान्य कमजोरी या विटामिन की कमी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे सही समय पर डायग्नोसिस नहीं हो पाता।"





लिम्फोमा, लिम्फोसाइट्स को प्रभावित करता है, जो इम्यून सिस्टम का अहम हिस्सा हैं। यह बीमारी लिम्फ नोड्स से शुरू होती है और पूरे लिम्फैटिक सिस्टम में फैल सकती है, जो शरीर के हर हिस्से में फैला होता है। हॉजकिन लिम्फोमा, जिसमें रीड-स्टर्नबर्ग सेल्स पाए जाते हैं, आमतौर पर युवाओं को प्रभावित करता है और इसके इलाज के नतीजे काफी अच्छे होते हैं। नॉन-हॉजकिन लिम्फोमा इसके कई सब-टाइप्स का समूह है और भारत में यह अधिक आम पाया जाता है। गर्दन, बगल या जांघ में बिना दर्द की सूजन इसका पहला संकेत हो सकती है। इसके अलावा बिना वजह वजन कम होना, रात में ज्यादा पसीना आना, लगातार खुजली, और बिना किसी साफ कारण के बुखार भी इसके लक्षण हो सकते हैं। डॉ. सत्यरंजन ने आगे बताया "मल्टीपल मायलोमा बोन मैरो में मौजूद प्लाज्मा सेल्स को प्रभावित करता है, जो सामान्य रूप से इन्फेक्शन से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाते हैं। जब ये सेल्स कैंसरग्रस्त हो जाते हैं, तो बोन मैरो में जमा होकर हड्डियों को कमजोर और इम्यूनिटी को प्रभावित करते हैं। मायलोमा में अक्सर हड्डियों में दर्द होता है, खासकर रीढ़ और पसलियों में। कई बार मामूली दबाव में भी हड्डियां टूट जाती हैं, जिसे पैथोलॉजिकल फ्रैक्चर कहा जाता है। हड्डियों के टूटने से कैल्शियम लेवल बढ़ सकता है, जिससे किडनी से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जो भारत में पहले से मौजूद क्रॉनिक किडनी डिजीज के मामलों को देखते हुए और भी चिंताजनक है। शुरुआती लक्षणों में लगातार कमर दर्द, बार-बार इन्फेक्शन, एनीमिया और ज्यादा प्यास लगना शामिल हैं। कई मरीज इन अलग-अलग लक्षणों का इलाज कराते रहते हैं, बिना यह जाने कि इसके पीछे कोई ब्लड कैंसर हो सकता है।" रेगुलर हेल्थ चेक-अप और कम्प्लीट ब्लड काउंट जैसी जांचों से ब्लड कैंसर की ओर इशारा करने वाली गड़बड़ियां सामने आ सकती हैं। शहरी भारत में एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सुविधाएं तेजी से बढ़ रही हैं, वहीं सरकारी पहल ग्रामीण इलाकों में हेल्थकेयर की पहुंच सुधारने पर काम कर रही हैं। कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और बात ज्-ब्मसस थेरेपी जैसे आधुनिक इलाज से आज मरीजों को नई उम्मीद मिल रही है, खासकर तब जब कैंसर की पहचान शुरुआती स्टेज में हो जाए। इन बीमारियों के फर्क को समझना लोगों को समय पर लक्षण पहचानने और सही मेडिकल सलाह लेने में सक्षम बनाता है।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में वित्तीय साक्षरता सप्ताह की शुरुआत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की हरथला शाखा ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 का शुभारंभ किया। इस दौरान आम जनमानस को सुरक्षित बैंकिंग और केवाईसी के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वित्तीय साक्षरता सप्ताह 9 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसका मुख्य विषय 'केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की पहली सीढ़ी' है। इस वर्ष मुरादाबाद क्षेत्रीय कार्यालय की 64 शाखाएं इस कार्यक्रम का आयोजन करेंगी।कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय की श्रुति सिंह ने केवाईसी की आवश्यकता बताई, जबकि वित्तीय साक्षरता सलाहकार रोहित सेठ ने साइबर धोखाधड़ी से बचाव के तरीके समझाए। मुख्य प्रबंधक भारती भटनागर ने बैंक सखी द्वारा दी जा रही सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। बैंक ने जागरूकता सामग्री भी वितरित की।कांठ तहसील की अनेक शाखों में यह सप्ताह आज भी शुरू नहीं हुआस इन शाखाओ ने रिजर्व बैंक के आदेश को हवा में उड़ा दिया।

# एबीसी किड्स स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके पहले दिन मंगलवार को सभी बच्चों को रेड, ब्लू, ग्रीन और येलो चार हाउसों में विभाजित किया गया। स्कूल की संचा. लिका संगीता भार्गव ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और खेलकूद के माध्यम से भी भविष्य संवारा जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की पीटी से हुई, जिसमें उन्होंने मनमोहक प्रदर्शन किया। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के लिए दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्री-नर्सरी फ्री फील रेस, नर्सरी 100 मीटर, एलजी हॉप रेस, यूकेजी बटरफ्लाई रेस, प्रथम कक्षा 100 मीटर, द्वितीय कक्षा 200 मीटर तथा तृतीय से पांचवी कक्षा तक 400 मीटर रेस शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में प्री-नर्सरी से वंश, सारांश, अथर्व; नर्सरी से दिव्यम, श्रुति, वियांश; एलजी से कृष्णा मनन, पावनी, देवीष; यूकेजी से एरिका, विवेक, आयुष्मान, आदर्श, अनव्य, तन्वी, शौर्य व नवनीत; प्रथम कक्षा से फराज, साधना, द्रव्य, चरित; द्वितीय कक्षा से अयाज, पार्थवी, सोना, नक्ष; तृतीय कक्षा से अभी व रुद्रा; चतुर्थ कक्षा से अराध्य, अभिनय; तथा पांचवी कक्षा से मीत, सारा और आरव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शालू, निशा, सिल्की, प्रिया, काजल, संतोष, दीक्षा, स्वेता, नीरज, मंतशा, लक्षिता, सरिता, मीनू, दिया, वंशिता, हुमा, दीपा, वंशिका, अध्या, शिल्पा, सोनल, रूपाली, मनप्रीत, आरती, जूही, सेजल, प्रगति सहित समस्त अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र सिराज को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में सिराज के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व की वास्ता नहीं होगा।

**मोहम्मद शफी पुत्र सिराजुल हक निवासी ग्राम अल्लाहपुर थाना टांडा जिला रामपुर।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र इरफान अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इरफान अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**अहसान अली पुत्र मकबूल अली व श्रीमति मोमिना जहाँ पत्नी अहसान अली निवासीगण ग्राम दलपतपुर पोस्ट वीरपुर थान तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 12.02.2026
**उत्तरा० वाद सं०:**187 सन् 2025
श्रीमती शकुंलता **बनाम जनता आम**

1. श्रीमति शकुंलता आयु लगभग 62 वर्ष पत्नी श्री हरिओम, 2. विश्वजीत कुमार आयु लगभग 44 वर्ष, 3. संजीव कुमार आयु लगभग 40 वर्ष, 4. सुनील चन्द आयु लगभग 28 वर्ष, 5. संगीता आयु लगभग 28 वर्ष पुत्रगण/पुत्री हरिओम समस्त निवासी गण हाउस नं. 101 सीतापुरी दस सराय थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रार्थीगण।**

**बनाम**
**जनता आम**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमति शकुंलता हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमति शकुंलता मुसबफा हरिओम अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.1,08,700/-हरगाह मुसम्मा श्रीमति शकुंलता ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 12 मास 02 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि. ) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सब्जीपुर वि० ख० कुंदरकी ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं. सब्जीपुर ग्राम निधि एवं केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनांक: 10.02.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खंड कुंदरकी की ग्राम पंचायत सब्जीपुर में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 ( यथा संसोधित 1994 ) के नियम संख्या 157 सहपठीत नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2020-21 के क्रम में ग्राम निधि एवं केंद्रीय वित्त, आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित है।

| क्र० सं० | कार्य का प्रकार | प्राक्कलन लागत जीएसटी सहित | निविदा का प्रकार | सामग्री/पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि ( रू० में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इकबाल के घर से जानी के सामने चौराहे तक दीवार एवं सीसी इंटर लॉकिग टाईल्स निर्माण कार्य। | - | सामग्री आपूर्ति | 612969 | 12260 | 250 | 3 माह |
| 2 | पंचायत भवन से इकबाल के घर तक दीवार एवं सीसी टाईल्स कार्य। | - | सामग्री आपूर्ति | 603103 | 6031 | 250 | 3 माह |

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 11.02.2026 | प्रातः 10.00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 14.02.2026 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने जाने का दिनांक | 14.02.2026 | दोपहर 03.00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सब्जीपुर विकास खण्ड**
**कुंदरकी, जिला मुरादाबाद**

# उच्च न्यायालय ने एसएम कॉलेज की शिक्षिका की याचिका की खारिज

**चन्दौसी।** माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज/इलाहाबाद ने एस.एम. कॉलेज, चन्दौसी में संविदा पर कार्यरत शिक्षिका द्वारा दायर रिट 1852/2026 को धोखाधड़ी पाए जाने के आधार पर लागत सहित खारिज कर दिया है। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड आदेश के अनुसार, याचिकाकर्ता ने 25 जनवरी 2026 को शपथपत्र दिया, जबकि आदेश 27 जनवरी 2026 को पारित हुआ, जिसे न्यायालय ने स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी माना। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने और बेहतर विवरण के साथ नई याचिका दायर करने की अनुमति मांगी, जिस पर न्यायालय ने याचिका को वापस लेकर खारिज करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल में 1000 रु0 का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया तथा नई याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी। इस मामले में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद, प्राधिकृत नियंत्रक एस.एम. कॉलेज/जिलाधिकारी संभल एवं आयोग चयनित प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव को पक्षकार बनाया गया था। विधिक जानकारों का कहना है कि न्यायालय की इस टिप्पणी के आधार पर महाविद्यालय द्वारा कठोर कार्रवाई संभव है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी शिक्षिका को अपनी याचिका वापस लेनी पड़ी थी तथा 6 फरवरी 2025 को दर्ज कराई गई शिकायत पुलिस जांच में खारिज हो चुकी है। प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव की ओर से एडवोकेट गिरीश कुमार यादव और विश्वविद्यालय की ओर से एडवोकेट प्रशांत माथुर ने पैरवी की, जबकि याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट नारायण दत्त शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में फार्मेसी मार्केटिंग पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में फार्मेसी छात्र-छात्राओं के लिए ''फार्मेसी कक्षा से फार्मा मार्केटिंग क्षेत्र: एक व्यावहारिक यात्रा'' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। सत्र के मुख्य वक्ता व विश्वविद्यालय के बी.फार्मा 2017 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में एल्केम लेबोरेट्रीज लिमिटेड, बरेली में एरिया बिजनेस मैनेजर के पद पर कार्यरत श्री उमेश गुप्ता ने अपने व्याख्यान में फार्मेसी की पढ़ाई से लेकर फार्मा मार्केटिंग के व्यावहारिक क्षेत्र तक की अपनी पेशेवर यात्रा के संस्मरण को साझा किया। उन्होंने फार्मा मार्केटिंग की संरचना, मेडिकल




रिप्रेजेंटेटिव की भूमिका, बिक्री रणनीतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फार्मा मार्केटिंग एक रणनीतिक एवं उत्तरदायी क्षेत्र है, जिसमें वैज्ञानिक ज्ञान के साथ-साथ संचार कौशल, प्रस्तुतीकरण क्षमता, समय प्रबंधन और नैतिक मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों से अवगत कराते हुए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक एवं उद्योग-उन्मुख सत्र फार्मेसी छात्रों के कॅरियर मार्गदर्शन के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं और कार्य-संस्कृति से परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि फार्मेसी के विद्यार्थियों के लिए फार्मा मार्केटिंग एक महत्वपूर्ण करियर विकल्प है, जिसमें ज्ञान, कौशल और नैतिकता के संतुलन की आवश्यकता होती है। इस तरह के सत्र विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपने भविष्य की दिशा तय करने में भी सहायता प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक व एसओएस स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सत्र के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस सत्र के आयोजन में डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव एवं सुश्री अंजली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ऋतिका सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।

# बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता पर हमले के प्रयास को लेकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी, मुरादाबाद ने अपने सम्मानित सदस्य एडवोकेट मोहम्मद मुस्तफा के साथ हुई गंभीर घटना को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वही अधिवक्ताओं ने बुध बाजार चौकी पर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा भी किया। जानकारी के अनुसार एडवोकेट मोहम्मद मुस्तफा 10 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे रोज की तरह कचहरी परिसर जाने के लिए भोजपुर बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान काशीपुर की ओर से आ रही एक प्राइवेट सुपर फास्ट बस को उन्होंने रोकने का इशारा किया, लेकिन बस चालक ने जानबूझकर बस की रफ्तार तेज कर दी और उन्हें टक्कर मारने के इरादे से बस चढ़ाने का प्रयास किया। समय रहते वे पीछे



हट गए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।इसके बाद मोहम्मद मुस्तफा दूसरी बस से मुरादाबाद बस स्टैंड पहुंचे और बस न रोकने की शिकायत प्राइवेट बस यूनियन के अध्यक्ष पप्पी लाला से की। आरोप है कि इस पर यूनियन अध्यक्ष ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि उनके लिए बस नहीं रुकेगी। विरोध करने पर बस कर्मचारियों बृजेश, हाजी शाहीद, इरफान, आबिद, शरीफ सहित करीब 20 लोगों ने गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट पर आमादा हो गए।मौके पर मौजूद सुमित मिश्रा और शाकिब ने किसी तरह अधिवक्ता को बचाया। आरोपियों ने भविष्य में बस रोकने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से आहत अधिवक्ता ने न्याय की गुहार लगाई है। बार एसोसिएशन ने एसएसपी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# एएसपी अनुज चौधरी पर एफआईआर के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को वर्ष 2024 के विवादित संभल शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में एएसपी अनुज चौधरी (पूर्व सीओ, संभल) के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के जिला न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। इससे पहले जनवरी में संभल की सीजेएम अदालत ने हिंसा के दौरान एक युवक को गोली लगने के आरोपों को लेकर एएसपी अनुज चौधरी, इंस्पेक्टर अनुज तोमर सहित अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि उक्त आदेश पारित होने के तुरंत बाद सीजेएम विभान्शु सुधीर का संभल से तबादला कर दिया गया था। गौरतलब है कि 19 नवंबर 2024 को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसक झड़पें हुई थीं। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा दायर



याचिका पर अदालत के आदेश से यह सर्वे कराया गया था, जिसका उद्देश्य यह तय करना था कि मस्जिद मूल रूप से मंदिर थी या नहीं। हिंसा के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई थी,

जबकि पुलिसकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित लगभग दो दर्जन लोग घायल हुए थे। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस का प्रयोग करना पड़ा था। वहीं, पिछले वर्ष अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कथित रूप से संलिप्त तीन आरोपियों मोहम्मद दानिश, फैजान और नाजिर को जमानत प्रदान की थी।

## नगला पूर्वा प्राथमिक विद्यालय मामला: एआरपी नाजिम ने आरोपों को बताया साजिश

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के नगला पूर्वा प्राथमिक विद्यालय में आयतें लिखे पोस्टर लगाए जाने के मामले में विद्यालय में कार्यरत एआरपी नाजिम ने अपनी सफाई पेश की है। नाजिम ने बताया कि वह विद्यालय में एआरपी का कार्य देखते हैं और उन्हें कार्य के सिलसिले में अक्सर बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना से एक दिन पूर्व ही बीएसए अलका शर्मा द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया था, उस समय विद्यालय की दीवारों पर किसी भी प्रकार के पोस्टर नहीं लगे हुए थे।

एआरपी नाजिम का कहना है कि उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी पूर्व में भी निलंबित हो चुकी हैं और जहां-जहां उनकी तैनाती रही है, वहां किसी न किसी विवाद में उनका नाम सामने आता रहा है। फिलहाल इस प्रकरण में एआरपी नाजिम व प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी को निलंबित कर दिया गया है।

# ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग की, वन विभाग ने दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** दूल्हापुर पट्टी गांव में एक तेंदुए ने विजयपाल सिंह के घर में घुसकर पालतू कुत्ते को मार डाला। यह घटना शनिवार रात को हुई, जिसके बाद रविवार रात को भी तेंदुआ दो बार घर में आया। लगातार तेंदुए के आने पर सोमवार को ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी और घटनास्थल पर प्रदर्शन कर पिंजरा लगाने की मांग की। रात को कुत्ते को मारने के बाद, रविवार रात को रवि कुमार घर के आंगन में कार में शीशे बंद करके बैठे थे। रात करीब 12 बजे तेंदुआ दीवार कूदकर आंगन में आ गया। रवि ने फोन पर परिजनों को सूचना दी, लेकिन जब तक वे उठे, तेंदुआ भाग गया। सुबह 4 बजे तेंदुआ फिर घर में आया। रवि ने दोबारा परिजनों को बताया, जो छत पर पहुंच गए। शोर सुनकर तेंदुआ परिजनों के सामने ही छलांग लगाकर घर से भाग गया।सोमवार को ग्राम प्रधान वेद प्रकाश सिंह ने वन विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर वन दरोगा पीयूष जोशी अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाने की मांग की।वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को खेतों में काम करने के लिए समूह में लाठी-डंडे लेकर जाने की सलाह दी। पीयूष जोशी ने ग्रामीणों को जल्द ही गांव में पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में आनंद सिंह, रविकुमार, शैलेंद्र कुमार, छोटे सिंह, नरपत सिंह, देवेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# किसानों के भविष्य को नई दिशा देती शॉर्ट मूवी का निर्माण शुरू

## शॉर्ट मूवी में डॉ. अय्यूब हुसैन सीईओ एग्रोहब एक वैज्ञानिक के रूप भूमिका निभाएंगे

**मुरादाबाद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों पर राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (NFDC) द्वारा जल संचय एवं जलीय खेती पर आधारित एक प्रेरणादायक शॉर्ट मूवी का निर्माण किया जा रहा है। इस फिल्म में विशेष रूप से पर्ल्स (मोती) फार्मिंग और उत्तर प्रदेश सरकार की खेत-तालाब योजना को प्रमुखता से दर्शाया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में उत्तर प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों को शामिल किया गया है। फिल्म का मुख्य उद्देश्य किसानों को जलीय खेती के प्रति प्रेरित करना, कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के आधुनिक तरीकों की जानकारी देना तथा किसानों की आय को दोगुना करने की संभावनाओं को उजागर करना है। शॉर्ट मूवी में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया गया है, ताकि किसान इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर और खुशहाल जीवन की ओर बढ़ सकें।

इस शॉर्ट मूवी में डॉ. अय्यूब हुसैन, सीईओ, एग्रोहब उत्तर प्रदेश, एक वैज्ञानिक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। वे जलीय खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों और कम लागत में अधिक आय के



व्यावहारिक उपायों को सरल और सहज भाषा में किसानों तक पहुंचा रहे हैं। पूरी फिल्म में उनकी भूमिका को बेहद अहम माना जा रहा है। फिल्म की शूटिंग में प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ वास्तविक किसानों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है, जिससे फिल्म की विश्वसनीयता और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। किसानों के बीच यह शॉर्ट मूवी पहले से ही काफी सराहना बटोर रही है। इस परियोजना के निर्माण में कृषि विभाग, कानपुर तथा बीएसए कानपुर का विशेष सहयोग रहा है। उम्मीद की जा रही है कि शूटिंग पूर्ण होने के बाद यह शॉर्ट मूवी आधुनिक खेती और जलीय कृषि को बढ़ावा देने में किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस पूरे कार्यक्रम में डायरेक्टर आनंद कुमार त्रिपाठी, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी कुशवाहा तथा कृषि विभाग, कानपुर का अत्यंत सहयोग रहा। यह समस्त शूटिंग NFDC द्वारा की जा रही है।

# एसडीएम ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की टेबलेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत एसडीएम विनय कुमार सिंह राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट एवं कंपोजिट विद्यालय बिलारी में बच्चों को अल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंगलवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बच्चों को स्वस्थ रहने और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभ उठा कर बच्चे स्वस्थ रह सकते हैं। जिस प्रकार माह अगस्त और फरवरी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाती है।

बताया कि पेट में पनप रहे कीड़ों से बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है और वह बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, इसलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस योजना का लाभ उठाते हुए सभी बच्चे इस टैबलेट का सेवन करें, चिकित्सा अधीक्षक डां राजपाल सिंह, डॉ श्वेताम्बरी त्यागी द्वारा कंपोजिट विद्यालय बिलारी में बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बच्चों को साफ रहने, हैंड वॉश करने खाना खाने से पूर्व हाथों को साफ करने साफ सफाई रखना आदि के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, प्रधानाचार्य के साथ-साथ सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# एमआईटी संस्थान में वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र के पंचम दिन आज प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम ष्इतनी शक्ति हमें देना दाताष प्रार्थना की गई। प्रथम सेशन में श्री आर के सिंह, ए सी एम ओ द्वारा बचाव के तरीके को समझाया गया और सीपीआर का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि कैसे आपदाओं के समय में लोगों को बचाया जा सकता है और उनकी जान बचाई जा सकती है। दूसरे सेशन में डॉ अनुपमा मिश्रा द्वारा जतपंहम के बारे में विस्तार से समझाया गया और वार्डन की भूमिका पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कैसे वार्डन आपदाओं के समय में लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा सकते हैं और उनकी मदद कर सकते हैं। तत्पश्चात नीरज चक, उपनियंत्रक द्वारा अतिथि वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तीसरे सेशन में श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0वे0) द्वारा बचाव का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि कैसे आपदाओं के समय में लोगों को बचाया जा सकता है और उनकी जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, डॉ शफीक अहमद, शरीफ अहमद अनुज कुमार गुप्ता आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

## एक नजर

### कलश स्थापना पर निकाली गांव में कलश शोभायात्रा



**कांठ (शाह टाइम्स)।** सलेमपुर गांव में आज मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज और कलश की स्थापना की गई। भाजपा नेता अनुज बिश्नोई ने बताया की कलश स्थापना से पहले गांव में शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर गांव में भ्रमण करती हुई चामुंडा देवी स्थान पहुंची और उसके बाद स्वामी जगदेवानंद महाराज ने विधिपूर्वक मंदिर के शिखर पर कलश और धर्म दिवस की स्थापना कराई। यात्रा का मुख्य आकर्षण कलश लेकर चलती हुई छोटी-छोटी कन्याएं रही इसमें सलोनी बिश्नोई बंसी बिश्नोई पन्नू बिश्नोई दिव्यांशी कनिका राखी बिश्नोई ममता बिश्नोई श्रद्धा बिश्नोई आरती बिश्नोई उषा देवी केला देवी अर्चना बिश्नोई भावना बिश्नोई एवं सभी महिलाओं का सहयोग रहा।

### छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक




**सुरजन नगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. कुलदीप कुमार व्यास ने इस कार्यक्रम का शुभारंभकिया।शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए पास के गांवों का भ्रमण किया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता पर जोर दिया।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य भूपेंद्र सिंह के साथ शिक्षक स्वर्ण पाल शर्मा अरुण कुमार और विजय कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुलदीप, प्रदीप, कनिका, कविता, निशा, विशाखा, मनीषा, राहुल, अमित, सुमित और कपिल सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

### कुलदीप शर्मा को विश्व हिंदू परिषद में मिली जिला विधि प्रमुख की जिम्मेदारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** विश्व हिन्दू परिषद ठाकुरद्वारा जिले की बैठक मे विभाग संघठन मंत्री ब्रजेश कुमार, जिला संघटन मंत्री देवेश राणा की उपस्थिति मे कांठ छेत्र के पचोकरा गांव निवासी एडवोकेट कुलदीप शर्मा को जिला विधि प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद( ठाकुरद्वारा )मुरादाबाद जिला घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त छजलेट के गांव दुहलेपुर निवासी रंजीत कुमार को विश्व हिन्दू परिषद के छजलेट खण्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, खुशहालपुर निवासी हरवीर सैनी को विश्व हिन्दू परिषद छजलेट खंड का मंत्री बनाया गया है। जिला बैठक मे सचिन विश्नोई, बिर्जेश कुमार, देवेश कुमार राणा, कुलदीप शर्मा, हरवीर सैनी, रंजीत कुमार, शंकर राजपूत, अजय कुमार, सुभाष कुमार,रवि कुमार, रजनीश गर्ग,अलका कुमारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिला से मारपीट में छह पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने महिला से मारपीट किए जाने के आरोप में छ: पर एफआईआर दर्ज की है। पाठन्गी निवासी रेशमा पत्नी आसिफ का आरोप है की 9 फरवरी की शाम करीब 6:00 बजे उसके घर में गांव के आलमगीर व इंतजार पुत्रगण अलाउद्दीन नवाजिश पुत्र अल्तमश अल्तमस पुत्र इंतजार नरगिस पत्नी आलमगीर रुखसाना पत्नी इंतजार ने आकर उसकी मां अनीशा के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी इसका विरोध किया तो उन्होंने मारपीट कर उसकी मां को चोट पहुंचाई गांव वाले आए तो वह जान से मारने की धमकी देकर चले गए। रेशमा थाने पहुंची और उसने सभी के खिलाफ थाने में तहरीर दी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### टीम ने दलपतपुर पराग डेयरी का किया विजिट




**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** विकासखंड बिलारी से एक टीम को पराग डेयरी के लिए रवाना किया गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह, ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार के अलावा व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह ने स्कूली बच्चों की एक टीम को दलपतपुर स्थित पराग डेरी के लिए रवाना किया। एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत बच्चों ने पराग डेयरी के अंदर घूम कर जानकारी हासिल की, वहां होने वाले कार्य आदि के बारे में जाना, अध्यापक राजीव कुमार, स्वदेश कुमार, मोहम्मद सुलेमान अंसारी, वरुण कुमार, पुष्पेंद्र, पराग आदि अध्यापक भी टीम में शामिल रहे। जहां बच्चों को जानकारी दी गई कि किस तरह से पराग डेयरी के भीतर कार्य किया जाता है और किस-किस उत्पाद का निर्माण किया जाता है, कहां-कहां से दूध कलेक्ट करके यहां से जनता तक सप्लाई किया जाता है। इसके अलावा हर चीज का बारीकी से अध्ययन और निरीक्षण भी कराया गया।



## कटघर पुलिस व एएनटीएफ यूनिट मेरठ की बड़ी कार्रवाई, 3 किलो 60 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कटघर पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) मेरठ की संयुक्त टीम ने



बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस ने थाना कटघर क्षेत्र में संयुक्त ऑपरेशन के दौरान 3 किलो 60 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद की गई अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से एक कार भी बरामद की है, जिसका प्रयोग मादक पदार्थों की तस्करी में किया जा रहा था।गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी बदायूं जनपद, उत्तर प्रदेश और बेतिया,बिहार के निवासी बताए जा रहे हैं।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना कटघर पुलिस और ।छ्ज्थ यूनिट मेरठ की टीम को लंबे समय से इन तस्करों की गति. विधियों पर नजर थी। मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपी एक संगठित तस्कर गिरोह से जुड़े हुए हैं और मादक पदार्थों की आपूर्ति विभिन्न जिलों एवं राज्यों में करते थे।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और उन्हें न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।एसपी सिटी ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा और इस प्रकार की गति. विधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## डीआईजी ने रिजर्व पुलिस लाइंस का किया निरीक्षण कानून-व्यवस्था व महिला सुरक्षा पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डीआईजी मुनिराज जी के द्वारा मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, अनुशासन एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा करना रहा।डीआईजी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की गुणवत्ता, अनुशासन, टर्नआउट एवं ड्रिल का गहन अवलो. कन करते हुए संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने क्वार्टर गार्द, पुलिस मैस, कैन्टीन, कार्यालयों, आवासीय परिसर एवं अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान विशेष जांच प्रकोष्ठ, डीसीआरबी एवं फील्ड यूनिट का भी निरीक्षण किया गया।अभिलेखों की जांच करते हुए



लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं कार्य में गुणवत्ता लाने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महिला हेल्प डेस्क, परामर्श केंद्र, महिला सहायता प्रकोष्ठ, महिला सम्मान कोष, मानवाधिकार आयोग प्रकोष्ठ एवं महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मिशन शक्ति का निरीक्षण किया गया। डीआईजी ने महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।डीआईजी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं, महिला अपराधों एवं जनसुनवाई की समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर स्थानीय समस्याओं एवं जनसुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने मीडिया से संवाद करते हुए पुलिस की कार्यवाहियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति, आगामी त्यौहारों एवं कांवड़ यात्रा को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी साझा की।

निरीक्षण के अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं आमजन के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह,एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह एवं एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी कांठ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविरों की श्रृंखला का प्रथम शिविर संपन्न



**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई एस.एम. कॉलेज, चन्दौसी द्वारा आयोजित प्रथम चार एक दिवसीय विशेष शिविरों की श्रृंखला का पहला शिविर कौशल विकास हेतु युवा शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत राज. `श कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, ग्राम देवराखेड़ा में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर के शुभारंभ पर स्वयंसेवकों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया, जिसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य एस.एम. कॉलेज प्रोफेसर डॉ. आर.ए.एस. यादव ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को अनुशासित, समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बाद स्वयंसेवकों की टोली बनाकर गांव में सर्वेक्षण किया गया, जिसमें ग्रामवासियों की समस्याओं की जानकारी एकत्र की गई। द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों ने समस्याओं के समाधान पर मंथन किया तथा आगामी शिविरों की रूपरेखा भी तैयार की। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।

### जनपद न्यायालय के सामने अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**चन्दौसी।** मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी के सामने अवैध रूप से बनी दुकानों को ध्वस्त किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा पहले ही न्यायालय के सामने से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर सोमवार को जिलाधिकारी ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को कार्रवाई के आदेश दिए थे। बार-बार चेतावनी के बावजूद दुकान मालिकों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। मंगलवार को नगरपालिका टीम ने लेखपाल वरुण कुमार, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार व प्रियंका सिंह तथा आरआई ऋषभ कुमार की मौजूदगी में लगभग दो घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान अवैध दुकानों को हटाया। बताया गया कि दुकान मालिक ने एडीएम न्यायालय में मामला दायर किया था, जिसे न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि न्यायालय के सामने अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी।

### मीडिया व पुलिस के प्रयास से पिकअप चालक से वसूले गए 25 हजार रुपये कराए वापिस

**चन्दौसी।** 07 फरवरी को पिकअप चालक (यूपी 24 एच 5760) और बलेनो कार (यूपी 21 डीके 7730) चालक के बीच हुए विवाद के दौरान स्वयं को दारोगा बताकर 25 हजार रुपये वसूलने के मामले में मंगलवार को पिकअप चालक की पूरी रकम वापस कर दी गई। पिकअप चालक का आरोप था कि उसे जबरन गौशाला रोड स्थित एक कमरे में बैठाकर दबाव बनाया गया और पेटीएम के माध्यम से 25 हजार रुपये उसके खाते से मंगाए गए थे, जिसकी तहरीर उसने ऑनलाइन तथा कोतवाली में दी थी। मंगलवार को जिस व्यक्ति के खाते में रुपये डलवाए गए थे, उसने दो बार में पूरी रकम वापस भेज दी। इसके बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी गलती स्वीकार करते हुए आपसी समझौता कर लिया और उसका लिखित विवरण कोतवाली में सौंप दिया। वहीं एक पक्ष ने स्पष्ट किया कि जिस व्यक्ति को दारोगा बताया जा रहा था, वह पुलिसकर्मी नहीं है, बल्कि उसके उपनाम के कारण उसे दारोगा कहा जाता है। पिकअप चालक रुपकिशोर शर्मा ने बताया कि मीडिया और पुलिस के प्रयास से उसे उसकी राशि वापस मिल गई।

### यज्ञ समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन



**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत गांव रतनपुर स्योंडारा में चल रहे पांच दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का पूर्ण आहुति के साथ मंगलवार को समापन हुआ। समापन होने पर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने भोजन ग्रहण किया। श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भंडारे का आयोजन गांव वालों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। व्यवस्था में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामप्रकाश यादव, सोनू मिश्रा, गुंजन मिश्रा, बाबा ज्ञानदास, यजमान मुकेश मिश्रा, रामनिवास मिश्रा, सोहनलाल मिश्रा, दिनेश मिश्रा, सतीश यादव, आरामसिंह यादव, आशीष मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

### मतदान के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी।** मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के तत्वावधान में ग्राम पतरौआ स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक चेतना, नागरिक जिम्मेदारी, अनुशासन एवं सेवा भावना का विकास करना रहा। शिविर का शुभारंभ प्रात: प्रेरणादायक एवं अनुशासनात्मक गतिविधियों के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेविकाओं को पीटी अभ्यास कराया गया तथा संकल्प गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कर्तव्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा छात्राओं को मतदाता जागरूकता एवं मतदान के महत्व, लोकतंत्र में मतदान की भूमिका तथा निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया और 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पोस्टर निर्माण गतिविधि, ग्राम पतरौआ में जागरूकता रैली तथा मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रभावी विचार प्रस्तुत किए। उक्त सभी कार्यक्रम प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल एवं द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका के निर्देशन में संपन्न हुए। अंत में छात्राओं के सक्रिय सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।

## विशाल हिन्दू सम्मेलन में हिंदू एकता और संस्कारों पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, कृष्ण नगर के तत्वावधान में पंचायत भवन में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी स्वरूपानंद यति जी महाराज (सिद्धपीठ हथियाराम मठ), पंच दशनाम जूना अखाड़ा रहे। शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया, इसके पश्चात सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत हुआ।मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृज मोहन ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करने वाला एक गैर-राजनी. तिक संगठन है, जो आपदाओं,





विभाजन काल और समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहा है। विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री श्री अरुण जी व महानगर सह कार्यवाहक श्री प्रमोद जोशी जी ने हिंदू एकता, सामाजिक समरसता और पंच परिवर्तन के संकल्पोंख्रपर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वावलंबन और सामाजिक समरसता पर बल दिया। महामंडलेश्वर स्वामी स्वरूपानंद यति जी ने हिंदू संस्कृति, उपासना पद्धति और संस्कारों की रक्षा पर जोर देते हुए कहा कि भावी पीढ़ी को गौरवशाली इतिहास और संस्कार देना आवश्यक है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ। अध्यक्षता श्री पंकज महेश्वरी जी ने की। सैकड़ों हिंदुत्व समर्थक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## नगर का दूषित पनी बना लाइनपारवासियों व ग्रामीणों के लिए बनी बड़ी परेशानी



**कुंदरकी।** नगर के लाइन पर पानी नकासी बना किसानों व राहगीरों के लिए मुसीबत, बताते चलें लाइन रेलवे पुल से हाईवे तक नाला निर्माण पूर्ण हो चुका हे। पानी की आगे निकासी न होने के कारण खड़ी किसानों की फसलों में गंदा पानी जा रहा है। जिससे किसने की फसल नष्ट होने की पूर्ण संभावना जताई जा रही है कुछ किसानों के गेहूं के खेतों मे भी नगर का प्रदूषित पानी जमा है दर्जनों किसानों के खेती ने तालाब का रूप धारण कर लिया है। चांदपुर मंगोल मौसमपुर के अलावा अन्य गांव का रास्ता मार्ग से जाता हैं । मार्ग इस बेकाबू पानी से क्षतिग्रस्त हो रहा है। लाइन पर वासियों एवं किसनो ने नगर पंचायत स्थानीय प्रशासन इस पानी निकासी का हाल ढूंढो की मांग जल्द से जल्द की हैं। अन्यथा स्थिति और खराब हो जएगी दूषित पानी गांव की तरफ प्रवेश कर रहा है लोगों में रोष कुंदरकी नगर का पानी कृषि को एवं ग्रामीण को नुकसान पहुंच रहा प्रशासन नगर पंचायत इस तरफ जजल्द से जल्द इस समस्या का समाधान ढूंढे।

## टीएमयू में एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत तीर्थंकर महाव. ीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "थिंक, स्पीक एण्ड इंस्पायर" रही, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में त्वरित सोच, प्रभावी अभिव्यक्ति और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, नेतृत्व, संप्रेषण कौशल एवं उद्यमशील सोच को बढ़ावा देना है, जिसे टिमिट ने इस आयोजन के माध्यम से साकार किया। कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी 2026 को टिमिट परिसर में किया गया, जिसमें बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों ने विभिन्न समसामयिक, सामाजिक एवं प्रबंधकीय विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत कर मंच को विचारशील संवाद से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री उरूज





इजहार, अकादमिक काउंसलर, स्कॉलर डेन एवं टिमिट की बीबीए 2024 एलुमनी रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रभावी वक्तृत्व कला, आत्मविश्वास और करियर निर्माण में संप्रेषण कौशल की भूमिका पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर डीन, टिमिट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने अपने सशक्त उद्बोधन में कहा कि एक्सटेम्पोर जैसी अकादमिक गति. विधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि टिमिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि विचारशील, आत्मविश्वासी और समाज के लिए नेतृत्व प्रदान करने वाला नागरिक बनाना है। डॉ. विपिन जैन ने आयोजन से जुड़े सभी राष्ट्रीय संस्थानों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से टिमिट में शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार को नई दिशा मिल रही है। अंत में अतिथि, समन्वयकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार, टिमिट में आयोजित यह एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता शैक्षणिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, आत्म-अभिव्यक्ति और नेतृत्व विकास का एक सशक्त मंच बनकर उभरा।

### 14 फरवरी को होगा हाजियों का टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** हज-2026 में हज को जाने वाले आजमीने हज का टीकाकरण मदरसा बशीरूल उलूम कुनदरकी में होगा।

जिला हज ट्रैनर तसलीम खान ने बताया कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मुरादाबाद के पत्र से अवगत कराया गया है कि 14 फरवरी को मदरसा बशीरूल उलूम कुन्दरकी में हज 2026 में हज को जाने वाले आजमीने हज को क्वाड्रिवेलेन्ट मेनिनजाइटिस सिंगल डोज व 65 वर्ष से अधिक आयु के जायरीन के सीजनल इन्फ्लूएंजा वैक्सीन तथा ओरल पोलियो ड्रॉप पिलाई जायेगी।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 302-DRM-MB-25-26 dt. 09.02.2026 |
| Name of Work | Provision of coping & VDC flooring at PF no. 6 & 7 of Moradabad railway station under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date & Time | 06/03/2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,36,34,412.97 |
| Earnest Money (Rs.) | 218200.00 |
| Tender Cost (Rs) | 00 |
| Bidding Start Date | 20/02/2026 |
| Period of Completion | 6 Months |

No. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 09.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 450/26

**कार्यालय ग्राम पंचायत करिया नगला सानी विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 10.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत करिया नगला सानी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 25.02. 2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 25.02. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इरशाद के घर से नवासे के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 120 मी0 | 404118.00 | 500 | 2% | 3 माह |
| 2 | वालिद के घर से हिकमत के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 367372.00 | 500 | 2% | 3 माह |
| 3 | इमली के घर से मुज्जमिल के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 309133.00 | 500 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत करिया नगला सानी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2014अनुक्रमांक 0829414 का प्रमाण पत्र- सह-अंक पत्र वास्तव में खो गया है। सायवा पुत्री शारून किशनपुर गामडी, ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम Pavni Thakur पुत्री रिंकू कुमार है, जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0 6991 6698 5764 में उसका नाम Palak Thakur अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम **Pavni Thakur** पुत्री रिंकू कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**भवदीय**-रिंकू कुमार पुत्र श्री दिनेश पाल सिंह निवासी 6 बी/211, फेज 2 बुद्धि विहार जिला मुरादाबाद।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भोजपुर।** पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में गांव ठिकरी निवासी नसीम को गिरफ्तार किया है। आरोपी नसीम पुत्र मोबीन को उप निरीक्षक अजीत सिंह ने गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। 30 जनवरी को 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने के मामले में किशोरी के पिता ने मुक. दमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरा. `पी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दहेज हत्या में पति व ससुर को कारावास

## न्यायालय ने लगाया अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे सप्तम ने दहेज को लेकर हत्या के मामले में पति जितेन्द्र सिंह को आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड एवं ससुर शेर सिंह को छह माह के कारावास व दो हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मगन सिंह पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम औरगजेब पुर गुलाल उर्फ डबासोवाला ने थाना किरतपुर में दस दिसम्बर 2017 को घटना के संबंध में तहरीर दी थी कि उन्होंने अपनी बेटी सरस्वती की शादी ढाई वर्ष पूर्व ग्राम शाहपुर सुक्खा निवासी शेर सिंह के पुत्र जितेन्द्र सिंह के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक दान-दहेज दिया था। लेकिन सरस्वती को उसी दिन से परेशान करते हुए दहेज में दो लाख रुपए लाने की मांग की जाने लगी। उसके साथ मारपीट की गई। जिसके बाद मैं अपने भाइयों व रिश्तेदारों के साथ सरस्वती की ससुराल ग्राम शाहपुर सुक्खा गया। उन्होंने अपने समधी शेर सिंह व दामाद जितेन्द्र सिंह से दहेज के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि या तो दो लाख रुपए दे दो, वरना अपनी बेटी को सात ले जाओ। इसके बाद वह वापस घर लौट आए थे। नौ दिसम्बर को उन्हें जानकारी मिली की। उनकी बेटी सरस्वती को दहेज की मांग पूरी न होने पर मार दिया गया है। इस संबंध में पुलिस ने जितेन्द्र व उसके पिता शेर सिंह के विरूद्ध धारा 498 ए, 304 बी, 323 आईपीसी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की थी। रिपोर्ट में जितेन्द्र की बहन पूनम को भी नामजद किया गया था। पुलिस ने अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई थी। न्यायालय एडीजे सप्तम ने अभियुक्त जितेन्द्र सिंह को आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड एवं उसके पिता शेर सिंह पुत्र गरीबा सिंह को छह माह के कारावास एवं दो हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# हैड कांस्टेबल व महिला सिपाही की अश्लील वीडियो वायरल

## एसपी ने दोनों को किया सस्पैंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रेहड़ थाने में तैनात हैड कांस्टेबल एवं महिला सिपाही की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी अभिषेक ने दोनों को सस्पैंड कर दिया है। इस वीडियो के वायरल होने से जमकर फजीहत हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार रेहड़ थाने में तैनात हैड कांस्टेबल एवं महिला सिपाही के बीच अवैध संबंध है। इनके द्वारा एक कमरे में पूरी तरह से नग्न अवस्था में शारीरिक संबंध बनाए जाने के दौरान इसकी वीडियो भी बनाई गई। सूत्रों का कहना है कि अलग-अलग दिशाओं से बनाई गई छह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। इनके वायरल होने से विभाग में हड़कम्प मच गया। एसपी अभिषेक ने इस संबंध में अफजलगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पैंड कर दिया है।

दूसरी तरफ इस वीडियो को देखने वालों का मानना है कि यह खुद आरोपियों के द्वारा बनाई गई है। माना तो यह जा रहा है कि हैड कांस्टेबल ने ही यह वीडियो बनाई होगी। लेकिन सवाल यह उठता है कि इसे सोशल मीडिया पर वायरल किसने किया। एक वीडियो में महिला सिपाही वर्दी में है। जो हस्त मैथून करती हुई दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि हैड कांस्टेबल का यह मोबाइल उसके किसी नजदीकी के हाथ लगा होगा और उसने ही इसे वायरल किया होगा। यह तो पुलिस की जांच का विषय है। लेकिन एक अनुशासित विभाग के कर्मचारियों की ब्लू फिल्म वायरल होने से हड़कम्प मचना लाजमी है।

# रमजान में गर्भवती महिलाएं रखें अपना ख्याल : डॉ. खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** डॉ. शुमायला खान ने कहा कि रमजान माह में गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गों को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रमजान बरकतों और रहमतों का पाक महीना होता है। रमजान में रोजा रखने वाली गर्भवती महिलाओं को खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इस पाक महीने में किए गए सभी अच्छे कर्मों का फल कई गुना ज्यादा मिलता है। वैसे तो रमजान के दौरान सभी रोजेदारों के लिए एक जैसे ही नियम होते हैं। लेकिन गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष परिस्थितियों में कुछ रियायत दी गई हैं।

जसपुर मार्ग स्थित नगर के प्रसिद्ध एसएल नर्सिंग होम की महिला चिकित्सक डॉ. शुमायला खान ने एक विशेष भेंट बताया कि गर्भवती महिलाओं को रोजे के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



## संतुलित आहार पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं रोजा रखने के दौरान भरपूर आराम करें और चक्कर आने या कमजोरी होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श करें। जिनमें शरीर में पानी की कमी से बचना चाहिए। पानी की कमी हाइड्रेशन को पूरा करने के लिए इफ्तार से सहरी के दरमियान पर्याप्त पानी पिएं। सहरी में फाइबर युक्त भोजन करें। इफ्तार में प्रोटीन के लिए अंडा, मांस, मछली को शामिल करें। मीठा और तला हुआ खाना न खाएं। मिठाई और तली हुई चीजों से बचना चाहिए। शरीर को आराम की अधिक आवश्यकता होती है। इसलिए दिन में जितना हो सके आराम करें। शारीरिक मेहनत कम करें और वजन उठाने या लंबे समय तक चलने-फिरने से बचें। अपने चिकित्सक से मिलकर स्वास्थ्य और गर्भावस्था के अनुसार रोजा रखने की सलाह लें। यदि चक्कर आए, सिरदर्द, मतली या गर्भ में शिशु की हलचल कम महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। गर्भावस्था की तीसरी तिमाही में शरीर को अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता होती है, इसलिए रोजा रखने में सावधानी बरतें। गर्भावस्था में उपवास करने का निर्णय मां की स्थिति पर निर्भर करता है। यदि रोजा रखने से मां या शिशु को खतरा हो, तो रोजा तोड़ने की अनुमति है। उसे बाद में 'कजा' किया जा सकता है। फोलेट और विटामिन डी के सप्लीमेंट्स लेना बंद न करें।

# हज उमरा के दौरान सभी अरकानों को पूरा करते हुए इबादत करें: मुफ्ती उवैस अकरम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हज और उमरा की पवित्र यात्राओं पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए जामा मस्जिद में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती उवैस अकरम द्वारा की गई।

प्रशिक्षकों ने आगामी हज उमराह पर जाने वाले जायारीनों को उमराह से संबंधित प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि जायरीन को हज के दौरान अरकानों को पूरा करते समय कुछ जरूरी चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए। जायरीन अपने साथ जरूरत का ही सामान लेकर जाएं, सामानों की पैकिंग सही तरीके से करें। जो व्यक्ति कोई विशेष बीमारी की दवा खाता है, तो अपनी दवा साथ ले जाएं। अपने साथियों के साथ ही कैंप में रहें, कोई दिक्कत हो तो घबराएं नहीं बल्कि पूछताछ केंद्र से संपर्क करें। उन्होंने हज यात्रियों से कहा कि आमतौर पर जो लोग पहली बार उमरा के लिए जाते हैं, उन्हें हरम मक्का में प्रवेश और तवाफ की शुरुआत और अंत के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। ऐसे लोगों को काबा का तवाफ करते समय संतुष्टि दिखानी चाहिए और निर्धारित नियमों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि वे शांति से तवाफ कर सकें।

इस मुबारक कार्य को इबादत की नियत से पूरी ईमानदारी और श्रद्धा के साथ करें। अपने समय को कीमती बनाने की भरपूर कोशिश करें, दिल से दुआ करें, अपने लिए साथ ही साथ देश में अमन, चैन और खुशहाली के लिए भी दुआ करें। शरीयत की रोशनी में हर कार्य को करने का प्रयास करें। उन्होंने तीर्थयात्रियों से आग्रह किया और कहा कि यात्रा में हर साथी को एक-दूसरे का खयाल रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर खरीदारी पर ज्यादा ध्यान नहीं दें। सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. समी, हाजी अब्दुल राजिक सहित लगभग 40 लोग मौजूद रहे।

# दुकानदार के साथ मारपीट मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मौहल्ला चौधराना निवासी अ. मुनाफ पुत्र मौ. आसिफ ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि जब वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी उसी के मौहल्ले के रहने वाले इमरान पुत्र बुल्ला पीड़ित मुनाफ की परचून की दुकान से सामान लेने के लिए आये। मुनाफ के साथ आरोपी इमरान की सामान को लेकर दुकान के बाहर गाली गलोच व कहासुनी हो गयी, तो इमरान ने उसके परिवार के दो लडकों को बुला कर मुनाफ के साथ मारपीट शुरु कर दी। मारपीट में मुनाफ को मुंह पर चोटे आयी है। पडोसियों के आने के बाद इमरान व उसके परिवार के दोनों लड़के मुनाफ को जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पीड़ित मुनाफ की शिकायती तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत



**रेहड़।** आज सुबह काशीपुर हाईवे पर बस स्टैंड के पास ट्रक और गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत हो गई। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे गहरे गड्ढे में जा घुसा। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक चालक गुलजार पुत्र शमीम निवासी ग्राम खंडजा कुतुबपुर थाना लक्सर (हरिद्वार) व हेल्पर रियाज पुत्र फय्याज निवासी लंढ़ौरा, रुड़की मेडिकल ग्लूकोज पानी लेकर पुहाना, रूड़की से नेपाल जा रहा था। इसी दौरान आज सुबह लगभग साढ़े पांच बजे जैसे ही वह रेहड़ बस स्टैंड के पास पहुंचा, तो उसके ट्रक का ड्राइवर साइड का अगला टायर अचानक फट गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रहे किसान राजन सरीन पुत्र सतीश सरीन निवासी ग्राम रायपुरी के गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद हाईवे किनारे गहरे गड्ढे में जा घुसा। किसान राजन सरीन अपने ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लेकर अफजलगढ़ स्थित शुगर मिल जा रहे थे। इसी दौरान कांवड़ यात्रा के चलते हाइवे वन - वे होने के कारण दोनों वाहनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर चालक किसान राजन सरीन ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर ट्रक चालक पर लापरवाही से ट्रक चलाते हुए टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए ट्रैक्टर ट्राली की क्षतिपूर्ति की मांग की है। ट्रक चालक गुलजार ने ट्रक का टायर फट जाने के कारण इसे इत्तेफाकिया दुर्घटना बताया है। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला के साथ की मारपीट

**नगीना।** ग्राम तेलीपुरा निवासी एक महिला ने तहरीर देकर मारपीट की शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ग्राम नारायण पुर रामजी उर्फ तेलीपुरा निवासी खूब सिंह की पत्नी रोशनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके साथ परिवार के ही सीता पुत्र भुक्कन सिंह, नौबाहर पुत्र सीता, कृष्णपाल पुत्र सीता और रवीना पत्नी कृष्णपाल आदि किसी बात को लेकर घर आये और पीड़िता के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करना शुरु कर दिया। उसने बताया कि आरोपीगण मारपीट करने के बाद रोशनी को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। रोशनी की तहरीर के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## एक नजर

### कांग्रेस की तेरह को पदयात्रा



**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आज पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष (संगठन) जावेद अंसारी ने किया। बैठक में 13 फरवरी को प्रस्तावित मनरेगा पदयात्रा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि जनपद में यह पदयात्रा प्रभावी ढंग से आयोजित की जाएगी। जिसमें पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण मजदूर तथा आम जनता बड़ी संख्या में भाग लेगी। पदयात्रा के माध्यम से केंद्र की नीतियों के खिलाफ जनजागरण किया जाएगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों को उजागर किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद ओमवती देवी, पूर्व आईएएस आर.के. सिंह, मौहम्मद अकबर, मौहम्मद सलीम, हाजी नसीम, हरिराज सिंह, काजी आतिफ, अनिल त्यागी, गुरमुख सिंह, मिस्बाहुल हसन, वसीम अकरम, अब्दुल समद, निजामुद्दीन, रईस कुरैशी, त्रिलोक शर्मा, हुकुम सिंह, फुरकान अंसारी, दिलावर सिंह, नजाकत अली कंभौर, विश्वमोहन सिंह, नदीम नजाकत, नौशाद अंसारी, नदीम अहमद, नदीम फारुकी, प्रदीप ठाकुर, रईस अहमद, नरपाल सिंह, दिलराम सिंह, मलखान सिंह, रतिराम, निरपाल सिंह, शम्सुद्दीन चौधरी, राजेंद्र, मौहम्मद आरिफ, सुखराम सिंह, नूर अली, फहीम अहमद, राम रतन, सुकेश कुमार शमीम कुरैशी, हाफिज शद्दन, आरिफ मकरानी, वसीम अहमद, महेश कुमार, अंकित कुमार, कोमल, विकुल कुमार, गजेंद्र सिंह, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तार चोरी में पुलिसकर्मी का भाई गिरफ्तार

**अफजलगढ़।** सुआवाला-जसपुर मार्ग पर काफी समय से विद्युत पोल से तार चोरी के मामले में प्रकाश में आ रहे थे। विद्युत विभाग द्वारा लगातार एंटी पावर थेफ्ट थाना बिजनौर में चोरी की सूचना दर्ज कराई जा रही थी, परंतु चोर हाथ नहीं आ रहे थे। पुलिस ने तार चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए बताया कि रोहित कुमार उर्फ लाला पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम नारायणवाला थाना रेहड़, अबरार अंसारी पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम मुनव्वपुर सैद थाना शेरकोट, हेमराज उर्फ तारा पुत्र दलीप सिंह, मनीष कुमार उर्फ छोटू पुत्र राजपाल सिंह, अरूण पुत्र चुन्ना सिंह निवासीगण ग्राम नारायणवाला थाना रेहड़, नईम अहमद पुत्र तसलीम निवासी ग्राम भगोता उर्फ हरेवला थाना शेरकोट को कुंटलों तारों व उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल होने वाले उनके वाहन को भी सीज किया गया। जबकि फरार शेखर पुत्र उमेश व सुमित पुत्र बलराम निवासीगण ग्राम नारायणवाला, थाना रेहड़ की तलाश है। तार चोरी प्रकरण में पुलिसकर्मी का भाई भी शामिल है। जो बीए पास कर पुलिस की भर्ती के लिए कोचिंग कर रहा था। इसके अलावा बड़ा भाई पुलिस में है। पिता सरकारी अध्यापक है। युवक ने चंद पैसों के लालच में आकर अपना भविष्य अंधकार में कर लिया है।

### गुलदार का शव बरामद



**रेहड़।** ग्राम फतेहपुर धारा निवासी अमरजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह का गन्ने का खेत सेंटर चौराहे के पास स्थित है। देर शाम वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर को किसान अमरजीत सिंह के गन्ने के खेत में गुलदार का शव पड़ा होने की सूचना मिली। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार के शव को केहरीपुर जंगल स्थित रेंज कार्यालय परिसर ले आई। पैनल में शामिल डॉ. पीएस कोहली धामपुर, डॉ. विनय कुमार नूरपुर और डॉ. एसपी सिंह कासमपुर गढ़ी से रेंज कार्यालय परिसर में गुलदार के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। गुलदार की मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए उसके बिसरे को जांच के लिए बरेली भेजा गया है। इसके पश्चात गुलदार के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि मृतक गुलदार नर था और उसकी उम्र लगभग 15 माह है। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता लगेगा।

# बजट में दिव्यांगों को दिया जाए विशेष पैकेज : पाशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पिछले कई दशकों से दिव्यांगों के हकों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ब्रांड एंबेसडर लोकसभा चुनाव एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांगों को प्रदेश सरकार से काफी उम्मीदें है। सरकार को आम बजट में दिव्यांगों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।



## सरकार से दिव्यांगों को काफी उम्मीदें

एक बयान में उन्होंने कहा कि आज तक सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट को लेकर दिव्यांग जनों में काफी उत्साह है। उन्हें सरकार से उम्मीद है कि दिव्यांग पेंशन 15000 रुपए प्रति माह की जाए। दिव्यांगजन एक्ट 2016 लागू किया जाए। दिव्यांगजन आरक्षण चार प्रतिशत से दस प्रतिशत किया जाए। दिव्यांगजनों को निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव में आरक्षण प्रदान किया जाए। विधानसभा, लोकसभा, विधान परिषद व राज्यसभा में उनको आरक्षण प्रदान किया जाए। इसी के साथ उनके रोजगार की व्यवस्था की जाए। बैकलॉग आरक्षण के हिसाब से उनको सरकारी नौकरी की व्यवस्था की जाए। दिव्यांग कार्ड सभी प्रावधानों में लागू की जाए। जैसे बस व ट्रेन आदि में दिव्यांगजनों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से उम्मीद करते है कि उत्तर प्रदेश सरकार का बजट दिव्यांग हित में होगा। आज पेश किए जा रहे बजट से काफी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दिव्यांगजन उपेक्षा के शिकार है। उन्हें सम्मानजनक सुविधाए नहीं मिल पा रही हैं, जो उचित नहीं है।

# बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

## मॉडर्न एरा में स्वास्थ्य संरक्षण के लिए कार्यक्रम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु एल्बेंडाजोल टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में समस्त छात्र-छात्राओं को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. के.के. रोहुल (डिप्टी सीएमओ, बिजनौर), फारूक अजीज (डीपीएम, एनएचएम बिजनौर), नितिन कुमार गौर (डीयूएचसी, एनयूएचएम, बिजनौर), श्रीमती डॉ. मजुषा गुप्ता (डी.एम.ओ. बिजनौर), श्रीमती पूनम रानी (डीसीपीएम, बिजनौर), श्रीमती कविता रानी (पीएसआई, बिजनौर) तथा विद्यालय की निदेशक एवं प्रधानाचार्या डॉ. सीमा विश्वास उपस्थित रही। विद्यालय में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा एल्बेंडाजोल दवा के महत्व, उपयोग, लाभ एवं संभावित सावधानियों के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अस्वच्छ भोजन एवं गंदगी के कारण पेट में कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनसे बचाव हेतु प्रत्येक छह माह में इस दवा का सेवन आवश्यक है।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने कहा कि यह अभियान विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यत महत्वपूर्ण है। विद्यालय द्वारा इस मुहिम की शुरुआत की गई है, जिसे निरंतर आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का विद्यालय में आकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने एवं समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल टैबलेट वितरित की गई तथा उन्हें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

# दोहरा मापदंड: सड़क पर सख्ती, बाग पर ढील

## 35 पेड़ों की अनुमति न मिलने से 4 महीने से अटकी सड़क, पास ही सैकड़ों पेड़ रातों-रात कटे





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक ही क्षेत्र की दो तस्वीरें प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। एक ओर दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण परियोजना बीते चार महीनों से अधर में लटकी हुई है, तो दूसरी ओर इसी मार्ग से कुछ ही दूरी पर हरे-भरे आम के बागों को रातों-रात उजाड़ दिया गया। दोनों मामलों में पेड़ों की कटाई ही मुद्दा है, लेकिन नियमों का पालन और कार्रवाई का तरीका अलग-अलग नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक सड़क चौड़ीकरण के लिए करीब 28 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत है। इस मार्ग पर आने वाले लगभग 35 पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग से अनुमति नहीं मिल सकी है।

विभाग का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार से स्वीकृति नहीं आती, तब तक न तो पेड़ काटे जा सकते हैं और न ही सड़क निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जा सकता है। नतीजतन, चार महीनों से सड़क निर्माण ठप पड़ा है। अधूरी और बदहाल सड़क के कारण रोजाना राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का दावा है कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते हैं और कई लोग घायल हो चुके हैं, यहां तक कि जान गंवाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। कांवड़ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजनों के दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को भी खासी दिक्कतें हो रही हैं।

### 80 पेड़ों की परमिशन: रेंजर

इस संबंध में धामपुर रेंजर शशांक गुप्ता ने बताया कि कुल 80 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पेड़ों की कटाई से पूर्व तहसील एवं राजस्व विभाग की रिपोर्ट भी अनिवार्य होती है और उसी के आधार पर वन विभाग अनुमति प्रदान करता है।

इसके उलट, इसी नेशनल हाईवे से कुछ ही दूरी पर स्थित आम के हरे-भरे बागों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर दी गई। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यहां कॉलोनी बसाने की तैयारी के तहत रातों-रात सैकड़ों पेड़ काट दिए गए। विभागीय जानकारी रखने वालों का कहना है कि जिला स्तर पर अधिकतम 50 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन इस प्रकरण में कथित तौर पर फाइलों के माध्यम से नियमों में हेरफेर कर अधिक संख्या में पेड़ों की कटाई को मंजूरी दी गई। बताया जा रहा है कि बाग की दो अलग-अलग फाइलें तैयार कर 40-40 पेड़ों की अनुमति ली गई।

इस दोहरे मापदंड को लेकर धामपुर के नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि नियम पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाए गए हैं, तो उनका पालन सभी के लिए समान होना चाहिए। जनहित की परियोजनाएं फाइलों में अटक जाएं और निजी हितों के लिए नियमों में लचीलापन दिखाया जाए, यह व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए जल्द से जल्द आवश्यक अनुमति दिलाई जाए और बागों में हुई कथित अनियमित कटाई की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बावजूद इसके, स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब जनहित से जुड़ी सड़क परियोजना के लिए अनुमति मिलने में महीनों लग रहे हैं, तो निजी कॉलोनी के लिए रातों-रात बाग उजाड़ने की प्रक्रिया इतनी तेजी से कैसे पूरी हो गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में अविश्वास प्रस्ताव

यह देखना बेहद दुखद है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद में टकराव बढ़ता जा रहा है और अब यह टकराव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला को पद से हटाने तक पहुंच गया है। कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा। कांग्रेस सूत्रों की मानें, तो नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि 1:15 मिनट पर उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। जबकि अविश्वास प्रस्ताव के लिए केवल 50 की जरूरत होती है। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध नोटिस पर उसमें लगाए गए आरोपों की जांच होगी और नियमानुसार जांच के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्रवाई को लेकर सचिवालय विचार करेगा। नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला सदन की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। सत्ता पक्ष के सदस्यों को सदन में पर्याप्त समय बोलने का दिया जाता है जबकि विपक्षों को बार-बार अनावश्यक रूप से रोका टोका जाता है। नोटिस में 2 फरवरी के दिन का भी जिक्र किया गया है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। नोटिस में इस बात को उठाया गया है कि किस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री के न आने का कारण बताया गया था। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर केसी वेणुगोपाल का है जबकि दूसरे पर द्रमुके टीआर बालू का और तीसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव हैं। नोटिस की प्रतिक्रिया में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे पर सदन में नहीं आने की बात कही है। जहां विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष को उनकी कार्यप्रणाली को लेकर कटघरे में खड़ा कर रहा है, वहीं भाजपा उनके साथ पूरी तरह खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा सांसद संबिद पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। यह आरोप-प्रत्यारोप तो चलते रहेंगे, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि संसद का नजारा आजकल जिस तरह देखने में आता है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे लोकतंत्र को बुरी तरह प्रभावित करने वाला है। हमारे माननीयों को लगता है कि अब किसी बात की चिंता नहीं रह गई है और वह अपने हितों को ही सर्वोपरि मानकर आगे बढ़ रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो संसद सुचारू रूप से चले, इसका इंतजाम अब तक हो चुका होता। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी संसद न चलने को समान रूप से जिम्मेदार हैं, लेकिन यहां यह कहना जरूरी है कि संसद सुचारू रूप से चले इसकी सबसे जिम्मेदार सरकार की होती है।

## किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा



खेती से जुड़ी हर चीज विदेश से आएगी, तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा, ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा, जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा, तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा, आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है, किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती, सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है, कभी भूमि अधिग्रहण के नाम पर खेती छीनने की साजिश रची जाती है, कभी काले कानूनों के जरिए किसानों को संकट में धकेला जाता है। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# तोड़ डाले 1.5 लाख आशियाने और टियर्स टूरिज्म



**पवन सिंह**

एक घर था, पांव फैलाने लायक, कब्र जितनी जगह थी, 70 से 100 साल पुराना मोहल्ला कालोनी थी। मलिन ही सही। एक बस्ती, बसती थी। फिर हुकूमत बदली। अच्छे दिन आएी लोगों को तालियां बजाकर भजन गाने में लगा दिया गया। इसी बीच गिद्धों के साथ लोमड़ियों और भेड़ियों (नेता, लालफीता कौम व धन्नासेठों) की बैठकें हुईं। फिर न उनको इंसान दिखा, न आशियां दिखा और कुछ ही सालों में 1 लाख 50 हजार बस्तियां जमींदोज कर दी गईं। बेजान बुतों को विशालकाय आशियाना देने के नाम पर। इंसानी बस्तियों को नादिरशाही अंदाज में रौंद कर पार्क बनाने के नाम पर और कहीं किसी पूंजीपति के लिए आलीशान अट्टालिकाएं बनाने के नाम पर। बस्तियां टूटती रहीं, लोग बिलखते रहे, बच्चे अपनी बिखरी किताबों और टूटे स्कूल बैग को समेटते रहे, खाए-पिए-अभागे लोग उल्टा ठीकरा बस्तियों पर ही फोड़ते रहे और गुलाम मीडिया कातिल को ही रहनुमा व मुंसिफ बताता रहा। कुछ ही सालों में 7 लाख 40 हजार लोग खुले आसमां के तले आ गए।

हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क यानी की रिपोर्ट बताती है कि देश में वर्ष, 2022- 2023 के मध्य करीब 1 लाख 50 हजार बस्तियां तोड़ दी गईं। देखते-देखते 7 लाख 40 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। सबसे बड़ी बात तो यह है कि विध्वंस की 95 प्रतिशत यह कार्रवाई गोबर पट्टी राज्यों में हुई। बस एक नोटिस। न कोर्ट, न डेट्स, न जज, न वकील, न तकरीर। एक फरमान। बुल्डोजर और हथियार बंद सिपाही। अंग्रेजी हुकूमत में भी फांसी पर चढ़ने वालों को न्यायालय की दहलीज तक का सफर तय करने का मौका मिलता था, लेकिन उनके मुखबिरों ने यह सुविधा तक छीन ली। अतिक्रमण हटाने व तथाकथित विकास योजनाओं के नाम पर आशियाने उजाड़ दिए गए। लोगों ने रील्स बनाईं। विध्वंस इन्ज्वाय किया। गरीबों के आंसुओं का टियर्स टूरिज्म जैसा आनंद लिया और बात खत्म हुई।

लखनऊ से किस्सागोई करते हैं। एक था अकबर नगर। इसका नाम ही इसका काल बना। वरना जो अकबर नगर बस्ती मुख्य रूप से 1970 से बसनी शुरू हुई थी, उस वक्त लखनऊ विकास प्राधिकरण का गर्भकाल भी आरंभ नहीं हुआ था। लखनऊ विकास प्राधिकरण 1974 में बना और तब तक कुकरैल नदी के किनारे इस तथाकथित अवैध बस्ती का जन्म हो चुका था। बस्ती तथाकथित अवैध थी, लेकिन राशनकार्ड वैध थे। सांसद, विधायक निधि से अंदर बनाई गई नालियां व गलियां वैध थीं। बिजली के कनेक्शन वैध थे। हाऊस टैक्स वैध था और बिजली विभाग के खंभे वैध थे, लेकिन बस्ती अवैध थी। इस बस्ती में ग्रेड थर्ड और ग्रेड-टू के तथाकथित हिन्दुओं की, मुस्लिमों के साथ मिश्रित आबादी थी। आशियाने पर, नाम अकबर भारी पड़ गया और घरों पर पार्क तामीर करवा दिया गया। 1 हजार 800 घर मटियामेट कर दिए गए। लेकिन वहीं पंत नगर बख्श दिया गया। वैसे लोग कहते हैं नाम में क्या रखा है। तोड़ने ही थे आशियाने तो पहले गरीबों का बंदोबस्त कर देते। शहर से दूर ले जाकर कूड़े-कचरे की तरह फेंक दिए गए। कहने को कुछ लाख का आवास दे दिया गया, लेकिन वह भी मुफ्त नहीं। पैसा भरना होगा। बस्ती बसने क्यों दी। किसने बसाई। कौन जिम्मेदार है। बुल्डोजर ने कुछ नहीं देखा। त्वरित न्याय। इसके बाद लखनऊ के सैरपुर पलहरी गांव, मोहन रोड कलिया खेड़ा, अमौसी और काकोरी में विकास का बुलडोजर आया, बिजनौर, सोनई कंजेरा, कल्ली पश्चिम, और भरवारा सहित कई अन्य इलाकों में भी 12 से अधिक अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चल गया। सवाल वही कि इतना ईमानदार प्रशासन ने ऐसे प्लाटों व मकानों की रजिस्ट्री कैसे होने दी गई। राजस्व विभाग हर साल गरीब जनता की करोड़ों की स्टांप ड्यूटी कैसे चबा जाता है? रजिस्ट्री ही न होने पाए ऐसी गलती के लिए आम आदमी क्यों भुगते। खैर एक बड़ा तबका खुश हुआ, जिसे विध्वंस पर, लाशों पर, तबाही पर, नफरत पर, हत्याओं पर। खुश होने के लिए इतने सालों में तैयार किया गया था। लेकिन इस खुश तबके के घर और दुकानें भी अब जद में आ चुकी हैं, क्योंकि गिद्धों को नोचना आता है। अब गिद्धों-लोमडियों-भेड़ियों की तिकड़ी आप के घरों और दुकानों की ओर है। बनारस की दाल मंडी और अयोध्या का सौंदईकरण, मेरठ के बाजार और दिल्ली की बस्तियां। यहीं पर वसीम बरेलवी साहेब का शेर याद आता है-

जलते घर को देखने वालों फूस का छप्पर आपका है

आपके पीछे तेज हवा है आगे मुकद्दर आपका है।

उस के कत्ल पे मैं भी चुप था मेरा नम्बर अब आया।

मेरे कत्ल पे आप भी चुप है अगला नम्बर आपका है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने भी विगत तीन वर्षों में 5,000 से अधिक घर तोड़ डाले और एक विध्वंस की कालिख पर लिखा-अतिक्रमण व अवैध बैनर टांगा-विकास परियोजनाएं। बनारस में मंदिर, सुंदरीकरण व कॉरिडोर निर्माण काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मणिकर्णिका घाट पुनर्विकास के दौरान कई प्राचीन छोटे मंदिर, चबूतरे और रिहायशी इमारतें वैसे ही उड़ा दी गईं जैसे गाजा में इजरायल ने उड़ा दीं हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018-2021 के बीच कॉरिडोर परियोजना के तहत 300 से पुराने मंदिर व घरों के भीतर बने मंदिर तक तोड़ दिए गए। मंदिर छोटे थे इसलिए उनके भीतर बने ईश्वर शायद Below Poverty Line के थे, इसलिए न रोक सके। अब मणिकर्णिका घाट का नंबर लग चुका है और प्रसिद्ध प्राचीन व्यापारिक दाल मंडी टूट रही है। अयोध्या में वर्ष, 2022-2024 के बीच कई पुराने मकानों, दुकानों और छोटे मंदिरों को तहस-नहस कर दिया गया। कभी समय मिले तो आस-पास के दुकानदारों व 100 स्क्वायर फीट के बचे घरों में रहने वालों से मुआवजे का सच पूछिएगा।

वह रो देगा। जो मुआवजा मिला उससे एक कमरा ही बन सकता था। तमाम वीडियो यूट्यूब पर हैं देखिए और अपनी भावना के हिसाब से द्रवित होइए या तालियां बजाइए, यह आपका अपना विवेकाधिकार है। एक रिपोर्टों के अनुसार करीब 4 हजार से अधिक दुकानें और घर नष्ट हुए। अयोध्या में राम पथ यानी नगर चौराहा से सहादतगंज बीच के निर्माण करीब 200 साल पुराने थे। उधर, गिद्धों-लोमड़ियों-भेड़ियों की नजर अब काशी द्वार के नाम पर बनारस के पिंडरा ब्लाक पर पड़ गई है। गिद्ध-लोमडियां-भेड़ियां मिलकर अब करीब 15 गांवों को पूरी तरह से खाली करा रहे हैं। इन गांव के सभी लोगों को हटाकर यहां होटल, रेस्तरां, रिजॉर्ट, विदेशों और देश के अन्य राज्यों से आने वालों के लिए ठहरने के अड्डे बनाए जाएंगे। रखो अपनी खसरा-खतौनी, रजिस्ट्री, पुश्तैनी जमीन। जो जूठन मुआवजे के नाम पर है रखो और चलते बनो। प्रभावित सभी गांव के लोग विगत कई महीनों से तहसील पिंडरा पर प्रदर्शन कर रहे थे पर गिद्ध-लोमडियां व भेड़िए सुनने को तैयार नहीं हैं। दिनांक 6 फरवरी, 2026 को चुनौली गांव में संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले एक सभा आयोजित की गई। लोगों ने खाने की व्यवस्था की लेकिन प्रशासन द्वारा खाने में मिट्टी, राख मिलाकर भोजन खराब कर दिया गया। कुछ गांव वालों के अनुसार जहर डाल दिया गया। ऐसा बताया गया और खबरें आईं। सभा वाले दिन की पूर्व रात्रि को पूरे गांव को पुलिस व सीआरपीएफ ने घेर लिया। चुनौती गांव, छावनी में बदल दिया गया। सुरक्षाबलों ने गांव में घुसकर लोगों के साथ बदतमीजी की, रात में सोए हुए लोगों के दरवाजे जबरिया खुलवाए, गुड़ बनाने वाली भट्टियां तोड़ दी गईं और महिलाओं व पुरुषों के साथ गाली-गलौज हुई। अगले दिन जब लोग सभा में जाने के लिए अपने घरों से निकले तो लाठीचार्ज कर दिया गया। सरकार पूंजीपतियों के लिए जमीन की दलाली पर उतर चुकी है। अभी बनारस में ही रहिए आगे का किस्सा पढ़िए- आईडीएच-कज्जाकपुरा, जिला- बनारस, यहां है नगर निगम का आदमपुर जोन का दफ्तर और यहीं है एक विशाल कूड़ाघर।

विशाल डंपिंग यार्ड। इसी कूड़ेघर के पीछे गन्दगी में सफाई कर्मचारियों की वह बस्ती थी जो शहर को साफ रखती थी। यहां 250 से अधिक हेला यानी दलित समुदाय के यह लोग रहते थे। किसी से कोई शिकायत नहीं। शहर को साफ करते और खुद नर्क में रहते थे। वाराणसी नगर निगम ने खुद इस बस्ती को 2005 में दया के आधार पर बसाया था और अब उसी नगर निगम ने इसे अवैध घोषित कर दिया है। बस्ती पर बेदखली का नोटिस चस्पा कर दिया गया और 17 जनवरी 2025 को बुलडोजर न्याय हो गया। तत्कालीन नगर आयुक्त पुष्पपति सक्सेना जी की मानवीय सोच को निपटा दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि मूलभूत विज्ञानों के इनपुट के बिना इन लक्ष्यों को पाना संभव नहीं है। खाद्य, ऊर्जा, स्वास्थ्य और संचार जैसी बड़ी चुनौतियों का समाधान मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों की बदौलत ही प्राप्त हो सकेगा। यही नहीं मूलभूत विज्ञानों से पृथ्वी पर निवास कर रही लगभग आठ अरब जनसंख्या के विभिन्न अच्छे-बुरे प्रभावों को समझने और किसी-न-किसी तरीके से समाधान खोजने में सहायता मिलेगी।**

# मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका

कोरोना वायरस की सूक्ष्म, गहन और संपूर्ण संरचना को समझने और उससे फैली महामारी का सामना करने के लिए टीका बनाने में मूलभूत यानी बेसिक विज्ञान की अहम भूमिका रही है। महत्वाकांक्षी मानव जीनोम परियोजना को पूरा करने में बुनियादी विज्ञानों का बहुत बड़ा हाथ है। आज हम इंटरनेट पर जिस वर्ल्ड वाइड वेब का उपयोग कर रहे हैं। वह मूलभूत विज्ञान की ही देन है। दरअसल यूरोपीय प्रयोगशाला सर्न में बुनियादी भौतिकी प्रयोगों में वैश्विक सहयोग के दौरान इसका आविष्कार हुआ था। अंतरिक्ष जगत में मिली तमाम छोटी-बड़ी सफलताओं का आधार मूलभूत विज्ञानों में दीर्घकालीन अनुसंधान है। साल 2022 को निर्वहनीय विकास के लिए मूलभूत विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके लिए चुनी गई थीम में जिन मुद्दों को सम्मिलित किया गया है, उनमें अंतर्राष्ट्रीय संवाद और शांति के लिए मूलभूत विज्ञानों की भूमिका, विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाना, नवाचार और आर्थिक विकास, वैश्विक चुनौतियों का समाधान और शिक्षा तथा मानव विकास प्रमुख हैं। वर्ष 2022 इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स और इंटरनेशनल मैथेमेटिकल यूनियन (आएमयू) का शताब्दी वर्ष भी है। अत: IYBSSD के माध्यम से विज्ञान जगत में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विस्तार में एक और नया अध्याय जोड़ने में मदद मिलेगी। संस्था की वेबसाइट में बताया गया है कि कोई भी वैज्ञानिक संस्थान और विश्वविद्यालय IYBSSD-2022 के लिए गतिविधियां भेज सकता है। 2017 में माइकल स्पाइरो ने यूनेस्को द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बोर्ड की बैठक में 2022 को



अंतर्राष्ट्रीय मूलभूत विज्ञान वर्ष के रूप में मनाने का विचार रखा था। उन्होंने बैठक में 2005-2015 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाए गए विज्ञान वर्षों का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर विचार मंथन और समीक्षा का विचार भी रखा था। हम लोग वर्ष 2005 में भौतिकी, 2008 में पृथ्वी ग्रह, 2009 में खगोल विज्ञान, 2011 में रसायन विज्ञान, 2014 में क्रिस्टलोग्रॉफी और वर्ष 2015 में प्रकाश एवं प्रकाश आधारित प्रौद्योगिकी थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वर्ष मना चुके हैं। स्पाइरो ने बैठक में एक अहम विचार यह रखा था कि मूलभूत विज्ञानों के सभी विषयों के वैज्ञानिकों को एक साथ लाने की आवश्यकता है, ताकि वैज्ञानिकों के अनुसंधानों का उपयोग टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्यों को पूरा करने में किया जा सकेगा। स्पाइरो फ्रांस के विख्यात भौतिकीविद हैं और पार्टिकल फिजिक्स की सर्न प्रयोगशाला से जुड़े हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्रसंघ की आम सभा के 76 वें सत्र (2 दिसंबर 2021) में साल 2022 को IYBSSD-2022 के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। घोषणा में कहा गया है कि मूलभूत विज्ञान की चिकित्सा, उद्योग, कृषि, जल संसाधन, ऊर्जा नियोजन, पर्यावरण, संचार और संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान, ये चारों विषय मूलभूत विज्ञान के दायरे में आते हैं, जो प्राकृतिक और ब्रह्मांडीय घटनाओं की व्याख्या और गहन समझ बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इतना ही नहीं, इन्हीं विषयों की बदौलत प्राकृतिक संसाधनों के रूपांतरण में भी मदद मिली है। विज्ञान को मोटे तौर पर मूलभूत और प्रयुक्त विज्ञानों में बांटा गया है। मूलभूत विज्ञान की कोख से ही प्रयुक्त विज्ञान का उद्गम होता है। प्रयुक्त विज्ञान में अनुसंधान से प्रौद्योगिकी और नवाचारों का विस्तार हुआ है। समाज में प्रौद्योगिकी की चकाचौंध, वर्चस्व और विस्तार से मूलभूत विज्ञान की उपेक्षा हुई है। बीते दशकों में विश्वविद्यालयों में मूलभूत विज्ञान में विद्यार्थियों की दिलचस्पी घटी है। विज्ञान संस्थानों में समाज और बाजार की जरूरतों पर आधारित अनुसंधान पर जोर है। विश्व के अधिकांश देशों में सरकारों ने मूलभूत विज्ञानों में शोध-बजट में बढ़ोतरी को आवश्यक नहीं समझा है। इसके कारण हैं। पहला, मूलभूत विज्ञानों का समाज से सीधा सरोकार नहीं है। दूसरा, तत्काल लाभ नहीं मिलता। एक और कारण है कि इसकी बाजार को प्रतिस्पर्धी बनाने में भूमिका दिखाई नहीं देती। IYBSSD-2022 एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब आर्थिक और राजनैतिक नेतृत्व और सभी देशों के नागरिकों को इस बात के लिए राजी करने का प्रयास किया जा रहा है कि पृथ्वी ग्रह का संतुलित, टिकाऊ और समावेशी विकास मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों पर निर्भर है।

**...स्रोत फीचर्स**

# गार्टर सांप दोस्तियां करते हैं

सांपों के बारे में प्राय: माना जाता है कि वे समूह में नहीं रहते वरन अकेले यहां-वहां सरसराते रहते हैं, लेकिन हाल ही में बिहेवियोरल इकॉलॉजी में प्रकाशित अध्ययन इस मान्यता का खंडन करता है और बताता है कि गार्टर सांप Thamnophis butleri समूह बनाते हैं। इस समूह में वे लोग शामिल होते हैं जिनके साथ उनकी मित्रता होती है या जिनका साहचर्य वे पसंद करते हैं। समूह की मुखिया कोई बुजुर्ग मादा होती है जो उस समूह के युवा सांपों का मार्गदर्शन करती है। आम लोगों के अलावा पारिस्थितिकी विज्ञानियों को भी काफी समय तक यही लगता था कि सांप असामाजिक और एकाकी जंतु होते हैं और केवल संभोग और शीतनिद्रा के समय ही साथ आते हैं।

**वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है।**



इसका एक कारण यह हो सकता है कि उन पर अध्ययन ही बहुत कम हुए हैं, क्योंकि वे बिलों में या छिपे हुए रहते हैं और उन्हें ढूंढना मुश्किल होता है, लेकिन वर्ष 2020 में, विल्फिड लॉरियर विश्वविद्यालय के व्यवहार पारिस्थितिकीविद मॉर्गन स्किनर और उनके दल ने प्रयोगशाला अध्ययनों में देखा कि कृत्रिम आवासों में रखे गए गार्टर सांप मित्र बनाते हैं, उनके ऐसे साथी होते हैं जिनका साहचर्य वे अन्य की तुलना में अधिक पसंद करते हैं। इसके पहले 2009 में, कनाडा के ओंटारियो परिवहन मंत्रालय ने गार्टर सांपों की सुरक्षा के लिए एक अध्ययन करवाया था। इसमें वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है। यह भी देखा गया कि मादा सांप नर की तुलना में अधिक मिलनसार होती हैं और सबसे अधिक बुजुर्ग मादा सांप दोस्तों के साथ दिखती हैं। इसके अलावा वे ही समूह की मुखिया भी होती हैं, और समूह के युवा सदस्य उनका अनुसरण करते हैं। यह भी देखा गया कि उम्र बढ़ने के साथ नर सांप अधिक असामाजिक होते जाते हैं। यह भी पता चला है कि सांप समान लिंग और हम-उम्र सांपों के साथ भी मेल-जोल रखते हैं।

यानी यह मेलजोल सिर्फ संभोग के उद्देश्य से नहीं होता। इसके अलावा, नर और मादा दोनों में ही यह देखा गया है कि जो भी सांप अधिक सामाजिक था वह अधिक स्वस्थ थाय लगता है कि दोस्तियां करने से उन्हें फायदा होता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि समूह में होने से शिकारियों से बचा जा सकता है, या भोजन और शीतनिद्रा के लिए अच्छे स्थान ढूंढने में मदद मिल सकती है। या यह भी हो सकता है कि दोस्तों के करीब घूमने से उन्हें गर्माहट मिलती हो। अब तक सांप-समाजों में मादाओं का महत्व उपेक्षित था। माना जाता है कि नर संभोग के लिए मादाओं की तलाश में रहते हैं, लेकिन मादाएं बच्चे पैदा करने के अलावा कुछ नहीं करतीं। अध्ययन इसे स्पष्ट रूप से गलत सिद्ध करता है, और बच्चों और युवा सांपों के मार्गदर्शन और सुरक्षा में मादाओं की भूमिका उजागर करता है। यह अध्ययन यह समझने कि दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है कि प्राकृतिक परिस्थितियों में सांपों का समूह कैसे बनता है। स्किनर का मत है कि यदि पारिस्थितिकीविद अपने पूर्व फील्ड नोट्स या अध्ययनों पर दोबारा गौर करेंगे तो सांपों पर ऐसे और भी अध्ययन संभव हो सकेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**



नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह के दौरान उनके साथ केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल।

## मैक्सवेल का संसद की समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी टॉन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहां वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है। जेल के ही बंद कमरे से वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया।

# शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम पीएम!

## कश्मीर मूल की हैं, अमेरिकी यौन अपराधी एपस्टीन फाइल्स विवाद से पीएम स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

**लंदन।** अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादों के कारण ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। अब उनकी अपनी लेबर पार्टी के एक धड़े ने ही इस्तीफे की मांग कर दी है। हालांकि स्टार्मर अभी पद छोड़ने से इन्कार कर रहे हैं। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है।

कश्मीरी मूल की शबाना महमूद पीओ. के के मीरपुर से हैं। वह ब्रिटेन की गृह मंत्री बनने वाली पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। दरअसल, ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद की वजह से पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ आफ स्टाफ मार्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा है। मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने



■ लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं

यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने भी माना है कि यह नियुक्ति गलत थी। अमेरिका में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ पीटर मंडेलसन। मंडेलसन पर आरोप है कि जेफ्री एपस्टीन को बच्चों के यौन शोषण के मामलों में सजा होने के बाद भी मंडेलसन उसके संपर्क में रहे और उसका समर्थन किया। लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि चुनौती देने वाले उम्मीदवार को पार्टी के संसदीय सदस्यों से कम से कम 20 प्रतिशत का समर्थन हासिल करना जरूरी है। यह नियम 2021 में पार्टी कान्फ्रेंस में बदलाव के बाद लागू हुआ था। पहले यह सीमा सिर्फ 10 प्रतिशत थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है ताकि कोई भी आसानी से लीडरशिप चुनौती न दे सके और पार्टी में स्थिरता बनी रहे। अभी लेबर पार्टी के कुल सांसदों की संख्या लगभग 404-405 के आसपास है, इसलिए किसी भी चुनौती को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम 81 लेबर सांसदों का लिखित समर्थन जुटाना पड़ता है। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच होम मिनिल्टर शबाना महमूद को उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। 45 साल की शबाना महमूद पहले न्याय मंत्री और लार्ड चांसलर रह चुकी हैं। बर्मिंघम में पाकिस्तानी माता-पिता के यहां जन्मी शबाना महमूद ने आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है। वह पेशे से बैरिस्टर हैं। 2010 में रुशानारा अली और यास्मिन कुरैशी के साथ वह ब्रिटेन की पहली महिला मुस्लिम सांसदों में शामिल हुईं। लेबर पार्टी में वे कीर स्टार्मर की करीबी सहयोगी मानी जाती हैं और पार्टी के दक्षिणपंथी (राइट-विंग) गुट से जुड़ी हैं। वे इमिग्रेशन (प्रवासन) नीतियों पर काफी सख्त रवैया रखती हैं और कहती हैं कि ब्रिटेन में रहना एक विशेषाधिकार है। 2010 में संसद पहुंचने के कुछ ही महीनों बाद उन्हें पार्टी की अहम जिम्मेदारी दे दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने कब्जे में लिया वेनेज़ुएला से जुड़ा तेल का टैंकर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सैनिक हिन्द महासागर में वेनेज़ुएला से जुड़े एक तेल टैंकर का रात भर पीछा करने के बाद उस पर चढ़ गए। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को यह जानकारी दी। हेगसेथ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि रात भर, अमेरिकी सैन्य बल ने बिना किसी घटना के, 'मुआयने के अधिकार' के तहत समुद्री अवरोध को अंजाम दिया, एक्विला-2 पर चढ़ाई की। यह (जहाज़) भागा, और हमने उसका पीछा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने वेनेज़ुएला से आने-जाने वाले तेल के टैंकरों पर प्रतिबंध लगाया है और यह टैंकर उस प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहा था।

### जापान में हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत, 604 घायल

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भारी हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत हो गई है और 604 लोग घायल हुए हैं। रूस की संवाद समिति स्पूतनिक के अनुसार, देश की अग्नि एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के आंकड़ों के विश्लेषण में यह जानकारी दी गई है। घायलों में से लगभग एक-तिहाई (193 लोग) गंभीर रूप से घायल हैं। मौतों की सबसे अधिक संख्या निगाटा प्रान्त में दर्ज की गई, जहां 17 लोगों की जान चली गई। जापान में 20 जनवरी से जारी हिमपात की ताजा लहर आठ फरवरी को टोक्यो पहुंची।

### रूस के क्रास्नोडार भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरो-मेडिटेरेनियन भूकंप विज्ञान केंद्र (इएमएससी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार नोवोरोस्सिय्स्क के महापौर आंद्रेई क्रावचेंको ने मंगलवार को कहा कि भूकंप के झटके शहर से 30 किलोमीटर (18.6 मील) दूर महसूस किए गए और इससे शहर की अवसंरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# भारत पर रूस से तेल नहीं खरीदने का दबाव: लावरोव

## कहा: अमेरिका एनर्जी सप्लाई कर कंट्रोल चाहता है, ताकि दुनिया के देश उनसे महंगी गैस खरीदें

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत जैसे देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे रूस से सस्ता तेल न खरीदें। लावरोव ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि दुनिया की ऊर्जा सप्लाई उसके कंट्रोल में रहे और देश मजबूर होकर महंगी अमेरिकी गैस खरीदें। उन्होंने यह बातें 9 फरवरी को डिप्लोमैटिक वर्कर्स डे के मौके पर कहीं। लावरोव ने कहा कि अमेरिका ने डॉलर को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। रूस की विदेश में रखी संपत्तियों को फीज कर दिया गया है और रूस के खिलाफ लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात तो करती है, लेकिन जो प्रतिबंध पहले लगाए गए थे, वे अब भी जारी हैं। रूस के मुताबिक, यूक्रेन पर सहमति बनने के बाद भी अमेरिका नए प्रतिबंध लगाता रहा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्सदेशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं। रूस की तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर रोक लगाई गई है और रूस के व्यापार और निवेश को सीमित करने की कोशिश हो रही है। ये सब गलत और अनुचित तरीके हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अब तेजी से बदल रही है। पहले अमेरिका पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और पैसों के सिस्टम पर हावी था और डॉलर के जरिए अपनी ताकत दिखाता था, लेकिन अब उसकी पकड़ कमजोर हो रही है। वहीं चीन, भारत और ब्राजील जैसे देश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अफ्रीका के देश भी अब सिर्फ कच्चा माल बेचने के बजाय अपने यहां इंडस्ट्री लगाना चाहते हैं। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता पर लावरोव ने कहा कि भारत जिन मुद्दों को आगे बढ़ा रहा है, वे आज की जरूरतों से जुड़े हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, खाने और ऊर्जा की सुरक्षा, तकनीक और एआई जैसे विषय अहम हैं। उन्होंने बताया कि भारत फरवरी में एआई पर एक बड़ी बैठक करने वाला है, जिसमें रूस भी शामिल होगा। रूस का कहना है कि एआई को लेकर नियम ऐसे होने चाहिए, जिनमें हर देश की आजादी बनी रहे और कोई एक देश बाकी देशों पर हुक्म न चलाए। लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश अपनी पुरानी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। ट्रम्प सरकार के आने के बाद यह और साफ हो गया है कि अमेरिका ऊर्जा के क्षेत्र में पूरी दुनिया पर कंट्रोल चाहता है और अपने मुकाबले वालों को रोकने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इन हालात का असर रूस के दूसरे देशों के साथ रिश्तों पर भी पड़ रहा है। रूस पर तरह-तरह की पाबंदियां लगाई जा रही हैं। खुले समुद्र में रूसी जहाजों को रोका जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। कुछ देशों को रूसी तेल और गैस खरीदने पर टैरिफ भी देना पड़ रहा है। लावरोव ने कहा कि रूस के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि देश सुरक्षित रहे और आगे बढ़ता रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरोप में कुछ नेता खुले तौर पर रूस के खिलाफ युद्ध की बात कर रहे हैं। रूस का कहना है कि उसकी सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि यूक्रेन की जमीन से उसे कोई खतरा न हो और क्रीमिया, डोनबास और नोवोरोसिया में रहने वाले रूसी और रूसी भाषा बोलने वाले लोगों की सुरक्षा उसकी जिम्मेदारी है। ब्रिक्स को लेकर लावरोव ने कहा कि इंडोनेशिया के जुड़ने से यह समूह और मजबूत हुआ है। रूस आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और डब्ल्यूटीओ को खत्म नहीं करना चाहता, लेकिन चाहता है कि तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं को इन संस्थानों में उनका सही हक मिले। पश्चिमी देश इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से रूस और ब्रिक्स देश मिलकर नए रास्ते तलाश रहे हैं। इसमें अपनी-अपनी करेंसी में व्यापार करना, नए पेमेंट सिस्टम बनाना, निवेश के नए तरीके और अनाज के लिए अलग बाजार तैयार करना शामिल है। लावरोव ने साफ किया कि इसका मकसद किसी के खिलाफ जाना नहीं है, बल्कि खुद को एकतरफा दबाव से बचाना है।



■ अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्स देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं: लावरोव

### ईरान से जुड़े मुद्दे का शांतिपूर्ण हल जरूरी: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ईरान के आसपास के हालात को शांति से सुलझाया जाना चाहिए क्योंकि ताकत का इस्तेमाल करने से सिर्फ़ समस्याएं बढ़ेंगी। लावरोव ने मॉस्को में वल्दाई अंतर्राष्ट्रीय चर्चा क्लब के मौके पर हुए मध्य पूर्व सम्मेलन में कहा कि हम ईरान से जुड़ी कार्यवाही पर करीब से नज़र रख रहे हैं। हम ओमान सल्तनत की तरफ से की गई मध्यस्थता की कोशिशों का स्वागत करते हैं। बेशक, हम इस समझ से आगे बढ़ रहे हैं कि यहां शांतिपूर्ण समझौता होना चाहिए। ट्रम्प प्रशासन ने पश्चिमी एशिया में एक लड़ाकू विमान कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और कई युद्धपोत तैनात किए हैं। अमेरिका ने ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए मजबूर करने की कोशिश में उसे लगातार चेतावनी भी भेजी हैं। लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के भविष्य को लेकर परेशान और चिंतित है, और वह ईरान एवं खाड़ी के अरब देशों के लिए सहयोग परिषद के बीच रिश्तों को पूरी तरह से सामान्य करने में दिलचस्पी रखता है। उनकी राय में, ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक रिश्तों की बहाली ने इसके लिए ज़रूरी शर्तें तैयार कर दी हैं।

### ईयू-नाटो के बीच एकजुटता की कमजोरी को दर्शाती है ग्रीनलैंड की स्थिति: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ग्रीनलैंड के आसपास की स्थिति से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोपीय संघ (ईयू) के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि की कमजोरी को उजागर हुआ है। रूसी प्रसारक एनटीवी को दिए साक्षात्कार में लावरोव ने कहा कि यूरोप बिखर गया है। ग्रीनलैंड ने दिखाया है कि नाटो और ईयू दोनों के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि कितनी अस्थिर है। मुझे नहीं पता कि यूरोप क्या करेगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि यह द्वीप अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए।

### भारत और चीन ने संबंधों में सकारात्मक गति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति की मंगलवार को यहां समीक्षा की तथा लोगों के बीच संपर्कों को बढ़ाने तथा संवेदनशील मुद्दों पर लचताओं का समाधान करते हुए इन्हें मजबूत बनाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां भारत-चीन रणनीतिक संवाद के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। यह वार्ता विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीन के कार्यकारी विदेश उप मंत्री मा झाओश्यू के बीच हुई। यह बातचीत भारत की अध्यक्षता में आयोजित पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक के इतर हुई। मा झाओश्यू ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। प्रवक्ता के अनुसार दोनों पक्षों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों तथा बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने भी अपनी पोस्ट में कहा कि चीनी मंत्री मा झाओश्यू ने पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लिया। उन्होंने लिखा कि मा झाओश्यू ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च-गुणवत्ता वाले विकास की महत्वपूर्ण अवधारणा तथा शांति, नवाचार, हरित विकास, न्याय और लोगों-से-लोगों के बीच घनिष्ठ संपर्क के लिए प्रतिबद्ध ब्रिक्स के निर्माण से संबंधित पांच सहयोगात्मक रूपरेखाएं प्रस्तुत की हैं। इनसे ब्रिक्स तंत्र के भविष्य के विकास की दिशा तय होती है।

## गाजा में फिर गूंजे हवाई हमले, तीन की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी में युद्धविराम के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इजरायल के ताजा हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों ने मौतों की पुष्टि की है। सीजफायर लागू होने के बावजूद हमले और जवाबी कार्रवाई की घटनाएं जारी हैं।

इससे इलाके में शांति प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े हो गए हैं और हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में हुए हमलों के बाद घायलों और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीन लोगों की मौत की जानकारी दी। इजरायली सेना ने कहा कि उसने रफाह शहर में अपने सैनिकों पर फायरिंग के जवाब में कार्रवाई की। सेना के मुताबिक यह युद्धविराम का उल्लंघन था और जवाब में सटीक निशानों पर हमला किया गया। करीब चार महीने पहले अमेरिका समर्थित युद्धविराम समझौता लागू हुआ था। यह समझौता हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को रोकने के लिए बनाया गया था। इस योजना को मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्तावित 20 सूत्रीय ढांचे पर आगे बढ़ाया गया था। समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की अदला-बदली भी हुई। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर झड़पें और सैन्य कार्रवाई पूरी तरह नहीं रुकी। समझौते के शुरुआती चरण में हमास ने अपने पास मौजूद सभी जीवित बंधकों को रिहा किया।

## बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले हिंदू कारोबारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या की गई। सोमवार की रात यह घटना ऐसे समय में हुई, जब दो दिन बाद ही इस दक्षिण एशियाई देश में आम चुनाव के लिए मतदान होना है। घटना मेमेनसिंह जिले में हुई है। इसी जिले में पहले भी दीपू चंद्र दास नाम के एक हिंदू व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई थी। भीड़ ने उसे जीवित जला दिया था। अभी जिनकी हत्या की गई है, उनकी पहचान सुषेन चंद्र सरकार (62 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह धान के व्यापारी थे और डाकिनकांडा गांव में रहते थे। उनकी दुकान 'भाई भाई एंटरप्राइज' बोगर बाजार के चौराहे पर थी। पुलिस के अनुसार, हत्या रात 11 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने सुषेन चंद्र सरकार पर तेज हथियार से हमला किया।

# अमेरिका ने बांग्लादेश को दी बड़ी राहत

## व्यापार समझौते के तहत टैरिफ घटकर हुआ 19 प्रतिशत, आरएमजी सेक्टर को फायदा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और बंगलादेश के बीच एक पारस्परिक व्यापार समझौता हुआ है, जो बंगलादेशी वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा और कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों पर छूट प्रदान करेगा और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने बताया कि यह समझौता एक ऐसा तंत्र स्थापित करेगा जिसके तहत बंगलादेश के कुछ कपड़ों और परिधान एवं उत्पादों को शून्य पारस्परिक आयात शुल्क प्रदान किया जाएगा।

इसके तहत अमेरिकी मूल की सामग्रियों का उपयोग करके बनाए गए 'कुछ कपड़ा और परिधान उत्पादों के लिए भी छूट' दिया गया है। पात्रा आयात की मात्रा का निर्धारण बंगलादेश द्वारा उपयोग किए गए कपास और मानव निर्मित फाइबर के साथ-साथ अमेरिकी सामग्री के इस्तेमाल के आधार पर किया जाएगा। व्हाइट हाउस के बयान में बताया गया है कि बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 15 वर्षों में लगभग 15 अरब डॉलर ऊर्जा उत्पादों की भी खरीददारी बंगलादेश द्वारा की जाएगी। साथ ही इसमें अमेरिकी विमानों के खरीद का भी उल्लेख किया गया है। यह समझौता 2013 में हस्ताक्षरित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार और निवेश सहयोग मंच समझौते (टीआईसीएफए) पर आधारित है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक-दूसरे के बाजारों तक 'अभूतपूर्व पहुंच' के रूप में वर्णित किया है। अमेरिका और बंगलादेश ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य 'द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को गहरा करना' और दोनों देशों के निर्यातकों के लिए 'बाजार पहुंच का विस्तार करना' है। सौदे के तहत, बंगलादेश, अमेरिकी औद्योगिक और कृषि सामानों के लिए 'महत्वपूर्ण तरजीही बाजार पहुंच' प्रदान करेगा, जिसमें रसायन, चिकित्सा उपकरण, मशीनरी, मोटर वाहन और पुर्जे, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उपकरण, ऊर्जा उत्पाद, सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, गोमांस, पोल्ट्री, ट्री नट्स और फल शामिल हैं। दोनों देशों ने 'द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं' को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें बंगलादेश, अमेरिकी वाहन सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों को स्वीकार करने, चिकित्सा उपकरणों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) प्रमाणपत्रों को मान्यता देने और अमेरिकी पुनर्मानिर्मित वस्तुओं और पुर्जों पर प्रतिबंध हटाने के लिए सहमत हुआ है। बंगलादेश ने 'विश्वसनीय सीमाओं के पार डेटा के मुफ्त हस्तांतरण' की अनुमति देने और विश्व व्यापार संगठन में इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण पर सीमा शुल्क पर स्थाई रोक का समर्थन करने पर भी सहमति जताई है।

■ बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं

# ओमान जाएंगे ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी लारीजानी

## अमेरिका से टकराव के बीच अहम बैठक

**दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में परमाणु समझौते पर पहले दौर पर बैठक बेनतीजा रही। हालांकि दोनों ही देशों ने इस वार्ता को सकारात्मक बताया। आने वाले दिनों में फिर से वार्ता की जाएगी।

इससे पहले ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ओमान की राजधानी मस्कट पहुंच रहे हैं। यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है और ओमान लगातार मध्यस्थता कर रहा है। इस बीच इजरायल ने भी ईरान को खुली चेतावनी दी है कि वह बिना अमेरिकी मदद के भी तेहरान पर हमला कर सकता है। बता दें कि इस हफ्ते इजरायली पीएम नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात करने वाले हैं। इस बीच ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी के ओमान दौरे पर सबकी नजर हैं। दरअसल, ओमान ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत में मध्यस्था की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में ईरान की संसद के पूर्व अध्यक्ष और अब देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी और ओमान के सुल्तान हैथम से मुलाकात करेंगे। राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने वार्ता को अहम बताया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि लारीजानी क्या संदेश लेकर ओमान जा रहे हैं। बता दें कि ईरान और अमेरिका ने पिछले सप्ताह ओमान में परमाणु वार्ता की। रविवार को तेहरान में आयोजित शिखर सम्मेलन में राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने की अपनी शर्त पर अडिग रहेगा। यह मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ विवाद का प्रमुख विषय है। इससे पहले तेहरान में एक प्रेस कान्फ्रेंस में ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने बताया था कि परमाणु वार्ता के अगले दौर की तारीख और स्थान ओमान के साथ विचार-विमर्श के बाद तय होगा।



■ राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे

## ट्रम्प ने अमेरिका-कनाडा पुल के उद्घाटन को रोकने की धमकी दी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले एक पुल के उद्घाटन को तब तक रोकने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमेरिका को 'पूर्ण मुआवजा' नहीं मिल जाता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने पर अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाला 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा कि अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं।

